RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16
मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net
वर्ष 33 ■ अंक 359 ■ मुंबई, रविवार 20 जुलाई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00
संरक्षक : आरएन सिंह



चंपारण से मोदी के चुनावी समर का आगाज

पेज-4



ऊर्जा मंत्री को नहीं करने दिए बांके बिहारी के दर्शन

पेज-6



एशिया कप 2025 पर गहराया संकट, BCCI ने कहा- टीम इंडिया नहीं लेगी हिस्सा

पेज-9



किआरा आडवाणी की बेटी से मिले सलमान खान?

पेज-10

### अमित शाह ने कांग्रेस को दी चेतावनी

## 'हवन में हड्डियां डालना बंद करो, वरना गायब हो जाओगे'

**महानगर नेटवर्क**

**रुद्रपुर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड के रुद्रपुर में आयोजित 'उत्तराखंड निवेश उत्सव' में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य के विकास कार्यों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने कभी कहा था कि छोटे राज्यों का भविष्य उज्ज्वल नहीं होगा, आज वही उत्तराखंड विकास के शिखर पर पहुंच रहा है। शाह ने बताया कि ऑल वेदर रोड परियोजना को मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट तक में बचाया और अब यह लगभग पूरी हो चुकी है, जिससे चारधाम यात्रा सालभर चल सकेगी।



**ऑल वेदर रोड के मुद्दे पर भी दिया बयान**

अमित शाह ने कहा कि जब कुछ एक्टिविस्ट ऑल वेदर रोड प्रोजेक्ट को रोकने की कोशिश कर रहे थे, तब मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपने वकीलों को भेजकर इस परियोजना को रुकने नहीं दिया। नतीजतन यह सड़क परियोजना अब चारधाम तक सफलतापूर्वक पहुंच चुकी है और जल्द ही पूरी तरह चालू हो जाएगी। इससे बारह महीने पर्यटक उत्तराखंड आ सकेंगे।

**कांग्रेस पर अमित शाह का निशाना**

अमित शाह ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा ,'जब उत्तराखंड के लोग राज्य की मांग के लिए संघर्ष कर रहे थे, तब कांग्रेस ने आंदोलनकारियों पर लाठियां चलवाईं। उत्तराखंड का गठन भाजपा और प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था।' उन्होंने कांग्रेस नेताओं को चेतावनी दी- 'जब राज्य का भला हो रहा हो तो उसमें हवन में हड्डियां डालना बंद करो, नहीं तो जो बचे-खुचे दिख रहे हो वो भी गायब हो जाओगे।'

## नाबालिग लड़की को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

**महानगर नेटवर्क**

**भुवनेश्वर**

ओडिशा के पुरी में शनिवार को 15 साल की नाबालिग लड़की को तीन लोगों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। लड़की को गंभीर हालत में AIIMS भुवनेश्वर में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना पुरी जिले के बायाबर गांव में उस वक्त हुई जब पीड़ित लड़की अपने दोस्त के घर जा रही थी। तीन हमलावरों ने उसे रास्ते में रोका और पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना स्थल बालंगा थाने से डेढ़ किलोमीटर दूर घटी। तीनों आरोपी फरार हैं, पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। छात्रा को आग क्यों लगाई, अभी तक इसकी कोई वजह सामने नहीं आई है। इससे पहले, 12 जुलाई को ओडिशा के बालासोर के फकीर मोहन कॉलेज में छात्रा के साथ सेक्शुअल हैरेसमेंट का मामला सामने आया था।

छात्रा ने इससे तंग आकर खुद पर केरोसिन छिड़क लिया था और प्रिंसिपल ऑफिस के बाहर खुद को आग लगा ली थी। 14 जुलाई को इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई थी।



**राज्य में अपराधी बेखौफ हो गए हैं : नवीन पटनायक**

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि इस घटना की मुझे बेहद पीड़ा है। दिनदहाड़े एक बच्ची को जलाने की कोशिश की गई, यह बेहद डरावनी बात है। एक हफ्ते पहले ही एफएम कॉलेज की छात्रा ने न्याय न मिलने पर खुद को आग लगा ली थी। एक महीना पहले गोपालपुर में भी एक भयानक घटना हुई थी।

## सबसे बड़ा बांध बनाने में जुटा चीन, टेंशन में भारत

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत और बांग्लादेश के विरोध के बावजूद चीन ने दक्षिण-पूर्वी तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े बांध का निर्माण शुरू कर दिया है। उसका दावा है कि इससे हर साल 300 अरब किलोवाट बिजली का उत्पादन होगा। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि इस बांध से तिब्बत में बिजली की जरूरतें पूरी होंगी। परियोजना पर कुल 1.2 ट्रिलियन युआन (167 अरब डॉलर, करीब 14 लाख करोड़ रुपये) का निवेश होने की योजना है। विशेषज्ञों के अनुसार, चीन ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर सकता है।

चीन की इस परियोजना का भारत और बांग्लादेश विरोध कर रहे हैं। इसके बावजूद चीन ने इस परियोजना को जोर-शोर से शुरू करने का फैसला किया है। ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने की शुरुआत का एलान खुद चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने किया है। शनिवार को चाइना याजियांग ग्रुप नाम की एक नई कंपनी का भी आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। शिन्हुआ ने बताया कि यह कंपनी तिब्बत के दक्षिण-पूर्व में स्थित निंगची शहर में स्थित पांच जलप्रपात बांधों वाली इस जलविद्युत परियोजना के निर्माण के लिए जिम्मेदार होगी।



**भारत-चीन के बीच बनेगा तनाव का कारण**

तिब्बत में इस नदी को यारलुंग जांगबो नाम से जाना जाता है। परियोजना के लिए इसी पर बांध निर्माण शुरु हुआ है। इसे हिमालय के करीब एक विशाल घाटी में बनाया जाएगा। इसी स्थान से ब्रह्मपुत्र नदी अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश की तरफ मुड़ जाती है। यह बांध चीन और भारत के बीच तनाव का कारण बन सकता है। चीन का दावा है कि निचले इलाकों पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### Short News एक नजर

### 23 जुलाई को ब्रिटेन जाएंगे PM मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 से 26 जुलाई के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय विदेश यात्रा पर रवाना होंगे। पीएम ब्रिटेन और मालदीव का दौरा करेंगे। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत के व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के पहले चरण में 23-24 जुलाई को ब्रिटेन पहुंचेंगे, जहां वे भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर करेंगे। यह समझौता 99% भारतीय निर्यात पर टैरिफ कम करेगा। इससे ब्रिटिश उत्पादों जैसे व्हिस्की और कारों के लिए भारतीय बाजार में पहुंचने की राह आसान होगी।

### एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट का यू-टर्न

**नई दिल्ली।** शनिवार को हैदराबाद से फुकेत के लिए उड़ान भरने वाले विमान को टेक ऑफ के कुछ ही देर बाद वापस लैंड करना पड़ा। अब किस वजह से ऐसा हुआ, आखिर क्या इमरजेंसी रही, इसे लेकर एअर इंडिया एक्सप्रेस ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। लेकिन माना जा रहा है कि किसी कारण की वजह से फ्लाइट को इस तरह से यू टर्न लेना पड़ा। फ्लाइट को लेकर जानकारी मिली है कि यह फ्लाइट 20 मिनट की देरी से सुबह 6.40 हैदराबाद से उड़ान भरी थी। उसे सुबह 11.45 तक फुकेत पहुंचना था। लेकिन उससे पहले ही विमान ने यू टर्न मारा और वो वापस हैदराबाद लैंड हुआ।

### TRF पर प्रतिबंध से बौखलाया पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। इसने जम्मू कश्मीर के



पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी ली थी। अमेरिका के इस ऐलान पर पाकिस्तान ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तान ने लश्कर-ए-तैयबा को निष्क्रिय संगठन करार दिया है। इतना ही नहीं, पाकिस्तान ने पहलगाम हमले में टीआरएफ की भूमिका को भी खारिज किया है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय से जारी बयान के अनुसार, पाकिस्तान आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है; आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग हमारी नीति का आधार है।

### गैंगस्टर चंदन मिश्रा हत्याकांड

## आठ पुलिस वालों पर ऐक्शन

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

पटना में गैंगस्टर चंदन मिश्रा हत्याकांड मामले में आठ पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। लापरवाही बरतने के आरोप में 8 पुलिसवालों को सस्पेंड किया गया है। जिसमें एक दारोगा, दो सिपाही समेत कई पुलिसकर्मी शामिल हैं। ये कार्रवाई पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने की है। बताया जा रहा है कि हत्याकांड के दौरान गश्त में लापरवाही के आरोप में ये एक्शन लिया गया है।

आपको बता दें पारस अस्पताल में घुसकर चंदन मिश्रा पर चार हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं थी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद अपराधी आसानी से अस्पताल से निकल गए थे। जिसके बाद आरोपियों का एक फोटो भी वायरल हुआ था। जिसमें बाइक पर आरोपी हथियार लहराते नजर आए थे। जिसके बाद पटना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए थे।



हालांकि बिहार एसटीएफ और बंगाल पुलिस ने मिलकर शुक्रवार देर रात उन्हें कोलकाता से सटे न्यू टाउन से पांचों आरोपियों को पकड़ लिया। हत्या के बाद भागकर एक फ्लैट में छिपे हुए थे। मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर उन्हें ट्रैस किया गया। चंदन मिश्रा हत्याकांड में कुल 5 आरोपियों को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है, इनमें से 4 शूटर बताए जा रहे हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव नजदीक होने के बीच इस तरह की हत्याएं राज्य का चुनावी माहौल गरम कर चुकी हैं।

## मलेरिया की रोकथाम के लिए आ गई पहली स्वदेशी वैक्सीन

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

मच्छरजनित बीमारियां भारत में हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव बढ़ाती जा रही हैं। विशेषतौर पर मानसून के दिनों में इसका खतरा काफी बढ़ जाता है। डेंगू-मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के कारण बड़ी संख्या में न केवल लोगों को अस्पतालों में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है, बल्कि इसके जानलेवा दुष्प्रभाव भी देखे जाते रहे हैं। इस दिशा में भारतीय वैज्ञानिकों को अब बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। भारत ने मलेरिया की रोकथाम के लिए अपना पहला टीका तैयार कर लिया है। जल्द ही टीके के उत्पादन के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) निजी कंपनियों के साथ समझौता



करने की तैयारी में है। विशेषज्ञों ने उम्मीद जताई है कि इससे न सिर्फ अस्पतालों पर पड़ने वाले दवाब को कम किया जा सकेगा बल्कि रोगियों की जान बचाने में भी मदद मिल सकेगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की नवीनतम विश्व मलेरिया रिपोर्ट के अनुसार, साल 2023 में दुनियाभर में मलेरिया के अनुमानित 263 मिलियन (26.3 करोड़) मामले सामने आए और 5.97 लाख लोगों की मौत हो गई। टीका आने के बाद मौत के जोखिमों को और कम किया जा सकता है।

## आठ मुद्दों पर मोदी सरकार को घेरेगा विपक्ष

**I.N.D.I.A. ब्लॉक की ऑनलाइन मीटिंग**

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली/पटना**

संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले शनिवार को I.N.D.I.A. ब्लॉक की पार्टियों ने ऑनलाइन मीटिंग की। कांग्रेस, डीएमके, राजद, सपा, एनसीपी-एसपी, शिवसेना (यूबीटी), झामुमो, माकपा, भाकपा, भाकपा-माले, फॉरवर्ड ब्लॉक, आईयूएमएल और केरल कांग्रेस समेत 24 पार्टियों ने इसमें हिस्सा लिया। इस दौरान विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने तय किया कि संसद में वे एकजुट रहेंगे और सरकार से तीखे सवाल पूछेंगे। विपक्ष ने तय किया है कि संसद में पहलगाम हमला, ट्रम्प के सीजफायर के दावे, बिहार सर, परिसीमन समेत 8 बड़े मुद्दे उठाएगा।

कांग्रेस ने संसद में जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य बनाने, महिलाओं पर अत्याचार, बेरोजगारी, किसानों की परेशानी, देश की सुरक्षा और अहमदाबाद एयर प्लेन क्रैश जैसे मुद्दे भी रखने की बात कही है।





**क्यों नहीं आएं तृणमूल और AAP**

तृणमूल कांग्रेस 21 जुलाई को 'शहीद दिवस' मना रही है, इसलिए उसके नेता कोलकाता में बिजी थे। वहीं, AAP गुजरात और दूसरे राज्यों में अपने विस्तार अभियान में जुटी है। AAP ने कांग्रेस से कई राज्यों में सीधी लड़ाई का रास्ता चुना है और पार्टी का कहना है कि I.N.D.I.A. गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव तक सीमित था। हालांकि, विपक्षी नेताओं का कहना है कि संसद में विपक्ष एकजुट रहेगा, भले ही कुछ दल बैठक में नहीं आए।

## ट्रंप के चक्कर में घिर गए राहुल गांधी



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान तनाव को लेकर बयान दिया है। इस बयान के बाद फिर से भारत में सियासी भूचाल आ गया है। शुक्रवार रात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सीनेटरों के लिए आयोजित डिनर के दौरान ट्रंप ने दावा किया कि उनके कार्यकाल में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य तनाव के दौरान "पांच लड़ाकू विमान" मार गिराए गए थे। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि ये जेट किस देश के थे। इसके बावजूद कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस बयान को हथियार बनाकर मोदी सरकार पर हमला बोलने की कोशिश की। लेकिन अब उनके ही इस 'वार' को भाजपा 'सेल्फ गोल' बता रही है।

राहुल गांधी ने ट्रंप के इस बयान को लेकर एक वीडियो के साथ X पर पोस्ट किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे सवाल किया। उन्होंने लिखा, "मोदी जी, 5 जहाजों का सच क्या है? देश को जानने का हक है!" राहुल गांधी इससे पहले भी ट्रंप के भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर किए गए दावे पर सरकार को घेर चुके हैं।

**राहुल गांधी का बयान बना भाजपा के लिए 'मौका'**

भाजपा प्रवक्ताओं ने राहुल गांधी पर तुरंत पलटवार किया। भाजपा ने कहा कि "राहुल गांधी को ट्रंप की बातों पर विश्वास है, लेकिन भारतीय सेना और सरकार की आधिकारिक जानकारी पर नहीं!" इस मुद्दे को अब भाजपा ने कांग्रेस की "विदेश नीति पर अपरिपक्वता" और "राष्ट्रविरोधी नैरेटिव के साथ खड़े होने" का नया उदाहरण बता दिया है। BJP आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने X पर लिखा, 'राहुल गांधी की मानसिकता एक देशद्रोही की है। ट्रंप ने अपने बयान में न तो भारत का नाम लिया, न ही यह कहा कि वे पांच जहाज भारत के थे। फिर कांग्रेस के युवराज ने उन्हें भारत के ही क्यों मान लिया? पाकिस्तान के क्यों नहीं माने? क्या उन्हें अपने देश से ज्यादा हमदर्दी पाकिस्तान से है? सच्चाई यह है कि ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान अब तक उबरा नहीं है

## प्रेमी देवर के साथ मिलकर पति की हत्या की



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तम नगर में 36 साल के करन देव की संदिग्ध मौत के मामले में नया खुलासा हुआ है। शुरुआत में इसे करंट लगने से हुई मौत बताया गया था, लेकिन अब सामने आया है कि उसकी पत्नी सुष्मिता और उसका प्रेमी राहुल (जो करन का चचेरा भाई भी है) ने मिलकर उसकी हत्या की।

पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की इंस्टाग्राम चैट से खुलासा हुआ है कि दोनों ने करन की बेहोशी की हालत में करंट देकर हत्या की थी। हालांकि, घर वालों को हादसे में करंट लगने की बात कही थी। 16 जुलाई को मृतक के भाई कुनाल की शिकायत और सबूतों के आधार पर सुष्मिता और राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया है।

## हेलीकॉप्टर-विमान हादसे की आई रिपोर्ट

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



एयरक्राफ्ट एक्सिडेंट इनवेस्टिगेंशन ब्यूरो (AAIB) ने उत्तरकाशी में 8 मई को हेलीकॉप्टर और गुजरात के मेहसाणा में 31 मार्च 2025 को हुए विमान हादसे को लेकर दोनों की प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की है। AAIB की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक बेल 407 हेलीकॉप्टर इमरजेंसी में उतरने की कोशिश कर रहा था। तभी उसका मेन रोटर ऊपर से जा रहे फाइबर केबल से टकरा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर के रोटर केबल से टकराने के कारण यह हादसा हुआ। वहीं गुजरात के मेहसाणा जिले में 31 मार्च 2025 को निजी विमानन अकादमी का एक प्लेन ट्रेनिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में एक महिला पायलट घायल हो गई थी। ब्लू रे एविएशन के सेसना 152 विमान , VT-PBA , के एक्सीडेंट की जांच रिपोर्ट आ गई है। एयरक्राफ्ट एक्सिडेंट इनवेस्टिगेंशन ब्यूरो (AAIB) ने शनिवार को इस दुर्घटना की शुरुआती रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रेनी पायलट सोलो क्रॉस कंट्री उड़ान भर रही थी। उड़ान के दौरान विमान मेहसाणा ATC से संपर्क खो बैठा और एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने घायल पायलट को बचाया और अस्पताल पहुंचाया।

अहमदाबाद विमान हादसे में अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की प्रमुख जेनिफर होमेंडी ने शनिवार को कहा कि बोर्ड एअर इंडिया के विमान हादसे की एएआईबी की जांच का समर्थन करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि इस घटना पर मीडिया रिपोर्ट समय से पहले और अटकलें हैं। 'मीडिया रिपोर्ट अटकलों वाली है, जांच में समय लगता है'

## गैर-हिंदू धर्म का पालन करने के आरोप में चार कर्मचारी सस्पेंड

**त्रिवेंद्रम।** तिरुपति देवस्थानम ने शनिवार को संस्थागत आचार संहिता के उल्लंघन का हवाला देते हुए गैर-हिंदू धर्म का पालन करने के आरोप में चार कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। टीटीडी ने एक्स पर एक बयान में कहा कि ये कर्मचारी कथित तौर पर ईसाई धर्म का पालन कर रहे थे, जो एक हिंदू धार्मिक संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों से अपेक्षित आचार संहिता का उल्लंघन है। निलंबित कर्मचारियों में बी एलिजर, उप कार्यकारी अभियंता (गुणवत्ता नियंत्रण), एस रोजी, स्टाफ नर्स बर्ड अस्पताल, एम प्रेमवती, ग्रेड 1 फार्मासिस्ट बर्ड अस्पताल और डॉ. जी असुंता, एसवी आयुर्वेदिक फार्मेसी शामिल हैं।

## देश को मिलेंगे 'स्मार्ट ड्राइवर'

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

देश में सड़क सुरक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने एक महत्वाकांक्षी योजना के तहत अत्याधुनिक वाहन प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना शुरू कर दी है। इन केंद्रों पर विदेशों की तर्ज पर आधुनिक उपकरणों के माध्यम से नए वाहन चालकों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे देश में सड़क हादसों में कमी लाने की उम्मीद है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की इस पहल के तहत, पहले चरण में 20 ऐसे प्रशिक्षण केंद्रों को मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही 20 अन्य केंद्रों को भी स्वीकृति मिलने की संभावना है।



सरकार की योजना है कि देश के प्रत्येक जिले में कम से कम एक ऐसा केंद्र स्थापित किया जाए।


मंत्रालय द्वारा तैयार की गई कार्य योजना के अनुसार, 2.5 करोड़ की आबादी पर एक अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र (IDTR) का प्रावधान किया गया है, जबकि छोटे शहरों के लिए यह दायरा एक करोड़ रखा गया है।

इसके अलावा, जिला स्तरीय व्यवस्था में एक लाख की आबादी पर भी ऐसा केंद्र स्थापित करने की योजना है। इस दायरे से छोटे शहरों और दूरदराज के इलाकों तक भी इन प्रशिक्षण केंद्रों की पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। यह परियोजना केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्रालय राज्यों की सहायता से चला रहा है। केंद्र सरकार संबंधित राज्य को एक बार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी, जबकि बाकी खर्च संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश को वहन करना होगा। राजस्थान, असम, ओड़ीशा, जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में इन योजनाओं पर काम चल रहा है।

## भारत-EFTA व्यापार समझौते की तारीख तय

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



भारत और यूरोप के चार देशों के समूह यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी।

दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे।इस समझौते के तहत ईएफटीए में शामिल देश अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। साथ ही कई उत्पादों जैसे- स्विस घड़ियां, चॉकलेट, और कट व पॉलिश किए गए हीरे भारत में कम या शून्य शुल्क पर आयात हो सकेंगे।

**भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार स्विट्जरलैंड**

इस समूह में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार स्विट्जरलैंड है। शेष तीन देशों के साथ कम मात्रा में व्यापार होता है। समझौते में भारत अपने 82.7 प्रतिशत टैरिफ लाइनों या उत्पाद श्रेणियों की पेशकश कर रहा है, जो ईएफटीए के 95.3 प्रतिशत निर्यात को कवर करती हैं।

# अभी तक मुंबई में मात्र 35 प्रतिशत हुई बारिश

## पिछले साल की तुलना में 22 प्रतिशत कम, गर्मी से लोग होने लगे हैं परेशान


महानगर संवाददाता

**मुंबई**

इस साल मौसम विभाग ने मई महीने में हुई जोरदार बारिश के बाद मुंबई में मानसून आने की घोषणा हो गई। मानसून आने की घोषणा के बाद लगभग डेढ़ महीने का समय भी बीत गया, लेकिन मुंबई में अभी तक मात्र 35 प्रतिशत बारिश हुई है। यह बारिश पिछले साल की अपेक्षा में 22 प्रतिशत कम हुई है। पिछले साल 19 जुलाई तक 67,68 प्रतिशत हो गई थी,लेकिन इस साल अभी तक मात्र 35 प्रतिशत ही बारिश हुई है। मुंबई वासियों के लिए राहत भरी खबर यही है कि तालाब क्षेत्र में अच्छी बारिश हो रही है,जिससे जलापूर्ति करने वाले तालाब में 80 प्रतिशत से अधिक पानी जमा हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि इस साल मुंबई में 26 मई को भारी बारिश हुई। इसी दिन मौसम विभाग ने मुंबई में मानसून के आने की घोषणा भी कर दी। मानसून के घोषणा होने के बाद 19 जुलाई तक मुंबई में 35 प्रतिशत ही बारिश हो पाई है। जबकि पिछले साल 19 जुलाई तक 67 प्रतिशत बारिश हो चुकी थी। पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण मुंबई में उमस के साथ गर्मी का भी प्रकोप बढ़ गया है।इससे पहले जुलाई महीने में अच्छी बारिश होती थी लेकिन इस साल जुलाई महीने में बारिश ने पूरी तरह से धोखा दे दिया है।जुलाई और अगस्त महीने में ही अब तक 60 से 70 प्रतिशत बारिश होती थी, लेकिन इस साल मई महीने से शुरू हुई बारिश जुलाई महीने के 20 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक मात्र 35 प्रतिशत ही बारिश हुई है।इसके पहले 2007 में जून और जुलाई महीने में सबसे कम 47 प्रतिशत हुई थी। मुंबई में अब तक हुई बारिश में कोलाबा में 35 प्रतिशत और सांताक्रूज में मात्र 34 प्रतिशत बारिश हुई है।मुंबई में पूरे मानसून के दौरान कोलाबा में 2095 मिमी और सांताक्रूज में 2319 मिमी बारिश होती है जबकि अभी तक 733 ,4 मिमी बारिश हुई है और सांताक्रूज में 796,4 मिमी बारिश हो पाई है।





### तालाब में 80 प्रतिशत से अधिक पानी जमा

मुंबई में जलापूर्ति करने वाले दो तालाब है,जिससे मामूली पानी की सप्लाई होती है। दोनों ही तालाब में अब तक मात्र 52 से 53 प्रतिशत पानी जमा हुआ है,जबकि जलापूर्ति करने वाले सभी 7 तालाब में लगभग 80 प्रतिशत पानी जमा हो चुका है। तालाब में 80 प्रतिशत से पानी जमा होने से पानी की समस्या लगभग दूर हो चुकी है।

### बारिश का लेखा जोखा

19 जुलाई 2024 में हुई बारिश
कोलाबा 1417,8मिमी बारिश 67,68 प्रतिशत
सांताक्रूज 1407 ,1 मिमी बारिश। 60 ,68 प्रतिशत
19 जुलाई 2025 में हुई बारिश।
कोलाबा 733,4 मिमी बारिश। 35 ,01 प्रतिशत
सांताक्रूज 796 ,4 मिमी बारिश 34,34 प्रतिशत

# ओला,उबर से जुड़े ड्राइवरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

महानगर संवाददाता

**मुंबई**

मुंबई में टैक्सी और बाइक पर ब्रेक लग गई है। ओला, उबर और रैपिडो से जुड़े हजारों ड्राइवरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इन ड्राइवरों ने 15 जुलाई को अपनी सर्विस बंद की थी। इस विरोध प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य उचित वेतन और बेहतर सुविधाओं की गारंटी सुनिश्चित करना है। हवाई अड्डा क्षेत्र,बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स,अंधेरी और दक्षिण मुंबई सहित प्रमुख क्षेत्रों में ड्राइवरों यह आंदोलन चल रहा है। उनका आरोप है कि एग्रीगेटर कमीशन और ईंधन खर्च को जोड़ने के बाद, उनकी वास्तविक आय कभी-कभी केवल 8 से 12 रुपए प्रति किलोमीटर रह जाती है। ड्राइवरों का कहना है कि ये कमाई टिकाऊ नहीं है, खासकर बढ़ते ईंधन और रखरखाव खर्च के साथ।



### क्या है ड्राइवरों की मांग?

प्रदर्शनकारी ड्राइवरों की मांग है कि ऐप-आधारित कैब का किराया काली-पीली टैक्सियों के बराबर किया जाए। इसके साथ ही बाइक टैक्सियों पर प्रतिबंध और एक मजबूत कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए। सरकार की तरफ से स्पष्ट नीति न बनाए जाने को लेकर भी ड्राइवरों में गुस्सा है। उनका कहना है कि तेल की कीमतें बढ़ने की वजह से उनकी बिल्कुल भी बचत नहीं हो पा रही है। ड्राइवरों ने प्लेटफॉर्म की ओर से दी जाने वाली छूटों पर भी चिंता जताई है, उनका कहना है कि इन छूटों का खर्च अक्सर उनकी कमाई से काट लिया जाता है। वे चाहते हैं कि प्लेटफॉर्म छूट का बोझ ड्राइवरों पर डालने के बजाय उसे वहन करें।

### गाइडलाइन का ऐलान तो हुआ, लेकिन जारी नहीं हुई

एग्रीगेटर सेवाओं पर एक समर्पित नीति की योजना की घोषणा को एक साल से भी ज्यादा समय हो गया है। महाराष्ट्र सरकार ने अभी तक इसे लागू नहीं किया है। किराया संरचना, लाइसेंसिंग मानदंड और प्रवर्तन उपायों की रूपरेखा वाला एक मसौदा तैयार है, लेकिन अभी भी अंतिम मंजूरी का इंतजार है। साफ नियमों के अभाव में ड्राइवर, एप-आधारित प्लेटफॉर्म और यात्रियों के बीच विवाद आम हो गया है। कार्यान्वयन में देरी ने इन मुद्दों के समाधान में सरकार की भूमिका को भी सीमित कर दिया है।

# स्वच्छ शहर में प्रथम स्थान हासिल करने वाली मनपा का गड्ढों में कौन सा स्थान?

**भायंदर।** स्वच्छ शहर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मीरा-भायंदर शहर की सड़कों को देख कर इस शहर का गौरव और भी बढ़ रहा है। मीरा-भायंदर के अधिकतर सड़कों का यही हाल है। वहीं गोल्डन नेस्ट सर्कल से लेकर फाटक तक की दोनों तरफ की सड़कें अपनी दुर्दशा की कहानी बयां कर रहीं हैं। यहां से वाहन चालकों की तो छोड़ो पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मीरा-भायंदर मनपा सड़क मरम्मत के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च करती है,उसके बावजूद यहां की सड़कों का यह हाल है। सवाल यह भी उठता है की जब इतने रुपए खर्च करके सड़कों की मरम्मत की जा रहीं हैं तो फिर इन सड़कों में गड्ढे कहां से बनते हैं। शहर के नागरिक इन में भ्रष्टाचार का आरोप खुले आम लगाते हैं। शिवसेना अल्पसंख्यक प्रमुख सलमान हाशमी ने इस मामले में बताया की यहां की समस्या के लिए हमने मनपा में कई बार शिकायत की है परन्तु मनपा इस समस्या को नजरंदाज कर रहीं हैं। यहां से वाहन चालकों का निकलना काफी मुश्किल हो गया हैं। वहीं यहां पर इन गड्ढों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रहीं हैं। यह सड़क शहर की व्यस्त सड़कों में शामिल हैं। भायंदर (पूर्व) के नागरिक ज्यादातर इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं। बरसात में इस जगह पर पानी भरने से यह समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाती हैं।

# बिना ड्राइवर के अफसरों की गाड़ियां

**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका में 32 ड्राइवरों को क्लर्क के पद पर पदोन्नति दिए जाने से गाड़ियों की व्यवस्था चरमरा गई है। प्रमोशन मिलने के बाद इन ड्राइवरों ने वाहन चलाना बंद कर दिया है और अब वे ऑफिस में लैपटॉप लेकर बैठने लगे हैं। इससे अधिकारियों की गाड़ियां बिना ड्राइवर के खड़ी हैं और कई अफसर सफाई कर्मचारी या अन्य स्टाफ से गाड़ी चलवाने को मजबूर हैं। ठाणे मनपा ने हाल ही में कुल 158 कर्मचारियों को प्रमोशन दिया,जिनमें 103 को वरिष्ठ क्लर्क और उप अधीक्षक के पद मिले हैं। ड्राइवरों की संख्या घटने से बचे हुए चालकों पर काम का बोझ बढ़ गया है और उनमें असंतोष भी साफ झलक रहा है।



### कुछ ड्राइवर नाराज होकर नौकरी छोड़ चुके हैं

बता दें कि प्रमोशन से कुछ ड्राइवर नाराज होकर नौकरी छोड़ चुके हैं। पांच ड्राइवरों ने पहले ही इस्तीफा दे दिया है, जबकि चार और की फाइलें स्थापना विभाग में लंबित हैं। खास बात यह है कि कुछ कर्मचारियों ने मंत्रालय और ग्राम पंचायत के जरिए पदोन्नति के लिए सिफारिशें भी लगवाईं। फिलहाल ठाणे मनपा के पास 166 ड्राइवर हैं, जिनमें से 32 अब क्लर्क बन चुके हैं। इससे अफसरों की रोजमर्रा की आवाजाही पर असर पड़ा है और महानगरपालिका की गाड़ी व्यवस्था अव्यवस्थित हो गई है।

### ठाणे मनपा में ड्राइवर प्रमोशन की स्थिति

कुल ड्राइवर : 166
पदोन्नत होकर क्लर्क बने ड्राइवर : 32
हाल ही में पदोन्नत कर्मचारी : 158
इस्तीफा देने वाले ड्राइवर : 5
लंबित फाइलें : 4

# पुरानी बसों को मिलेगी नई पहचान

## ठाणे की 250 टीएमटी बसों पर लगेगी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

**ठाणे।** राज्य सरकार ने नकली नंबर प्लेट, चोरी के वाहन और गलत पहचान जैसे अपराधों पर लगाम कसने के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (HSRP) अनिवार्य कर दी है। अब 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों पर यह नंबर प्लेट लगाना जरूरी होगा। इस फैसले के तहत ठाणे परिवहन सेवा (टीएमटी) की 2019 से पहले चल रही 250 बसों पर भी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाई जा रही है। बता दें कि टीएमटी के पास कुल 350 बसों का बेड़ा है, जिसमें से 250 बसें पुरानी सीएनजी और डीजल वाली हैं। इनमें से पहले चरण में 25 बसों पर नंबर प्लेट लग चुकी हैं और बाकी बसों पर जल्द ही यह काम पूरा किया जाएगा। यह प्रक्रिया आरटीओ के सहयोग से की जा रही है। उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित काटकर ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 1 लाख 74 हजार 820 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1 लाख 54 हजार 572 वाहन मालिकों को अपॉइंटमेंट दिए जा चुके हैं। इनमें से 1 लाख 4 हजार 707 वाहनों पर सफलतापूर्वक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (HSRP) प्लेट लग चुकी है। सरकारी वाहनों के लिए भी HSRP अनिवार्य की गई है। टीएमटी ने स्पष्ट किया है कि आने वाले समय में उनके बेड़े की सभी बसों पर हाई सिक्योरिटी प्लेट्स लगाई जाएंगी।

# कल्याण में नशे का जाल!

## 22 लाख की एमडी और गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

**कल्याण।** ठाणे पुलिस कमिश्नरेट के कल्याण जोन 3 में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक बड़ी और निर्णायक कार्रवाई की गई। विशेष कार्रवाई पथक और संबंधित पुलिस थानों की संयुक्त टीम ने दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित ड्रग्स जब्त किए हैं। यह कार्रवाई एक ओर जहां पुलिस की सतर्कता को दर्शाती है, वहीं कल्याण क्षेत्र में फैल रहे नशे के जाल पर गंभीर चिंता भी जताती है। बता दें कि 18 जुलाई को शाम फोर्टिस हॉस्पिटल के पास एपीएमसी मार्केट की सड़क पर गश्त कर रही टीम को दो युवक संदिग्ध अवस्था में मिले। तलाशी में उनके पास से 110 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद हुआ, जिसकी बाजार कीमत करीब 22 लाख बताई गई है। आरोपी मोहम्मद कैफ मंसूर शेख और फरदीन आसिफ शेख के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8(ए), 22(ए), 29 के तहत बाजारपेठ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य कार्रवाई में 17 जुलाई को खड़कपाड़ा क्षेत्र में योगीधाम रोड पर साई दर्शन ढाबे के पास रवि शिवाजी गवली नामक आरोपी से 1120 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत 25,000 आंकी गई है। खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(ए), 20(बी) के तहत मामला दर्ज है।



# कांवरियों के लिए शिवसेना ने की सुविधाओं की मांग

कल्याण। पिछले 10 वर्षों से परंपरा बन चुकी डोंबिवली से अंबरनाथ तक की कांवर यात्रा इस वर्ष भी 21 जुलाई और 23 जुलाई को आयोजित की जा रही है। इस धार्मिक यात्रा में पिंपलेश्वर महादेव मंदिर, सागांव (डोंबिवली) से जल भरकर हजारों कांवरिए अंबरनाथ स्थित प्रसिद्ध शिवमंदिर तक पदयात्रा कर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। इस बार भी इस यात्रा में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं सहित लगभग 2500 से अधिक कांवरियों के भाग लेने की संभावना है। इस धार्मिक यात्रा को सुचारु, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से शिवसेना (शिंदे गुट) के उभाविं कल्याण शहर प्रमुख सी.पी. मिश्रा ने कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के आयुक्त अभिनव गोयल से विशेष व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने मांग की कि कांवर यात्रा मार्ग पर सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, महिला कांवरियों की सुविधा के लिए यात्रा मार्ग पर पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध कराए जाएं। सी.पी. मिश्रा ने यह भी कहा कि हर साल यह धार्मिक आयोजन बड़े श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न होता है और इस परंपरा को सफल बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

# वसई-विरार में बढ़ती हिंसा से दहशत

## छह महीनों में 21 हत्याएं और 33 जानलेवा हमले

**नालासोपारा।** वसई-विरार और मीरा-भाईंदर क्षेत्र में हिंसा की घटनाओं में चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है। जनवरी से जून तक के छह महीनों में पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में 21 हत्या के मामले सामने आए हैं, जबकि 33 लोगों पर जानलेवा हमले हुए,लेकिन वे बाल-बाल बच गए। हत्या और हत्या के प्रयासों की ये घटनाएं चौंकाने वाली इसलिए हैं क्योंकि इनमें ज्यादातर मामले नशे, गुस्से, प्रेम संबंध, पैसों के लेनदेन या पुरानी दुश्मनी जैसे कारणों से जुड़े हैं। पुलिस आंकड़ों के मुताबिक जनवरी और फरवरी में 3-3, मार्च में सबसे ज्यादा 7, अप्रैल और जून में 4-4 हत्याएं दर्ज हुईं, जबकि मई में कोई हत्या नहीं हुई। गंभीर अपराधों की बात करें तो हर महीने औसतन 5 से 7 ऐसे मामले सामने आए जिनमें चाकू से हमला, अपहरण या बलात्कार जैसे अपराध शामिल हैं। पुलिस ने सभी हत्या के मामलों को सुलझा लिया है, लेकिन अपराध की वजहों पर गौर करें तो तस्वीर और भी खतरनाक नजर आती है। इन घटनाओं में कई बार वजह इतनी मामूली होती है कि विश्वास करना मुश्किल हो जाता है। दोस्तों के बीच बहस, शराब पार्टी में झगड़ा, वाहन टकरा जाने पर गुस्सा या फिर सिर्फ घूरकर देखने जैसी बातों पर जानलेवा हमले हो रहे हैं। कई मामलों में आरोपी और पीड़ित पहले एक-दूसरे के दोस्त रहे हैं। एक केस में तो बर्थडे पार्टी के दौरान नशे में हुए झगड़े के बाद युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई यह घटना पापड़ी इलाके की है, जहां लोहिया नगर में रहने वाले आकाश पवार की उसके दोस्त मनीष पांडे ने चाकू मारकर हत्या कर दी।



# नशीले पदार्थ के साथ एक महिला गिरफ्तार

**पनवेल।** पनवेल रेलवे स्टेशन पर नाइजीरिया की एक महिला को 36 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पनवेल, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और अपराध खुफिया शाखा (सीआईबी), मुंबई के एक संयुक्त अभियान में इस महिला को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष सूचना पर तीन जांच एजेंसियों ने इस महिला को गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष दल का गठन किया। महिला को पनवेल रेलवे स्टेशन पर एक हैंडबैग में छिपाकर रखे गये नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। महिला की गिरफ्तारी के बाद उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# धामणकर नाका से बीएनएन कॉलेज तक सीमेंट कॉंक्रीटीकरण सड़क निर्माण का शुभारंभ

**भिवंडी।** भिवंडी शहर में वर्षों से लंबित पड़े एक महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य को आखिरकार गति मिल गई है। धामणकर नाका से बी.एन.एन. महाविद्यालय तक के 500 मीटर रखडले हुए रस्ते के कॉंक्रीटीकरण कार्य का शुभारंभ पूर्व नगरसेवक संतोष शेट्टी के हाथों नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक, शैक्षणिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आर.पी.आई.) के शहराध्यक्ष महेंद्र गायकवाड, भाजपा के सरचिटणीस विशाल पाठारे, पद्मश्री अण्णासाहेब जाधव विद्यालय के मुख्याध्यापक सुधीर घागस, चैतन्य क्लासेस के बलराम सर और मनफूल चौधरी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि यह सड़क धामणकर नाका से होते हुए कामतघर ताडाली तक जाती है। तीन वर्ष पूर्व इस पूरी सड़क के कॉंक्रीटीकरण की मंजूरी दी गई थी, जिसमें बी.एन.एन. कॉलेज से व हाल देवी चौक और कामतघर ताडाली तक दो चरणों में कार्य पूरा हो चुका था। लेकिन बी.एन.एन. कॉलेज से धामणकर नाका तक का अंतिम 500 मीटर का हिस्सा दो सालों से अटका हुआ था, जिससे विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय जनता की शिकायतों और विद्यार्थियों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए पूर्व नगरसेवक संतोष शेट्टी ने भिवंडी महानगरपालिका और सार्वजनिक बांधकाम विभाग से लगातार पत्राचार किया। जब संतोषजनक उत्तर नहीं मिला, तो उन्होंने विधान परिषद सदस्य निरंजन डावखरे को इस विषय पर पत्र लिखकर विधान परिषद में मुद्दा उठाने की मांग की।



# शासकीय विश्राम गृह के आए अच्छे दिन

**भायंदर।** काशिमीरा के वर्सोवा स्थित शासकीय विश्राम गृह के भी अब अच्छे दिन आ गए हैं। सालों से बंद इस विश्राम गृह की हालत बहुत ही खराब थी , मनपा की अनदेखी के कारण इस विश्राम गृह की स्थिति काफी खराब हो चुकी थी। यह विश्राम गृह जिस जगह पर स्थित हैं वह जगह ओवला माजिवाडा विधानसभा क्षेत्र में आती हैं। इस विश्राम गृह की खराब हालत को देखते हुए शिवसेना उप शहर प्रमुख रामभुवन शर्मा ने मनपा के बांधकाम विभाग को पत्र देकर इस विश्राम गृह की खराब हालत पर मनपा का ध्यान दिलाया। रामभुवन शर्मा ने अपने पत्र में बताया की यह जगह ठाणे एवं मिरा - भायंदर के मध्य में स्थित हैं। यहां के लोगों को इस क्षेत्र के विधायक एवं परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक से मिलने के लिए मिरारोड या ठाणे जाना पड़ता हैं। अगर इस विश्राम गृह को दुरुस्त कर दिया जाएं तो परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक यहां पर आकर स्थानीय लोगों से मिल सकते हैं।

# किडनी के सौदे के नाम पर ठगे गये 2.95 लाख रुपए

**मुंबई।** सायबर फ्रॉड करने वालों ने किडनी के सौदे के नाम पर मुंबई के एक शख्स को 2.95 लाख रुपये का चूना लगा दिया। महाराष्ट्र के एक निजी फर्म में कार्यरत मुंबई निवासी को किडनी बेचने के लिए एक करोड़ रुपए की पेशकश की गयी और फिर उससे सर्जरी की प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर 2.95 लाख रुपये ठग लिये गये। जानकारी के अनुसार मुंबई निवासी प्रशांत नागवेकर आर्थिक मदद के लिए अपनी किडनी बेचने की फिराक में था। बढ़ते कर्ज के कारण उसे गुजारा करना मुश्किल हो रहा था। इसी चक्कर में उसने ऑनलाइन जानकारी तलाशनी शुरू कर दी तो उसे नई दिल्ली के एक सह्याद्री अस्पताल के बारे में जानकारी मिली कि वहां "किडनी का सौदा होता है।" नागवेकर ने दिए गए नंबर पर कॉल किया और बताया कि वह आर्थिक तंगी में है और अपनी किडनी बेचना चाहता है। कॉल पर मौजूद व्यक्ति ने उन्हें एक किडनी के बदले एक करोड़ रुपए देने का वादा किया। यह मानते हुए कि इससे उनकी सभी आर्थिक समस्याएं हल हो जाएंगी, उन्होंने हामी भर दी।




# मुंबई सेंट्रल/ इंदौर के बीच चलेगी तेजस स्पेशल ट्रेन

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से यात्रा की मांग को ध्यान में रखते हुए मुंबई सेंट्रल और इंदौर स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस स्पेशल ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है।

**ट्रेन संख्या 09085/09086 मुंबई सेंट्रल – इंदौर सुपरफास्ट तेजस स्पेशल [34 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09085 मुंबई सेंट्रल – इंदौर स्पेशल प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को मुंबई सेंट्रल से 23.20 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 13.00 बजे इंदौर पहुंचेगी। यह ट्रेन 23 जुलाई से 29 अगस्त तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09086 इंदौर – मुंबई सेंट्रल स्पेशल प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को इंदौर से 17.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 07.10 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 24 जुलाई से 30 अगस्त तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरिवली, वापी, सूरत, वडोदरा, दाहोद, रतलाम तथा उज्जैन स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09085 एवं 09086 की बुकिंग दिनांक 21.07.2025 से सभी पी.आर.एस. काउंटरों एवं आई.आर.सी.टी.सी. वेबसाइट पर प्रारंभ होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी पांच गणपति स्पेशल ट्रेनें

**मुंबई।** गणपति महोत्सव 2025 के दौरान यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल-ठोकुर, मुंबई सेंट्रल-सावंतवाड़ी रोड, बांद्रा टर्मिनस-रत्नागिरी, वडोदरा-रत्नागिरी और विश्वामित्री-रत्नागिरी स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।



**1. ट्रेन संख्या 09011/09012 मुंबई सेंट्रल-ठोकुर (साप्ताहिक) स्पेशल [4 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09011 मुंबई सेंट्रल-ठोकुर स्पेशल मंगलवार को मुंबई सेंट्रल से 11:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08:50 बजे ठोकुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 26 अगस्त और 2 सितंबर को चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09012 ठोकुर - मुंबई सेंट्रल स्पेशल बुधवार को ठोकुर से 11:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07:15 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 27 अगस्त और 3 सितंबर को चलेगी।

**2. ट्रेन संख्या 09019/09020 मुंबई सेंट्रल–सावंतवाड़ी रोड स्पेशल (सप्ताह में 4 दिन) [20 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09019 मुंबई सेंट्रल – सावंतवाड़ी रोड स्पेशल सप्ताह में 4 दिन रविवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को चलेगी। यह ट्रेन मुंबई सेंट्रल से 11:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 02:30 बजे सावंतवाड़ी रोड पहुंचेगी। यह ट्रेन 22 अगस्त से 7 सितंबर तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09020 सावंतवाड़ी रोड – मुंबई सेंट्रल स्पेशल सप्ताह में 4 दिन यानी रविवार, सोमवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी। यह ट्रेन सावंतवाड़ी से 04:50 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 20:10 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 23 अगस्त से 8 सितंबर तक चलेगी।

**3. ट्रेन संख्या 09015/09016 बांद्रा टर्मिनस – रत्नागिरी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन [6 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09015 बांद्रा टर्मिनस - रत्नागिरी स्पेशल गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 14:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 00:30 बजे रत्नागिरी पहुँचेगी। यह ट्रेन 21 अगस्त से 04 सितंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09016 रत्नागिरी - बांद्रा टर्मिनस स्पेशल शुक्रवार को रत्नागिरी से 01:30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 12:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 22 अगस्त से 5 सितंबर, 2025 तक चलेगी।

**4. ट्रेन संख्या 09114/09113 वडोदरा – रत्नागिरी साप्ताहिक स्पेशल [4 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09114 वडोदरा-रत्नागिरी स्पेशल मंगलवार को वडोदरा से 11:15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 00:30 बजे रत्नागिरी पहुँचेगी। यह ट्रेन 26 अगस्त और 2 सितंबर, 2025 को चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09113 रत्नागिरी-वडोदरा स्पेशल बुधवार को रत्नागिरी से 01:30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 17:30 बजे वडोदरा पहुंचेगी। यह ट्रेन 27 अगस्त और 3 सितंबर, 2025 को चलेगी।

**5. ट्रेन संख्या 09110/09109 विश्वामित्री - रत्नागिरी (द्वि-साप्ताहिक) स्पेशल [10 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09110 विश्वामित्री - रत्नागिरी स्पेशल बुधवार और शनिवार को विश्वामित्री से 10:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 00:30 बजे रत्नागिरी पहुंचेगी। यह ट्रेन 23 अगस्त से 6 सितंबर तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09109 रत्नागिरी - विश्वामित्री स्पेशल रविवार और गुरुवार को रत्नागिरी से 01:30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 17:30 बजे विश्वामित्री पहुंचेगी। यह ट्रेन 24 अगस्त से 7 सितंबर तक चलेगी।


ट्रेन संख्या 09011, 09019, 09015, 09114 एवं 09110 की बुकिंग 23 जुलाई, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC की वेबसाइट पर शुरू होगी। उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेंगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# ऑनलाइन गेम के विज्ञापनों पर लगेगी पाबंदी ?

## सेलेब्रिटी से एड नहीं करने का करेंगे अनुरोध: फडणवीस

महानगर संवाददाता
मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ऑनलाइन गेम के विज्ञापन पर पाबंदी लगाई जा सकती है? इस बारे में पड़ताल की जाएगी। साथ ही सेलेब्रिटी से अपील की जाएगी कि वे इसके विज्ञापन में काम नहीं करें। विधानसभा में इस संबंध में पेश लक्ष्यभेदी सूचना पर हुई चर्चा में मुख्यमंत्री ने यह बात कही। ऑनलाइन गेम को बंद करने के लिए कोई भी कानून फिलहाल अस्तित्व में नहीं है। सदस्यों ने इस बारे में कानून बनाने की मांग की। इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन लॉटरी व ऑनलाइन गेम्स पर विनियमन करने के लिए कानून बनाने के लिए राज्य सरकार की तरफ से केंद्र सरकार को 2 फरवरी को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की वेबसाइट की होस्टिंग नहीं रूकती, तब तक कानून बनाने का कोई फायदा नहीं है।



### शासन नहीं देता कोई अनुमति

भाजपा के वरिष्ठ सदस्य सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि तेलगांना, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश जैसे 4 राज्यों ने अपने-अपने प्रदेश में कानून बनाए हैं। ऐसे में महाराष्ट्र में भी कानून बनाया जा सकता है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेम के लिए शासन की तरफ से किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं दी जाती है। पैसे की भूख और विज्ञापन के चक्कर में युवक वर्ग ऑनलाइन गेमिंग के प्रति आकर्षित होते हैं। ऐसे में ऑनलाइन रमी गेम की लत लगने से उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऑनलाइन गेम की लत में धाराशिव में एक व्यक्ति ने खेती की जमीन और घर बेच दिया। इसके बाद उसने पत्नी और बेटे को जहर देकर हत्या कर दी और खुद आत्महत्या कर ली। इस युवक से 70 लाख रुपए की धोखाधड़ी की बात सामने आई।

### राज्य में 50 साइबर पुलिस स्टेशन

ऑनलाइन गेम की वजह से वर्ष 2021 में नाशिक ग्रामीण में 1 आत्महत्या, 2023 में गोंदिया, 2024 में पिंपरी-चिंचवड में 1, वर्ष 2025 में मुंबई में 1, धाराशिव में 2 हत्या व 1 आत्महत्या के मामले दाखिल किए गए। ऑनलाइन गेम की वजह से आर्थिक धोखाधड़ी के 2024 से मई 2025 तक राज्य में 32 केस दाखिल किए गए और इनमें 68 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि बढ़ते साइबर अपराध पर रोक लगाने के लिए राज्य में कुल 50 साइबर पुलिस स्टेशन बनाए गए हैं। ऑनलाइन जुए पर रोकथाम के लिए महाराष्ट्र साइबर कार्यालय की तरफ से सोशल मीडिया सहित प्रत्यक्ष रूप से साइबर जनजागृति कार्यक्रम चलाकर जनजागृति की जा रही है।

### जानलेवा ऑनलाइन गेम

वर्ष 2021 : नाशिक ग्रामीण में एक आत्महत्या
वर्ष 2023 : गोंदिया में एक आत्महत्या
वर्ष 2024 : पिंपरी-चिंचवड में एक आत्महत्या
वर्ष 2025 : धाराशिव में 2 हत्या, एक आत्महत्या, मुंबई में एक आत्महत्या



# अंधेरी में मैंग्रोव हत्या के खिलाफ तत्काल कार्रवाई

## पर्यावरण मंत्री ने किया जगह का प्रत्यक्ष निरीक्षण

## अवैध भराव करने वालों के खिलाफ होगा मामला दर्ज



**मुंबई।** अंधेर पश्चिम स्थित लोखंडवाला बैंक रोड इलाके में मैंग्रोव वन को काटने के मामले को गंभीरता से लेते हुए पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री पंकजा मुंडे ने घटनास्थल का दौरा किया और अवैध रूप से भराव करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करने और संबंधित स्थान से भराव हटाकर मूल मैंग्रोव को पुनर्स्थापित करने के भी आदेश दिए। विधान परिषद सदस्य अनिल परब की तरफ से पेश लक्ष्यभेदी सूचना पर दिए गए आश्वासन को पूरा करते हुए पंकजा मुंडे ने अधिवेशन समापन के अगले दिन घटनास्थल का दौरा किया। इस मौके पर उनके साथ विधायक अनिल परब,पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव जयश्री भोज, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल (एमपीसीबी) के सदस्य सचिव अविनाश ढाकणे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बफर जोन में बिना किसी अनुमति के बड़ी मात्रा में भराव किया गया था। पंकजा मुंडे ने कहा कि यह नियमों का उल्लंघन है। यह स्थान कुछ वर्ष पहले गैर-विकास क्षेत्र में था। यह विकास क्षेत्र कैसे बन गया? मुंडे ने सीधे तौर पर पूछा और विभाग को आदेश दिया कि वह उन कारणों की विस्तृत जांच करे कि भूमि गैर-विकास क्षेत्र में क्यों है। उन्होंने अवैध भराई के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों के खिलाफ तुरंत मुकदमे दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने भराई हटाकर संबंधित जगहों पर मूल मैंग्रोव वन को फिर से स्थापित करने के भी आदेश दिए। मैंग्रोव वनों को काटकर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायतों को देखते हुए पर्यावरण मंत्री ने अधिकारियों को ऐसे सभी मामलों को एकत्रित करके तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की चीजें रुकनी चाहिए और पर्यावरण की रक्षा के लिए एजेंसियों को तेजी से काम करना चाहिए।

# नारी स्वास्थ्य को मिलेगा बल

## ठाणे में शुरू हुआ 'निरोगी महिला' अभियान

**ठाणे।** महिलाओं में गर्भाशय मुख कैंसर की समय रहते जांच सुनिश्चित करने के लिए ठाणे महानगरपालिका के आरोग्य विभाग को नगरविकास विभाग की ओर से 5 करोड़ रुपए की निधि दी जाएगी, ऐसी घोषणा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को की। ठाणे के लोकमान्य नगर स्थित कोरस आरोग्य केंद्र में 'उपमुख्यमंत्री निरोगी महिला' अभियान का शुभारंभ करते हुए उन्होंने यह बात कही। रोटरी क्लब और आदित्य बिरला कॅपिटल फाउंडेशन के सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत आगामी तीन महीनों में पांच लाख महिलाओं की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इसमें गर्भाशय मुख कैंसर की जांच, 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण, मधुमेह व हिमोग्लोबिन की जांच तथा महिलाओं के लिए आरोग्यदायी जीवनशैली पर संवाद भी शामिल होगा। अभियान के लिए सोनोग्राफी मशीन और मॅमोग्राफी वॅन की व्यवस्था भी की गई है, जिससे विशेषज्ञ डॉक्टरों की मदद से कार्य को अंजाम दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने अपील की कि महिलाएं इस मौके का लाभ उठाकर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी न करें।

# ... तो महाविकास आघाड़ी का क्या औचित्य रह जाएगा

## उद्धव ने MVA की एकता पर उठाया सवाल



**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सवाल उठाया है कि अगर 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा की तरह सीट बंटवारे और उम्मीदवारों के चयन में देरी जैसी गलतियां दोबारा हुईं तो महा विकास आघाड़ी (एमवीए) का क्या औचित्य रह जाएगा। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एमवीए के प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद का उत्साह विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टियों के खुद के जीतने पर केंद्रित व्यक्तिगत अहंकार में बदल गया,जो अंततः उनकी हार का कारण बना। शिवसेना (उबाठा) के मुखपत्र 'सामना' को दिए इंटरव्यू में उद्धव ठाकरे ने इस बात पर अफसोस जताया कि उनकी पार्टी को लोकसभा चुनाव के दौरान अपने एमवीए सहयोगियों को वे सीट देनी पड़ीं, जो उसने पहले कई बार जीती थीं।

### 'जनता के बीच गया गलत संदेश'

उन्होंने कहा, "विधानसभा चुनाव के दौरान सीट बंटवारे पर बातचीत आखिरी क्षण तक चली। (एमवीए सहयोगियों के बीच) इस झगड़े से जनता के बीच हमारे बारे में गलत संदेश गया।" पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनावों के दौरान कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवार तय नहीं किए गए थे।

### 'गलतियों को सुधारना होगा'

उद्धव ने कहा, "यह एक गलती थी जिसे सुधारना होगा। अगर भविष्य में ऐसी गलतियां होती रहीं तो साथ रहने का कोई मतलब नहीं है।" उन्होंने सुझाव दिया कि विधानसभा चुनाव के दौरान रियायतों की घोषणा करने की होड़ से शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस के गठबंधन एमवीए को नुकसान हुआ। ठाकरे ने 'सामना' के कार्यकारी संपादक संजय राउत से कहा कि 'लाडकी बहिन' जैसी भ्रामक योजनाएं थीं, जिनसे चुनावी संभावनाओं पर असर पड़ा। लेकिन उन्होंने कहा कि गलतियों को स्वीकार करने से कतराना ठीक नहीं है। साल 2024 के लोकसभा चुनावों में, एमवीए ने महाराष्ट्र की 48 में से 30 सीट जीती थीं, लेकिन महज पांच महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन महायुति ने एमवीए को करारी शिकस्त दी।

# सीएम के जन्मदिन पर पूरे राज्य में रक्तदान शिविर का आयोजन

## प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने दी जानकारी



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन पर भाजपा की तरफ से पूरे महाराष्ट्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने यह जानकारी दी. चव्हाण ने इस सम्बन्ध में सभी नेताओं और पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है.भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की सभी मंडलों रक्तदान शिविर के आयोजन किए जाएंगे। भाजपा पूरे राज्य में रिकॉर्ड रक्तदान कर मुख्यमंत्री फडणवीस को शुभकामनाएं देगी।चव्हाण ने भाजपा परिवार के सभी लोगों से इस विशाल रक्तदान शिविर में भाग लेने का आह्वान किया है.चव्हाण ने कहा है कि 19 जुलाई तक हर रक्तदाता को फॉर्म भरना है और जिला अध्यक्ष को प्रत्येक मंडल में कम से कम 100 रक्तदाताओं का लक्ष्य पूरा करना है। बता दें कि मुख्यमंत्री फडणवीस ने अपने जन्मदिन को सादगी से मनाने की घोषणा की हैउन्होंने पार्टी के नेताओं,कार्यकर्ताओं के साथ -साथ समर्थकों से अपील की है कि जन्मदिन पर कोई बैनर या पोस्टर नहीं लगाएगा।

# दक्षिण मुंबई के दो पार्किंग स्थलों के लिए मनपा ने निकाला टेंडर

## अवैध वसूली को लेकर बंद कर दिया था पार्किंग

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के ए वॉर्ड में आने वाले कोलाबा,फोर्ट, नरीमन प्वाइंट और कफ परेड परिसर में 10 पे एंड पार्किंग को जनता के लिए फ्री कर दिया था। मनपा ने अब नागिन दास मास्टर लेन और ऐश लेन की पार्किंग ज्यादा दिनों तक वाहन चालकों के लिए फ्री नहीं रखेगी। मनपा ने दोनों पार्किंग के संचालन के लिए निविदा जारी किया है। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि इसके लिए 22.22 लाख रुपए का टेंडर जारी किया है। बता दें कि मई महीने से कोलाबा परिसर में ठेका खत्म होने पर लोगों के




लिए पार्किंग मुफ्त कर दिया था। इसके बावजूद पुराने ठेकेदार द्वारा वाहन चालकों से मनमानी तरीके से पार्किंग शुल्क वसूल रहे थे। स्थानीय नेताओं एवं नागरिकों की शिकायत के बाद मनपा ने मई महीने से सभी 10 पार्किंग को पब्लिक के लिए फ्री कर दिया था। मनपा प्रशासन ने तब कहा था कि यह पार्किंग तब तक के लिए फ्री है जब तक नया ठेकेदार नहीं नियुक्त हो जाता है। मनपा अधिकारियों ने बताया कि जिन पार्किंग स्थलों को फ्री किया हैं उसमें हॉर्निमन सर्कल,जमनालाल बजाज मार्ग, दोराबजी टाटा रोड, इरोस सिनेमा के सामने ट्रैफिक आइलैंड, वालचंद हिराचंद मार्ग,रामजीभाई कमानी मार्ग (पश्चिम की ओर), करीम भोय मार्ग, बदरुद्दीन तैयबजी मार्ग,मुदराना शेट्टी लेन, तामरिंद लेन, वी.एन. रोड, होमजी स्ट्रीट और नागिन दास मास्टर लेन पार्किंग शामिल है।

# नवजात को 70 हजार में बेचा, 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज




महानगर संवाददाता
मुंबई

भंडारा जिले में नवजात बच्चे को बेचने का मामला सामने आया है. भंडारा के साकोली में 15 दिन के बच्चे को 70 हजार रुपए में बेचा गया। इसमें अवैध रूप से दत्तक दिए जाने की बात सामने आई है। चाइल्ड प्रोटेक्शन अधिकारी की शिकायत के बाद 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह मामला 18 जून का बताया जा रहा है।

चाइल्ड प्रोटेक्शन अधिकारी ने दत्तक प्रक्रिया को लेकर लोगों से नियमों का पालन करने की अपील की है।

बच्चे को अब एक अनाथालय में देखभाल के लिए रखा गया है. डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन अधिकारी नितिन कुमार साठवाने ने जानकारी देते हुए बताया, ''जांच पूरी होने के बाद भंडारा जिले के साकोली तालुका के सात निवासियों के खिलाफ साकोली पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई।"

# कांग्रेस ने शुरू किया 'मुंबई विरासत मिलन अभियान'




**मुंबई।** उत्तर भारतीय समुदाय, मुंबई और कांग्रेस पार्टी का गहरा नाता है। मुंबई में आए उत्तर भारतीय समुदाय के लिए कांग्रेस एक बड़ा सहारा रही है। आज भी, जहां कुछ लोग उत्तर भारतीयों के ख़िलाफ़ आग फैला रहे हैं, वहीं कांग्रेस इस समुदाय के साथ मज़बूती से खड़ी है और आने वाले दिनों में उत्तर भारतीय समुदाय को कांग्रेस पार्टी से मज़बूती से जोड़ने का काम किया जाएगा, जिसके लिए 'मुंबई विरासत मिलन' अभियान शुरू किया जा रहा है, ऐसा मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा। उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ द्वारा शुरू किए जा रहे इस अभियान की जानकारी देते हुए वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि यह अभियान मुंबई शहर के विभिन्न इलाकों में कार्यक्रम आयोजित करके उत्तर भारतीय समुदाय के प्रसिद्ध स्थलों, मुंबई में उत्तर भारतीयों के कांग्रेस पार्टी से रिश्ते और इस समझ को विकसित करने में कांग्रेस पार्टी के योगदान की जानकारी सभी तक पहुंचाने के लिए शुरू किया जा रहा है। उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ प्रत्येक जिले में और बाद में प्रत्येक तालुका में कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में संगठन को मजबूत करना है। कांग्रेस पार्टी ने मुंबई में उत्तर भारतीयों को विभिन्न पद दिए हैं। उन्हें नगरसेवक, विधायक, सांसद, मंत्री जैसे पद देकर सम्मानित किया गया है। सांसद वर्षा गायकवाड़ ने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस पार्टी बड़े पैमाने पर आंदोलनों और आंदोलनों के माध्यम से उत्तर भारतीय समाज की प्रमुख समस्याओं, चाहे वह रेलवे हो या फेरीवाले, के लिए काम करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अवनीश तीर्थराज सिंह, मुंबई कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुरेश राजहंस, रत्नेश सिंह, डॉ. सतेंद्र, बब्बू खान, कचरू यादव व निज़ामुद्दीन राइन आदि उपस्थित थे।

# मास्टिक से 48 घंटों में भरे जा रहे गड्ढे

**मुंबई।** लगातार मुंबई में हो रही भारी बारिश के कारण सड़कों पर गड्ढों की संख्या में वृद्धि हुई है। इन गड्ढों की शिकायत करने के लिए मनपा ने 'पॉटहोल क्विकफिक्स' नामक मोबाइल ऐप सेवा शुरू किया है। इस ऐप पर जून महीने से अब तक 40 दिनों में कुल 3,451 गड्ढों की शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3,237 शिकायतों का निपटारा 48 घंटे के भीतर कर दिया गया है। हालांकि, अब भी शहर में 214 गड्ढे बाकी हैं, जिन्हें भरने का काम प्रगति पर है। मनपा प्रशासन सड़कों में होने वाले गड्ढों को भरने का कार्य तेज किया है। यह गड्ढे मास्टिक से भरे जा रहे हैं। जिन गड्ढों को मास्टिक से गड्ढे भरे गए हैं उनमें दोबारा गड्ढे नहीं हुए हैं। मुंबई में होने वाले गड्ढों की शिकायत के लिए मनपा ने वाट्सऐप चैटबोट क्रमांक 8999228999, मनपा हेल्पलाइन नंबर 1916, मनपा वेबसाइट और ट्वीटर का सहारा ले रही है। इन से मिली शिकायतों को वार्ड अभियंताओं को कार्रवाई के लिए भेजा जाता है। जिन्हें शिकायत मिलने के 48 घंटे के भीतर गड्ढों को भरना अनिवार्य है।

# पांच महीने से फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**भिवंडी।** भिवंडी में पांच महीने पहले पुलिस दल पर किए गए हमले के मुख्य आरोपी उमेश गायकवाड़ समेत उसके आठ साथियों को नारपोली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। घटना 17 फरवरी की रात की है, जब वरालदेवी नगर में पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले की जांच के लिए पुलिस उपनिरीक्षक आकाश पवार,



कांस्टेबल सुनील शिंदे और अब्दुल तड़वी एक पुलिस वाहन के साथ मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान आरोपी उमेश गायकवाड़ और उसके 25-30 साथियों ने पुलिस टीम पर गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और पथराव शुरू कर दिया। हमले में पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए और पुलिस वाहन का शीशा भी चकनाचूर कर दिया गया। पटना के बाद पुलिस ने उमेश गायकवाड़ समेत 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इनमें से आठ आरोपी फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर नारपोली पुलिस ने 17 जुलाई की शाम इन सभी को दबोच लिया।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान उमेश गायकवाड़, सचिन साठे, ओम वाघमारे, शुभम परुलेकर, आशीष सरवदे, गौरव उके, परमेश्वर गायकवाड़ और आशीष मिश्रा उर्फ भैया के रूप में हुई है। सभी को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।पु लिस का कहना है कि हिरासत के दौरान आरोपियों से घटना में शामिल अन्य लोगों की जानकारी ली जाएगी और पथराव में इस्तेमाल किए गए हथियारों की बरामदगी भी की जाएगी।

# एक अगस्त से बिना अनुदानित शिक्षकों के खातों में जमा होंगे पैसे

**मुंबई।** बिना अनुदानित शिक्षकों की खाता में आगामी 1 अगस्त से अनुदान के पैसे जमा शुरू हो जाएंगे। स्कूली राज्य मंत्री पंकज भोयर ने विधान परिषद में यह घोषणा की है.भोयर ने बताया कि कैबिनेट ने 1 अगस्त से निजी गैर-सहायता प्राप्त और आंशिक रूप से अनुदान प्राप्त स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के वेतन में सब्सिडी की धनराशि को मंजूरी दे दी है। इस वेतन के लिए सालाना 970 करोड़ 42 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। पंकज भोयर ने बताया कि सरकार ने अक्टूबर 2024 में चरणबद्ध तरीके से स्कूलों को अनुदान प्रदान करने के निर्णय की घोषणा की थी। सरकार के निर्णय के अनुसार, शुरुआत में 20 प्रतिशत अनुदान दिया जाना था। लेकिन इस निर्णय को लागू नहीं किया गया था। स्कूलों को कोई वास्तविक धनराशि वितरित नहीं की गई थी।लेकिन अब सरकार ने बिना अनुदानित स्कूलों के शिक्षकों को अनुदान देने का निर्णय लिया है. बता दें कि शिक्षक समन्वय संघ ने मुंबई के आजाद मैदान में अपनी विभिन्न मांगों लेकर आंदोलन किया था उस समय सरकार के मंत्री ने अनुदान देने का आश्वासन दिया था।

# नकली सामानों का गढ़ बनता भिवंडी

## अमूल बटर के नाम पर जहर परोसने का पर्दाफाश

**भिवंडी।** भिवंडी में नकली उत्पादों के बढ़ते कारोबार ने एक बार फिर शहर को कटघरे में खड़ा कर दिया है। इस बार मामला खाद्य सुरक्षा से जुड़ा है, अमूल जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड के नाम पर नकली बटर बनाकर खुलेआम बेचा जा रहा था। खाद्य व औषध प्रशासन और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इस घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। शांतिनगर पुलिस थाना क्षेत्र के भुसावल कंपाउड इलाके के एक गोदाम पर मारे गए छापे में बड़ी मात्रा में नकली अमूल बटर, रैपर, पैकिंग मशीनें और संदिग्ध केमिकल जब्त किए गए हैं। पहली नजर में यह बटर देखने में असली जैसा प्रतीत होता है, लेकिन इसकी बनावट और गंध से ही इसकी




मिलावटी प्रकृति सामने आ गई। अधिकारियों ने बताया कि यह बटर न सिर्फ मानकों के खिलाफ है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक भी साबित हो सकता था। अधिकारियों के अनुसार, यह गिरोह अमूल के नाम पर नकली बटर तैयार कर रहा था और उसे स्थानीय बाजारों, होटल और रिटेल दुकानों में खपाया जा रहा था। इस नकली बटर में इस्तेमाल किए जा रहे रसायनों की जांच के लिए सैंपल लैब भेज दिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में इसमें खाद्य के अयोग्य तत्व पाए जाने की आशंका जताई जा रही है। इस पूरे मामले में जिशान मुस्ताक मोहम्मद अंसारी (29) और मोहम्मद मुद्दीस अकरम अंसारी शेख (23) के खिलाफ शांतिनगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और अन्य लोगों की तलाश जारी है जो इस नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं।

जांच अधिकारियों का मानना है कि यह सिर्फ एक गोदाम नहीं, बल्कि नकली खाद्य उत्पादों की एक सुनियोजित सप्लाई चेन का हिस्सा हो सकता है। अन्न सुरक्षा अधिकारी श्रीमति शुभांगी जितेन्द्र केणे ने यह शिकायत शांतिनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई है।

# अवैध निर्माणों पर चला मनपा का बुलडोजर

**वसई।** वसई-विरार में अवैध निर्माणों के खिलाफ मनपा (महानगरपालिका) का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को चीचोटी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए मनपा के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने 46 प्लिंथ और दो गालों सहित कुल 11300 वर्ग फुट अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया। इस अभियान से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, चीचोटी के सर्वे नंबर 17 और 18 पर 36 प्लिंथ (8800 वर्ग फुट) को निष्कासित किया गया। इसके अलावा, सर्वे नंबर 55 पर एक गाला (300 वर्ग फुट) और सर्वे नंबर 71 पर एक गाला (200 वर्ग फुट) भी ध्वस्त किया गया। सर्वे नंबर 55 पर ही तीन प्लिंथ (600 वर्ग फुट), सर्वे नंबर 56 पर पांच प्लिंथ (1000 वर्ग फुट) और सर्वे नंबर 59 पर



दो प्लिंथ (400 वर्ग फुट) को भी जेसीबी की मदद से ढहा दिया गया। मनपा अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध निर्माणों को रोकने और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए की जा रही है। भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और किसी भी अवैध निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि अवैध निर्माण करने वालों पर मनपा की कड़ी नजर है।

# रविवार को मध्य रेल पर मेगा ब्लॉक

**मुंबई।** मध्य रेल, मुंबई मंडल पर 20 जुलाई को अपने उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए निम्नानुसार मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा। सीएसएमटी मुंबई और विद्याविहार के बीच सुबह 10.55 बजे से दोपहर 15.55 बजे तक अप और डाउन धीमी लाइन,सीएसएमटी मुंबई से सुबह 10.48 बजे से दोपहर 15.45 बजे तक प्रस्थान करने वाली डाउन सेवाएं सीएसएमटी मुंबई और विद्याविहार स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और भायखला,परेल,दादर,माटुंगा,सायन और कुर्ला स्टेशनों पर रुकेंगी और फिर विद्याविहार स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी। घाटकोपर से सुबह 10.19 बजे से दोपहर 15.52 बजे तक छूटने वाली अप स्लो लाइन सेवाएं विद्याविहार और सीएसएमटी मुंबई स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और कुर्ला, सायन, माटुंगा, दादर, परेल और भायखला स्टेशनों पर रुकेंगी। सीएसएमटी - चूनाभट्टी/बांद्रा डाउन हार्बर लाइन सुबह 11.40 बजे से दोपहर 16.40 बजे तक और चूनाभट्टी/बांद्रा-सीएसएमटी अप हार्बर लाइन सुबह 11.10 बजे से दोपहर 16.10 बजे तक सीएसएमटी से सुबह 11.16 बजे से दोपहर 16.47 बजे तक वाशी/बेलापुर/पनवेल के लिए छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएँ और सीएसएमटी से सुबह 10.48 बजे से दोपहर 16.43 बजे तक बांद्रा/गोरेगांव के लिए छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएँ निलंबित रहेंगी। सुबह 9.53 बजे से दोपहर 15.20 बजे तक पनवेल/बेलापुर/वाशी से सीएसएमटी के लिए छूटने वाली अप हार्बर लाइन की सेवाएँ और सुबह 10.45 बजे से शाम 17.13 बजे तक गोरेगांव/बांद्रा से सीएसएमटी के लिए छूटने वाली अप हार्बर लाइन की सेवाएं निलंबित रहेंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान पनवेल और कुर्ला (प्लेटफ़ॉर्म संख्या 8) के बीच विशेष सेवाएं चलेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान हार्बर लाइन के यात्रियों को सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक मेन लाइन और पश्चिम रेलवे के माध्यम से यात्रा करने की अनुमति है।

ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें ।

# महिलाओं पर अत्याचार

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल में महिलाओं के खिलाफ 'अत्याचार' की घटनाओं को उजागर करते हुए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार पर निशाना साधा। दुर्गापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने टीएमसी का नाम लिए बिना कहा कि एक पार्टी 'माँ, माटी और मानुष' की बात करती है, लेकिन महिलाओं के खिलाफ घटनाएं दर्द और गुस्सा भड़काती हैं।उन्होंने कहाकि जो पार्टी 'मां, माटी और मानुष' की बात करती है - उनके शासन वाले राज्य में बेटियों के साथ जो हो रहा है, उससे गुस्सा और दर्द होता है। पश्चिम बंगाल में बेटियों के लिए अस्पताल भी सुरक्षित नहीं हैं। एक महिला डॉक्टर के खिलाफ अत्याचार के बारे में सभी जानते हैं। दोषियों को दंडित करने के बजाय, टीएमसी सरकार ने उन्हें बचाना शुरू कर दिया। एक महिला के खिलाफ ऐसी ही एक और घटना एक कॉलेज में हुई, जिसका संबंध टीएमसी से है। टीएमसी के प्रमुख नेता और मंत्री दोषियों के बजाय पीड़ितों को ही दोषी ठहराना शुरू कर देते हैं।उन्होंने कहा हमारे लिए बंगाली गौरव सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। लेकिन पश्चिम बंगाल में क्या हो रहा है? टीएमसी ने अपने फायदे के लिए पश्चिम बंगाल की पहचान को खतरे में डाल दिया है। वे घुसपैठ को बढ़ावा दे रहे हैं और घुसपैठियों को फर्जी दस्तावेज हासिल करने में मदद कर रहे हैं। इसके लिए अब एक पूरा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो गया है। यह बंगाली संस्कृति के लिए खतरा है। तुष्टिकरण के लिए टीएमसी ने सारी हदें पार कर दी हैं। पश्चिम बंगाल में, दुर्गा पूजा बड़े पैमाने पर मनाई जाती है, जहाँ महिलाओं को शक्ति और माँ के रूप में पूजा जाता है। इस भूमि में, ममता बनर्जी के रूप में एक महिला मुख्यमंत्री की शक्ति के बावजूद, क्रूर बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिनमें सत्तारूढ़ दल से जुड़ी घटनाएं भी शामिल हैं जो आपको इसके बारे में सोचने पर मजबूर करता है। हमारे कानून में भी कड़े प्रावधानों के बावजूद, समय पर सुनवाई, फैसले और सजा के निष्पादन की धीमी गति अक्सर अपराधियों को लाभ पहुंचाती है। अक्सर, मामलों की जांच में लंबा समय लगता है, न्यायिक प्रक्रिया में वर्षों की देरी होती है, और इस दौरान अपराधी या तो जमानत पर बाहर आ जाता है या उसके पास सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने का अवसर होता है। अपराधी के बचने के लिए कानून में सैकड़ों तरीके हैं। अपराधी इस बात को बेहतर समझते हैं। यही कारण है कि वे लगातार ऐसे गंभीर अपराध करने की हिम्मत करते हैं। फास्ट ट्रैक अदालतों की अवधारणा के बावजूद, ऐसे मामलों में न्याय तक त्वरित पहुंच अभी भी एक बड़ी चुनौती है। आज की दुनिया में, राजनीति और सत्ता का खेल अक्सर महिलाओं की रक्षा करने से ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। संदेशखली इसका जीता-जागता उदाहरण है। राजनीतिक संरक्षण और अपराधियों को सजा देने में देरी के आरोप थे। वोट की राजनीति ने अपराधियों को बेखौफ बना दिया है। महिलाओं की सुरक्षा के प्रति राजनीतिक दलों का अविवेकी रवैया अपराधियों को और बढ़ावा दे रहा है। जब सत्ताधारी दल की ओर से बार-बार ऐसे मामले सामने आते हैं, तो आश्चर्य होता है कि क्या वास्तव में कानून का शासन स्थापित हो गया है। पुरुष अराजकतावादी विचारधारा महिलाओं की सुरक्षा पर हावी है, और आज समाज ने महिलाओं को शिक्षा की स्वतंत्रता और प्रगति का अवसर दिया है; लेकिन क्या आपकी मानसिकता वास्तव में बदल गई है? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भी हम पुरुष अराजकता की गुलामी से पूरी तरह से बाहर नहीं निकल पाए हैंः महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकती हैं और महत्वपूर्ण पदों पर कब्जा कर सकती हैं; लेकिन इसका क्या मतलब है अगर वे सड़क से कार्यस्थल तक हर जगह असुरक्षित हैं? छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न और बलात्कार जैसी घटनाएं हमारी सोच में बड़े विरोधाभासों के प्रमाण हैं। एक तरफ हम महिलाओं को देवी मानते हैं और दूसरी तरफ हम आनंद की वस्तु हैं। दुर्गा माता और ममता दीदी की धरती पर हुए ये अपराध हमें आत्मनिरीक्षण करने के लिए मजबूर करते हैं। ये सिर्फ कानून व्यवस्था की समस्या नहीं है, बल्कि हमारी सामाजिक और नैतिक चेतना का सवाल है। आज हमें न सिर्फ कानूनों को मजबूत करना है बल्कि उनका तेजी से, प्रभावी कार्यान्वयन भी सुनिश्चित करना है। सबसे महत्वपूर्ण बात, हमें पितृसत्तात्मक मानसिकता को बदलना होगा और किसी भी स्थिति में महिलाओं की रक्षा करनी होगी। ऐसे सवालों का संतोषजनक जवाब तब तक नहीं मिलेगा जब तक समाज का हर वर्ग, हर व्यक्ति इस दिशा में काम नहीं करता। हाल के दिनों में पश्चिम बंगाल में बलात्कार के तीन मामले सामने आए। बड़ी घटनाओं ने न केवल कानून और व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए हैं, बल्कि राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक ढांचे पर भी सवाल उठाए हैं, इन मामलों में शामिल कई आरोपी सीधे या तृणमूल कांग्रेस से जुड़ी छात्र राजनीति से बाहर आए हैं। जून 2025 में, एक प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज के छात्र के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया, जिससे पूरे राज्य में आक्रोश फैल गया। कॉलेज के वरिष्ठ छात्र को मोनोजीत मिश्रा ने धोखा दिया और बाद में उसके दोस्तों प्रमित मुखोपाध्याय और जैब अहमद के साथ योजनाबद्ध तरीके से बलात्कार किया। इतना ही नहीं, बल्कि वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। जिसका इस्तेमाल पीड़िता को ब्लैकमेल करने के लिए किया जाता था। जांच में पता चला कि मोनोजीत और प्रमित तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा तृणमूल छात्र परिषद से जुड़े थे और कॉलेज में संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के उनके वीडियो भी सामने आए हैं। आरजी कर मेडिकल अस्पताल में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे एक प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के आरोपी संजय रॉय 2019 में एक नागरिक स्वयंसेवक के रूप में कोलकाता पुलिस में शामिल हुए थे। लेकिन उन्होंने खुद को पुलिस कल्याण सेल में स्थानांतरित करने के लिए 'उचित संबंधों' का इस्तेमाल किया और आर।जी। कर अस्पताल में पोस्टिंग प्राप्त की। जांच से पता चला कि रॉय लंबे समय से अस्पताल परिसर में रह रहे थे। उनके पास महिला वार्ड तक निर्बाध पहुंच थी। यहीं पर उसने एक युवा प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी। इससे न केवल पुलिस की विफलता उजागर हुई, बल्कि यह भी उजागर हुआ कि कैसे एक आदमी राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण में लंबे समय तक अपराध करता रहा। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली इलाके में यौन उत्पीड़न का मामला शक्ति और अपराध के बीच संबंध का सबसे खराब उदाहरण बनकर सामने आया।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*अंतरिक्ष से आ गए, शुक्ला जी श्रीमान*
*मन मयूर नर्तन करें, चहके हिंदुस्तान*
*चहके हिंदुस्तान, उदित नव भानु-भास्कर*
*मगर कुटिल सम्राट, उदित अब चहै आस्कर*
*कह सुरेश कविराय बचाओ ढीठ रीछ से*
*दलित कार्ड खल ढूंढ़ रहा है अंतरिक्ष से*

# चम्पारण से मोदी के चुनावी समर का आगाज

> प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरबी भारत को आगे बढ़ाने के लिए हमें बिहार को विकसित बिहार बनाना है। आज बिहार में इतनी तेजी से काम इसलिए हो रहा है, क्योंकि केंद्र और राज्य में बिहार के लिए काम करने वाली सरकार है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं आपको एक आंकड़ा देता हूं। जब केंद्र में कांग्रेस और आरजेडी की सरकार थी, तो यूपीए के 10 साल में बिहार को सिर्फ दो लाख करोड़ रुपए के आसपास मिले। 10 साल में दो लाख करोड़ के आसपास यानि नीतीश की सरकार से ये लोग बदला ले रहे थे, बिहार से बदला ले रहे थे।

बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गढ़ माने-जाने वाला पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी शहर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए का परचम लहराने का आगाज किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने बिहार दौरे के क्रम में मोतिहारी में 7196 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। जिनमे 5988 करोड़ की रेलवे और 1173 करोड़ की सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं में रेल, सड़क, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से जुड़ी विकास परियोजनाएं है। संपर्क और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री अनेक रेल परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित किया। इसमें समस्तीपुर-बछवाड़ा रेल लाइन के बीच स्वचालित सिग्नलिंग शामिल है जिससे इस खंड पर कुशल रेल संचालन संभव होगा। दरभंगा-थलवाड़ा और समस्तीपुर-रामभद्रपुर रेल लाइनों का दोहरीकरण, 580 करोड़ रुपये से अधिक की दरभंगा-समस्तीपुर दोहरीकरण परियोजना का हिस्सा है और इससे रेल संचालन की क्षमता बढ़ेगी और देरी में कमी आएगी। प्रधानमंत्री ने अनेक रेल परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। रेल परियोजनाओं में पाटलिपुत्र में वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव हेतु बुनियादी ढाँचे का विकास शामिल है। भटनी-छपरा ग्रामीण रेल लाइन (114 किमी) पर स्वचालित सिग्नलिंग से सुव्यवस्थित रेल संचालन संभव होगा। कर्षण प्रणाली के बुनियादी ढाँचे को मज़बूत बनाकर और ऊर्जा दक्षता में सुधार करके भटनी-छपरा ग्रामीण खंड में ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए कर्षण प्रणाली का आधुनिकीकरण किया जाएगा। लगभग 4,080 करोड़ रुपये की लागत वाली दरभंगा-नरकटियागंज रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना से रेल लाइन की क्षमता बढ़ेगी, अधिक यात्री और मालगाड़ियों का संचालन संभव होगा और उत्तर बिहार और देश के बाकी हिस्सों के बीच संपर्क मज़बूत होगा।



क्षेत्र में सड़क बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री एनएच-319 पर 4-लेन के आरा बाईपास की आधारशिला रखेंगे, जो आरा-मोहनिया एनएच-319 और पटना-बक्सर एनएच-922 को जोड़ेगा, जिससे निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और यात्रा का समय बचेगा। प्रधानमंत्री ने 820 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले एनएच-319 के परारिया से मोहनिया तक 4-लेन वाले खंड का भी उद्घाटन किया। यह एनएच-319 का वह हिस्सा है जो आरा शहर को एनएच-02 (स्वर्णिम चतुर्भुज) से जोड़ता है। इससे माल और यात्री यातायात में सुधार होगा। इसके अलावा, एनएच-333सी पर सरवन से चकाई तक पक्की सड़क के साथ 2-लेन का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे माल और लोगों की आवाजाही सुगम होगी और बिहार और झारखंड के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेगा। प्रधानमंत्री ने दरभंगा में नए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) और पटना में एसटीपीआई की अत्याधुनिक इनक्यूबेशन सुविधा का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य आईटी/आईटीईएस/ईएसडीएम उद्योग और स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। ये सुविधाएँ आईटी सॉफ्टवेयर और सेवा निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। यह नवोदित उद्यमियों के लिए तकनीकी स्टार्टअप इको सिस्टम का पोषण भी करेगा और नवाचार, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और उत्पाद विकास को प्रोत्साहित करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र को मज़बूत करने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत मंजूर मत्स्य विकास परियोजनाओं की एक श्रृंखला का उद्घाटन भी किया। यह बिहार के विभिन्न ज़िलों में नए मछली पालन केन्द्र (हैचरी), बायोफ्लोक इकाइयाँ, सजावटी मछली पालन, एकीकृत जलीय कृषि इकाइयाँ और मछली चारा मिलों सहित आधुनिक मत्स्य पालन अवसंरचना का शुभारंभ होगा। जलीय कृषि परियोजनाएँ रोज़गार के अवसर पैदा करने, मत्स्य उत्पादन बढ़ाने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने में मदद करेंगी। भविष्य के लिए तैयार रेलवे नेटवर्क की अपनी कल्पना के अनुरूप, प्रधानमंत्री राजेंद्र नगर टर्मिनल (पटना) से नई दिल्ली, बापूधाम मोतिहारी से दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल), दरभंगा से लखनऊ (गोमती नगर) और मालदा टाउन से लखनऊ (गोमती नगर) के बीच भागलपुर के रास्ते चार नई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाया, जिससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। वहीं प्रधानमंत्री ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत बिहार में लगभग 61,500 स्वयं सहायता समूहों को 400 करोड़ रुपये भी जारी की। महिला-नेतृत्व वाले विकास पर विशेष ध्यान देते हुए, 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री 12,000 लाभार्थियों के गृह प्रवेश के तहत कुछ लाभार्थियों को चाबियाँ भी सौंपा और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 40,000 लाभार्थियों को 160 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरबी भारत को आगे बढ़ाने के लिए हमें बिहार को विकसित बिहार बनाना है। आज बिहार में इतनी तेजी से काम इसलिए हो रहा है, क्योंकि केंद्र और राज्य में बिहार के लिए काम करने वाली सरकार है। बिपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं आपको एक आंकड़ा देता हूं। जब केंद्र में कांग्रेस और आरजेडी की सरकार थी, तो यूपीए के 10 साल में बिहार को सिर्फ दो लाख करोड़ रुपए के आसपास मिले। 10 साल में दो लाख करोड़ के आसपास यानि नीतीश जी की सरकार से ये लोग बदला ले रहे थे, बिहार से बदला ले रहे थे। 2014 में, केंद्र में आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया, केंद्र में आने के बाद मैंने बिहार से बदला लेने वाली इस पुरानी राजनीति को भी समाप्त कर दिया। पिछले 10 साल में, एनडीए के 10 वर्षों में बिहार के विकास के लिए जो राशि दी गई है, वो पहले से कितना गुना ज्यादा है। उसका आंकड़ा अभी हमारे सम्राट चौधरी जी बता रहे थे। इतने लाख करोड़ रूपये दिए गए हैं, यानि कांग्रेस और आरजेडी के मुकाबले कई गुना ज्यादा पैसा बिहार को हमारी सरकार ने दिया है। ये पैसा बिहार में जनकल्याण के काम आ रहा है, ये पैसा विकास परियोजनाओं में काम आ रहा है। आज की पीढ़ी को जानना जरूरी है कि बिहार दो दशक पहले किस तरह हताशा में डूबा हुआ था।

**-कुमार कृष्णन**

# पाक प्रेरित आतंकवाद पर बदलते अमेरिकी-चीनी रूख

दुनिया के थानेदार अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित और भारत के पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगार "द रेसिस्टेंस फ्रंट" (TRF) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करके भारत से हाल ही में बेपटरी होते जा रहे कूटनीतिक सम्बन्धों को संभालने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। इससे जहां पाकिस्तान और चीन को करारा झटका लगा है, वहीं अमेरिका के इस हृदय परिवर्तन से यह स्पष्ट हो चुका है कि दुनिया के दोनों ध्रुवों को एक साथ साधते रहने की कोशिश करने वाले भारत के ताजा कूटनीतिक प्रयासों की जीत हुई है, लेकिन अभी भी पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना बाकी है। बता दें कि टीआरएफ पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा का ही एक चेहरा यानी प्रॉक्सी संगठन है। जब लश्कर और उसके सरगना हाफिज सईद पर कार्रवाई के लिए पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव बढ़ने लगा, तो 2019 में उसने टीआरएफ को प्रॉक्सी के तौर पर खड़ा कर दिया। यह जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ ही नहीं, हथियारों और ड्रग्स की तस्करी में भी शामिल है। सरकार ने 2023 में इस पर बैन लगाया था। उल्लेखनीय है कि टीआरएफ को संसाधन और समर्थन दे रहा लश्कर-ए-तैयबा पहले ही ग्लोबल टेररिस्ट ग्रुप घोषित किया जा चुका है। इसी तरह आतंकी मसूद अजहर के जैश-ए-मोहम्मद पर भी प्रतिबंध लगे हुए हैं। इसके बावजूद, ये दोनों आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। दिखाने के लिए हाफिज सईद को जेल में रखा गया है, लेकिन उसकी गतिविधियां पहले की तरह जारी हैं। यही वजह है कि लश्कर या जैश जैसे



आतंकी संगठन अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद खत्म नहीं हो पा रहे हैं, क्योंकि उन्हें पाकिस्तान की तरफ से निरंतर खुराफाती खुराक मिलती आई है। आलम यह है कि जब इस्लामाबाद पर अमेरिकी दबाव बढ़ता है, तो वह दिखावटी कदम उठा लेता है और आतंकवाद का कोई एक नया चेहरा तैयार कर दिया जाता है। इसलिए टीआरएफ के मामले में अमेरिका को पाकिस्तान के सामने यह मुद्दा उठाना चाहिए कि लश्कर पर बैन होने के बावजूद कैसे उसने एक दूसरा फ्रंट बना लिया?

दरअसल, सीमापार आतंकवाद को लेकर वॉशिंगटन का नजरिया भारत से बिल्कुल अलग दिखता है। तभी तो पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की भी स्पष्ट भूमिका दिखाई देने के बावजूद कुछ ही दिनों बाद डॉनल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में उनकी मेजबानी करते दिखे। इसलिए यदि अमेरिका टीआरएफ पर बैन का कोई सार्थक नतीजा देखना चाहता है, तो उसे पाकिस्तानी सेना पर प्रेशर बनाना चाहिए। कहना न होगा कि पहलगाम आतंकी हमले और पाकिस्तान के बीच कनेक्शन के कई सबूत सामने आए हैं। इसलिए टीआरएफ पर एक्शन का इस्तेमाल भारत को पाकिस्तान की घेरेबंदी करने और वैश्विक मंच पर उसे बेनकाब करवाने में करना चाहिए। सबसे खास बात यह है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को करारा जवाब दिए जाने हेतु शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद चीन के साथ-साथ भारत के चतुर्गुट (कवाड) सहयोगी देश अमेरिका ने भी जब पाकिस्तान की पहले परोक्ष, फिर प्रत्यक्ष तरफदारी की तो भारतीय कूटनीति पर सवाल उठने लगे थे। हालांकि, अमेरिका को पता है कि पाकिस्तान अब उससे ज्यादा चीन के इशारे पर खेलता है। इसी चक्कर में अमेरिका को अफगानिस्तान भी गंवाना पड़ा। यही वजह है कि जैसे वह पाकिस्तान से करीबी दिखाना शुरू किया, भारत ने अमेरिका से दूरी बनानी और नीतिगत परहेज शुरू कर दिया। यही वजह है कि भारत में क्वाड की प्रस्तावित बैठक के शुरू होने से पहले अमेरिका ने भारत की डिमांड पर गौर करना शुरू किया और टीआरएफ को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया। इससे भारत को इस बात की उम्मीद बढ़ी कि अमेरिका से भूल सुधार करवाने में उसकी गुटनिरपेक्ष नीतियां सक्षम हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि टीआरएफ भले ही वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जा चुका है लेकिन भारत का काम अभी अधूरा है। फिर भी भारत ने पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्करे तैयबा के मुखौटा संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित करने के अमेरिका के फैसले का स्वागत किया। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी लेने वाले लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के मुखौटा संगठन टीआरएफ को अमेरिका द्वारा वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करने के अमेरिका के इस फैसले को भारत-अमेरिका के बीच मजबूत आतंकवाद-रोधी सहयोग का प्रमाण बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पाकिस्तान में स्थित लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन को प्रतिबंधित घोषित करने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की विशेष रूप से सराहना की। विदेश मंत्री ने कहा, "लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के मुखौटा संगठन टीआरएफ को वैश्विक आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) घोषित करने के लिए विदेश मंत्री मार्को रूबियो और अमेरिकी विदेश मंत्रालय की सराहना करता हूं। इसने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी।" इससे पहले, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि वह टीआरएफ को प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) की सूची में शामिल कर रहा है।

**-कमलेश पांडेय**

# एनसीईआरटी बच्चों को अब पढ़ाएगा मुगलों का असली इतिहास

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की नई किताब अब मुग़ल तथा इस्लामी आक्रान्ताओं की सच्चाई बताएगी। 'समाज की खोजः भारत और उससे आगे भाग 1' किताब में मुस्लिम आक्रांताओं की क्रूरता को भी बच्चों को पढ़ाया जाएगा। इस किताब में दिल्ली सल्तनत और मुगलों के शासनकाल को एक नए दृष्टिकोण से दिखाया गया है। इस पुस्तक में बाबर को 'क्रूर विजेता', अकबर के शासन को 'क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण' और औरंगजेब को 'मंदिरों व गुरुद्वारों को नष्ट करने वाला' बताया गया है। किताब में सल्तनत काल को लूट, विध्वंस और धार्मिक असहिष्णुता से भरा बताया गया है। जानकारी के अनुसार एनसीइआरटी की यह नई पुस्तक 13वीं से 17वीं शताब्दी के बीच के राजनीतिक घटनाक्रम, विद्रोहों और धार्मिक संघर्षों को केंद्र में रखती है, जिसे अब पहली बार कक्षा 8 में पढ़ाया जा रहा है। इससे पहले इसे 7वीं कक्षा में पढ़ाया जाता था। नई पुस्तक में बताया गया है कि अलाउद्दीन खिलजी के सेनापति मलिक काफूर ने श्रीरंगम, मदुरै, चिदंबरम और संभवतः रामेश्वरम जैसे प्रमुख हिंदू धार्मिक स्थलों पर आक्रमण किए। दिल्ली सल्तनत के दौरान बौद्ध, जैन और हिंदू मंदिरों पर कई बार हमले हुए। किताब के अनुसार, इन हमलों का उद्देश्य केवल लूट नहीं था, बल्कि मूर्तिभंजन यानी धार्मिक प्रतीकों का विनाश भी इसका मुख्य उद्देश्य था। पुस्तक में 'जजिया' कर के बारे में भी बताया गया है। बताया गया है कि कुछ मुस्लिम शासकों द्वारा गैर-मुसलमानों (हिन्दुओं) पर लगाया गया था। किताब के अनुसार, यह कर उनके लिए सार्वजनिक अपमान का कारण भी बन गया। नई किताब के अनुसार, इस कर ने इस्लाम अपनाने के लिए एक प्रकार का वित्तीय और सामाजिक दबाव पैदा किया। कक्षा 7 की पुरानी किताब में जज़िया को भूमि कर के साथ वसूला गया कर बताया गया था, जबकि नई किताब इसे एक स्वतंत्र और अलग कर के रूप में पेश करती है। बाबर की आत्मकथा में उसे एक सुसंस्कृत और बौद्धिक रूप से जिज्ञासु व्यक्ति बताया गया है लेकिन नई किताब में कहा गया है कि वह एक क्रूर विजेता था। किताब में बताया गया है कि उसने कई शहरों में नरसंहार किए, महिलाओं और बच्चों को गुलाम बनाया और लूटे गए शहरों के मारे गए लोगों की खोपड़ियों से मीनारें बनवाने पर गर्व महसूस किया। वहीं पुरानी किताब में बाबर को केवल एक ऐसा शासक बताया गया था जिसे अपने सिंहासन से हटने के बाद काबुल और फिर दिल्ली और आगरा पर कब्ज़ा करने का अवसर मिला। अकबर को एनसीईआरटी की नई किताब में एक ऐसा शासक बताया गया है जिसमें सहिष्णुता और क्रूरता दोनों के तत्व थे। नई किताब बताती है कि जब उसने चित्तौड़गढ़ के किले पर आक्रमण किया तो लगभग 30,000 नागरिकों के नरसंहार का आदेश दिया। किताब के अनुसार, अपनी जीत की घोषणा करते हुए उसने कहा कि उसने काफिरों के किलों और कस्बों पर कब्जा कर इस्लाम की स्थापना की और तलवार के बल पर मंदिरों को नष्ट कर काफिरों के प्रभाव को मिटा दिया।

**-रामस्वरूप रावतसरे**

आज का कार्टून




साभार

# क्या सचमुच समृद्धि लाएगी प्राकृतिक खेती

भारत की खेती सदियों से प्रकृति पर आधारित रही है गोबर, नीम, धूप, हवा और पानी लेकिन हरित क्रांति के बाद रसायनों का उपयोग खेती का मूल हिस्सा बन गया। यह बदलाव अनाज की पैदावार तो बढ़ा दिया लेकिन भूमि की उर्वरता, जल स्रोतों की शुद्धता और मानव स्वास्थ्य की कीमत पर। अब एक बार फिर देश का किसान रसायन मुक्त खेती की ओर लौट रहा है। यह सिर्फ एक 'विकल्प' नहीं बल्कि कृषि का भविष्य बनता जा रहा है। रसायन मुक्त खेती का मतलब है उर्वरकों, कीटनाशकों और हर्बीसाइड्स जैसे रासायनिक इनपुट्स के बिना खेती करना। इसमें जैविक खाद (गोबर, वर्मी कम्पोस्ट), जैविक कीटनाशक (नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्नास्त्र), फसल चक्र, मिश्रित फसल प्रणाली, जीवामृत, बीजामृत आदि का प्रयोग किया जाता है। रसायन मुक्त खेती में जैविक खादों के उपयोग से मिट्टी में सूक्ष्म जीवों की संख्या बढ़ती है जिससे मिट्टी की संरचना बेहतर होती है। नेशनल सेंटर फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग के अनुसार, मिट्टी की जैविक संरचना में 40% सुधार पाया गया वहां, जहां लगातार 3 वर्ष तक जैविक तरीके अपनाए गए। रासायनिक खाद और कीटनाशक साल दर साल महंगे होते जा रहे हैं। एफएओ की रिपोर्ट (2022) के अनुसार, भारत में रासायनिक उर्वरकों पर किसान औसतन 6000-8000 रुपए प्रति एकड़ खर्च करता है। रसायन मुक्त खेती में यह लागत घटकर 2000-3000 रुपए तक रह जाती है। जैविक या केमिकल-फ्री उपज की मांग शहरी भारत और विदेशों में तेजी से बढ़ी है। भारत जैविक उत्पादों का 7000 करोड़ (2023) का निर्यात कर चुका है। आईसीएआर की रिपोर्ट के अनुसार, रसायन मुक्त उत्पाद सामान्य उत्पादों की तुलना में 20% अधिक मूल्य प्राप्त करते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन, हैदराबाद के अनुसार लगातार रसायनों के उपयोग से किसानों में कैंसर, त्वचा रोग, नपुंसकता और आंखों की बीमारियां तेजी से बढ़ीं। रसायन मुक्त खेती इन जोखिमों को कम करती है। रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक नदियों, झीलों और भूमिगत जल को प्रदूषित करते हैं। इंडियन काउंसिल फॉर एनवायरनमेंटल हेल्थ की रिपोर्ट के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा के क्षेत्रों में 80% से अधिक जल स्रोत नाइट्रेट से प्रदूषित पाए गए। रसायन मुक्त खेती जल स्रोतों को संरक्षित रखने में सहायक होती है। रसायन मुक्त खेती अपनाने के शुरुआती 2-3 वर्षों में उत्पादन में 10-25% तक की गिरावट आती है। खासकर गेहूं, चावल जैसी प्रमुख फसलों में। यही कारण है कि गरीब किसान इसे अपनाने में हिचकते हैं। अधिकांश किसानों के पास जैविक प्रमाणन नहीं होता, जिससे उनके उत्पाद को उचित मूल्य नहीं मिल पाता। बड़ी कंपनियां 'ऑर्गेनिक' टैग के लिए मान्यता प्राप्त फॉर्म से ही उपज खरीदती हैं। बहुत से किसानों को यह जानकारी नहीं होती कि जीवामृत कैसे बनाएं, मिश्रित फसल कैसे लगाएं, प्राकृतिक कीटनाशक कैसे बनाएं। इसकी वजह से वे गलत तकनीक अपनाकर असफल हो जाते हैं। भले ही कुछ राज्यों (जैसे सिक्किम, आंध्रप्रदेश, ओडिशा) ने इसे बढ़ावा दिया हो, परंतु पूरे भारत में रसायन मुक्त खेती के लिए कोई व्यापक नीति या सब्सिडी योजना नहीं है। इसके विपरीत रसायनिक खादों पर भारी सब्सिडी दी जाती है। भारत में लगभग 43 लाख हेक्टेयर भूमि जैविक प्रमाणित है सिक्किम भारत का पहला पूर्ण जैविक राज्य बन चुका है। आंध्रप्रदेश का जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग मॉडल तेजी से फैल रहा है, जिससे 50 लाख से अधिक किसान जुड़ चुके हैं। कर्नाटक और महाराष्ट्र में भी सैकड़ों गांवों को जैविक गांव घोषित किया गया है। सरकार को उर्वरक सब्सिडी के एक हिस्से को रसायन मुक्त खेती के प्रोत्साहन में लगाना चाहिए। इसके अलावा हर जिले में जैविक उत्पादों के लिए अलग मंडियां स्थापित की जाएं। कृषि विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे स्थानीय परंपराओं और जलवायु आधारित मॉडल विकसित करें। आधुनिक तकनीक, डिजिटल मार्केटिंग और स्टार्टअप्स के जरिए जैविक उत्पाद को वैश्विक मंच तक पहुंचाया जा सकता है। रसायन मुक्त खेती भारत के किसानों के लिए एक स्थायी, लाभकारी और सामाजिक रूप से सुरक्षित मार्ग है। यह न केवल लागत घटाती है, बल्कि किसानों को उपभोक्ताओं से सीधे जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है।

**-सचिन त्रिपाठी**

# एक ही परिवार के 5 लोगों ने खाया जहर, 4 की मौत

## पांच लाख का कर्ज था



महानगर नेटवर्क
नालंदा

नालंदा जिले के पावापुरी में शुक्रवार को एक ही परिवार के 5 सदस्यों ने जहर खा लिया। जानकारी के मुताबिक इनमें से चार लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। वहीं, एक की हालत नाजुक है। पावापुरी के भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि 5 लाख के कर्ज में परिवार डूबा था, जिसके चलते ये कदम उठाया। पीड़ित परिवार शहर के जलमंदिर के पास किराये के मकान में रह रहा था।

जहर खाने वालों में पति, पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां शामिल हैं। इनमें से पत्नी और तीनों बच्चों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि शेखपुरा जिला के पुरनकामा का रहने वाला परिवार पावापुरी जलमंदिर के पास पिछले छह माह से किराये के मकान में रह रहा था और कपड़े का कारोबार करता था।

शुक्रवार की शाम में परिवार के पांच सदस्यों ने जहर खा लिया। इसकी जानकारी आसपास के लोगों को मिली तो पुलिस को सूचना दी गई। आनन-फानन में पावापुरी बिमिम्स में भर्ती कराया गया। जहर खाने वालों में पत्नी रीता देवी (40 वर्ष), पति धर्मेंद्र कुमार (43 वर्ष), बेटा भोला कुमार (15 वर्ष), बेटी एरिया राज (17 वर्ष) व सोनी कुमारी (16 वर्ष) शामिल हैं। जबकि, बेटा शिवम कुमार उर्फ भोला कुमार (11 वर्ष) ने जहर नहीं खाया। पुलिस उसे थाने ले गयी है और पूछताछ कर रही है। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार और इंस्पेक्टर मनीष भरद्वाज दलबल के साथ पावापुरी पहुंचे। मामले की जांच में जुटे हैं। हालांकि, किन कारणों से परिवार के सदस्यों ने जहर खाया है, इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है। पुलिस भी कुछ स्पष्ट बता नहीं पा रही है।

# पटना में बढ़ा गंगा का जलस्तर, SDRF-NDRF टीमें तैनात

महानगर नेटवर्क
पटना

पटना में गंगा नदी का जलस्तर लगातार तेजी से बढ़ रहा है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा गहराने लगा है। नदी किनारे के कई इलाकों में पानी पहुंचने की आशंका बनी हुई है, जिससे प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर आ गया है।





गांधी घाट, दीघा घाट, दानापुर और मनेर जैसे प्रमुख घाटों पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है या फिर उसके बहुत करीब पहुँच चुका है। गांधी घाट पर तो जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर रिकॉर्ड किया गया है,जबकि दीघा और दानापुर जैसे अन्य घाटों पर भी हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह सतर्क हो चुका है। जल स्तर की लगातार निगरानी की जा रही है। निचले इलाकों में स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

**पटना जिले में 119 ऊंचे स्थानों की पहचान**

बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए पटना जिले में 119 ऐसे ऊंचे स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां आवश्यकता पड़ने पर राहत शिविर, सामुदायिक रसोई केंद्र या अन्य आपदा राहत सेवाएं चलाई जा सकती है।

### सीएम ने किया निरीक्षण

पटना के कई इलाकों में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। कुछ घाटों पर गंगा नदी खतरे के निशान को पार कर गई है तो कुछ खतरे के लाल निशान के आस-पास ही है,जिसके कारण बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निरीक्षण करने पहुंचे। सीएम नीतीश ने जेपी गंगा पथ पर जाकर गंगा नदी का जायजा लिया। इसके बाद वे तमाम अधिकारियों के साथ गंगा घाट पर भी पहुंचे, जहां, उन्होंने बाढ़ से निपटने के लिए तैयारियों को लेकर अधिकारियों से बातचीत कर पूरी जानकारी ली। नीतीश ने अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि, खतरे की किसी भी आशंका को दूर रखने के लिए सभी तैयारियां दुरुस्त रखी जाएं और जरूरत पड़ने पर राहत और बचाव कार्यों को तुरंत शुरू किया जाए। इस तरह सीएम नीतीश पूरी तरह एक्शन में दिखें. बता दें कि, पटना में गांधी घाट, दीघा घाट, हथिदह, मनेर और दानापुर जैसी जगहों के घाटों पर लगातार बढ़ रहे पानी के जलस्तर के कारण बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है. जिला प्रशासन इसे लेकर पूरी तरह अलर्ट है और तमाम तैयारियां पहले से दुरुस्त की जा रही है। बाढ़ नियंत्रण और जल निकासी विभाग की रिपोर्ट की माने तो, शुक्रवार को मनेर के घाट पर 51.73 मीटर रही, जबकि, इसके खतरे का लेवल 52 मीटर है. इसी तरह दीघा घाट का जलस्तर 50.13 मीटर जा पहुंचा, इसके खतरे का लेवल 50.45 है। गांधी घाट का जलस्तर 48.76 मीटर पहुंच गया, इसके खतरे का लेवल 48.60 मीटर है।

### 245 नाविकों को रखा गया तैयार

संभावित आपदा की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए 245 नाविकों को तैयार कर लिया है। इन नाविकों के माध्यम से जरूरत पड़ने पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नावों से राहत और बचाव कार्य किया जाएगा। साथ ही, गोताखोरों की भी तैनाती की व्यवस्था की गई है।

### एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें तैनात

पटना जिले में एसडीआरएफ की दो टीमें पहले से ही सक्रिय रूप में मौजूद हैं। इसके अलावा दीदारगंज में एनडीआरएफ की एक टीम को भी स्टैंडबॉय मोड पर रखा गया है, जिसे आपात स्थिति में प्रभावित इलाकों में भेजा जाएगा।

# गया में डॉक्टर के जबड़े में मारी गोली

## अंधाधुंध फायरिंग कर फरार हुए बाइक सवार



**गया।** गया जी में बाइक सवार बदमाशों ने एक चर्चित चिकित्सक पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में डॉक्टर तपेश्वर प्रसाद गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जानकारी मिली है कि गोली उनके जबड़े में लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद घायल चिकित्सक को अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। यह घटना शेरघाटी अनुमंडल के शेखपुरा मोहल्ले में उस वक्त हुई, जब डॉ. तपेश्वर प्रसाद अपने बगीचे से घर लौट रहे थे। उसी दौरान अपाचे बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। स्थानीय लोगों के अनुसार बदमाशों ने लगातार तीन राउंड फायरिंग की, जिसमें दो गोलियां चूक गईं।

# आरा में लव अफेयर में महिला ने की खुदकुशी

**भोजपुर।** भोजपुर में एक महिला ने पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। दोनों हाथ पर जले और गले पर जख्म के निशान मिले हैं। पुलिस को सूचना दिए बगैर परिजन अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पर पहुंच गए। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने चिता से शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। मृतका की पहचान पोसवां गांव निवासी अमरेंद्र पासवान की पत्नी सुनीता देवी(30) के तौर पर हुई है। घटना गड़हनी थाना क्षेत्र की है। सौतेले बेटे विकास कुमार ने बताया कि पापा काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। फोन पर किसी लड़के से बातचीत करती थी।

# बिहार को बनाया तालिबान!

## तेजस्वी ने भाजपा और नीतीश सरकार को घेरा

महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से भाजपी और नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी ने बिहार को तालिबान बनाया दिया। आपराधिक घटनाएं गिनाते हुए एनडीए सरकार पर बेबस करार दिया। इससे पहले भी लगातार लॉ एंड ऑर्डर पर तेजस्वी नीतीश सरकार पर हमला बोलते आए हैं। सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट करते हुए तेजस्वी ने लिखा कि बीजेपी ने बिहार को बनाया तालिबान! गया में डॉक्टर को



मारी गोली, पटना में दो गुटों में खुली गोलीबारी, पटना में महिला को मारी गोली और रोहतास में व्यवसायी की हत्या मोदी-नीतीश भाजपाई सरकार बेबस डीके टैक्स संरक्षित गुंडे अपराधी बेधड़क! आपको बता दें बीते दिनों पटना में एक के बाद एक हत्याओं की घटना से पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में है।

गोपाल खेमका हत्याकांड के कुछ दिन बाद ही पारस अस्पताल में जिस तरह गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या हुई। उसने कानून व्यवस्था की पोल खोल दी। जिसके बाद से विपक्ष के साथ-साथ एनडीए के सहयोगी और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होने तो यहां तक कह दिया कि घूसखोरी का खेल चल रहा है। अपराधी थानों में पैसा पहुंचा रहे हैं।

# चंदन मिश्रा हत्याकांड में पश्चिम बंगाल से शेरू गैंग के तीन शूटर पकड़े गए

## जेल से रची गई थी साजिश





महानगर नेटवर्क
पटना

पटना के बहुचर्चित पारस अस्पताल हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या के आरोप में शेरू गैंग से जुड़े तीन शूटरों को कोलकाता के न्यू टाउन इलाके से हिरासत में लिया गया है। इस कार्रवाई को बिहार पुलिस और STF ने मिलकर अंजाम दिया। ADG कुंदन कृष्णन के मुताबिक, इस हत्या की साजिश बंगाल की जेल में रची गई थी।

**जेल से सुपारी, बंगाल में ठिकाना**

पुलिस जांच में सामने आया है कि पश्चिम बंगाल की पुरुलिया जेल में बंद शेरू सिंह उर्फ ओमकार सिंह ने चंदन मिश्रा को मारने के लिए 10 लाख रुपये में सुपारी दी थी। शेरू और शूटर तौसीफ के बीच दोस्ती पटना के बेउर जेल में हुई थी। जेल से रिहा होते ही तौसीफ से शेरू ने दोबारा संपर्क किया और हत्या की योजना बनाई।

**अपार्टमेंट से की गई अस्पताल की रेकी**

हत्याकांड से पहले तौसीफ और उसके साथी पटना के समनपुरा में पहुंचे और पारस अस्पताल के पीछे एक अपार्टमेंट में डेरा डाला। वहीं से अस्पताल की रेकी की गई। पुलिस को इस अपार्टमेंट तक पहुंचाने में इलाके के एक स्थानीय बदमाश की भूमिका भी सामने आई है।

**पारस अस्पताल का कनेक्शन**


जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि तौसीफ का पारस अस्पताल के कुछ स्टाफ से पहले से परिचय था। कुछ महीने पहले उसका एक दोस्त अस्पताल में भर्ती था, तभी से उसका आना-जाना लगा रहता था। अब पुलिस ने पारस अस्पताल प्रशासन से सिक्योरिटी में तैनात कर्मियों की सूची मांगी है। कई स्टाफ से पूछताछ भी की गई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

महानगर नेटवर्क
गयाजी

गयाजी में अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई। संपत्ति के विवाद में भतीजे ने बेटी-दामाद पर हत्या का आरोप लगाया है। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल मिला है।

मृतक की पहचान उपरडीह पैन पर के रहने वाले विकेसर प्रसाद दांगी (55) के तौर पर हुई है। पुल पर क्षतिग्रस्त साइकिल,दूध का केन और बिखरे सिक्के मिले हैं। गुरुआ बाजार में मुंशी का काम करता था। घटना बैजूधाम पुल की है।



**बेटी-दामाद ने दी थी धमकी**

मृतक की भतीजे दीपक दांगी ने बताया कि सुबह के समय पुल पर भीड़भाड़ नहीं रहती है। साजिश के तहत हत्या की गई है। चाचा को कोई लड़का नहीं है। 9 महीने से मेरे साथ ही रहते थे। संपत्ति को लेकर पाटीदार और बेटी-दामाद के बीच अक्सर झगड़ा होता था। बेटी दामाद ने शुक्रवार को धमकी दी थी कि कल का सूरज नहीं देखने देंगे। जैसा कहा वैसा ही हुआ। चाचा ने हत्या की आशंका जताते हुए थाने में आवेदन भी दिया था।

**छानबीन में जुटी पुलिस**

गुरुआ थानाध्यक्ष सरफराज अहमद ने बताया कि घटनास्थल से मृतक का मोबाइल और अन्य सामान को जब्त कर लिया गया है। पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा गया है। परिजनों के बयान के आधार पर जांच की जा रही है।

# पानी पटाने में बहा खून, चाचा की भतीजा ने की हत्या

## दो बेटी और एक बेटे को कौन




महानगर नेटवर्क
सासाराम

बिहार के सासाराम में खेत में पानी पटाने के विवाद में खून बह गया। भतीजे ने चाचा की जान ले ली। अमझोर थाना क्षेत्र के रामडिहरा स्टेशन के समीप जमीन के विवाद में भतीजे ने चाचा की लाठी से पीट हत्या कर दी। मृतक 42 वर्षीय बीरेंद्र सिंह बताया जाता है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो की गिफ्तारी

इस मामले में थानाध्यक्ष श्याम कुमार ने बताया कि मामूली जमीन विवाद को लेकर गोतिया के ही लोग आपस में विवाद कर लिए। उसमें आलोक मेहता ने अपने चाचा को लाठी-डंडे से पीटकर मार डाला। मृतक कि पहचान 42 वर्षीय बीरेंद्र सिंह के रूप मे की गई है। मामले में अंर्जुन सिंह, अलोक सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार अमझोर थाना क्षेत्र के ही रामडिहरा स्टेशन पर जमीन विवाद को लेकर अपने गोतिया में हुई मारपीट हो गई। इस दौरान भतीजे ने चाचा की लाठी से पीट बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद लोगो मे हड़कंप मचा हुआ है। घटना की सूचना पर घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है। मामले की जांच के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

**व्यापार**

# रिलायंस इंडस्ट्रीज ने दर्ज किया अब तक का सबसे ऊंचा तिमाही मुनाफा

## 78% उछाल के साथ इतने पर पहुंचा

महानगर नेटवर्क
मुंबई

देश और दुनिया की दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को अप्रैल-जून तिमाही के लिए 26,994 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे अधिक तिमाही मुनाफा हासिल किया, जो उपभोक्ता व्यवसायों और निवेश बिक्री के चलते पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 78.3 प्रतिशत की ग्रोथ दर्शाता है। खबर के मुताबिक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार,तेल से लेकर खुदरा और दूरसंचार तक कारोबार करने वाली इस कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ, जो कंपनी के मालिकों को दिया जाता है, अप्रैल-जून 2025 में 26,994 करोड़ रुपए या 19.95 रुपए प्रति



शेयर रहा,जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 15,138 करोड़ रुपये था। खबर के मुताबिक, 31 मार्च को खत्म पिछले तीन महीनों की 19,407 करोड़ रुपये की आय की तुलना में तिमाही-दर-तिमाही शुद्ध लाभ भी 39 प्रतिशत अधिक रहा। 2025-26 की पहली तिमाही में परिचालन से राजस्व 5.26 प्रतिशत बढ़कर 2.48 लाख करोड़ रुपए हो गया,जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 2.36 लाख करोड़ रुपए था। कंपनी ने फाइलिंग में बताया कि अन्य आय में 8,924 करोड़ की बिक्री से प्राप्त लाभ है। अरबपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली कंपनी ने अपने उपभोक्ता व्यवसायों खुदरा और दूरसंचार में लगातार वृद्धि दर्ज की। मदद मिली, वहीं इसके विस्तारित स्टोर नेटवर्क में ग्राहकों की संख्या में वृद्धि के कारण खुदरा व्यवसाय ने स्थिर प्रदर्शन किया।

### मुकेश अंबानी ने क्या कहा

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और नियोजित बंद के कारण कम मात्रा के कारण, मुख्य तेल शोधन और पेट्रोकेमिकल्स व्यवसाय, जिसे O2C कहा जाता है, में साल-दर-साल 1.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के एक बयान में कहा गया है कि जियो-बीपी के माध्यम से परिवहन ईंधन के घरेलू उपयोग में वृद्धि से इस खंड के राजस्व को समर्थन मिला। आरआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस ने वित्त वर्ष 26 की शुरुआत एक मजबूत समग्र परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन के साथ की है।

वैश्विक मैक्रोज में उल्लेखनीय अस्थिरता के बावजूद, वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के लिए समेकित EBITDA में पिछले वर्ष की तुलना में मज़बूती से सुधार हुआ। तिमाही के दौरान, ऊर्जा बाजारों में अनिश्चितता का माहौल रहा और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला। हमारे O2C व्यवसाय ने घरेलू मांग की पूर्ति और Jio-BP नेटवर्क के माध्यम से मूल्यवर्धित समाधान प्रदान करने पर ज़ोर देते हुए मज़बूत वृद्धि दर्ज की। ईंधन और डाउनस्ट्रीम उत्पाद मार्जिन में सुधार से प्रदर्शन को बल मिला।

# इस हफ्ते सोना 732 महंगा हुआ सोना



**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी में तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार,11 जुलाई को सोना 97,511 रुपए पर था, जो अब (18 जुलाई) को 98,243 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी हफ्तेभर में इसकी कीमत 732 रुपए बढ़ी है।

वहीं, चांदी की बात करें तो ये 11 जुलाई को 1,10,290 रुपए पर थी, जो अब (18 जुलाई) 1,12,700 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह, हफ्तेभर के कारोबार में इसकी कीमत 2,410 रुपए बढ़ी है। 14 जुलाई को चांदी ने 1,13,867 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इसके पहले सोने ने 8 जून को 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार (18 जुलाई) को बढ़त देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 790 बढ़कर 98,243 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 97,453 पर था। चांदी की कीमत 1,700 बढ़कर 1,12,700 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले चांदी 1,11,000 पर थी।

# KYC कराना हुआ आसान

## अपके निकट के पोस्टआफिस में झटपट हो रहा है काम




**नई दिल्ली।** नए निवेशकों के लिए आपना केवाईसी करना बहुत आसान हो गया है। वे नजदीकी के पोस्ट ऑफिस में जाकर आसानी से KYC करा सकते हैं। मिली जानकारी के अनुसार,पोस्ट आफिस ने अपने 1.64 लाख से अधिक डाकघरों के माध्यम से केवाईसी सत्यापन और दस्तावेज संग्रह सेवाएं प्रदान करने हेतु एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) साइन किया है। इस पहल से नए म्यूचुअल फंड निवेशकों को केवाईसी वेरिफिकेशन करना आसान होगा। डाक विभाग (डीओपी) अपने डाकघरों के माध्यम से म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए केवाईसी सत्यापन और पेपर कलेक्शन सर्विस की सुविधा मुहैया कराएगा। डाक विभाग के कर्मचारी निवेशकों को केवाईसी फॉर्म भरने, स्व-सत्यापित दस्तावेजों का सत्यापन करने, और उन्हें एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) को हस्तांतरित करने में सहायता करेंगे।

# न्यूगो ने अपने कोच-कैप्टन को कौशल प्रशिक्षण दिया

**मुंबई।** जैसे-जैसे दुनिया इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी) की ओर बढ़ रही है, इस बदलाव की सफलता सिर्फ तकनीक पर नहीं, बल्कि उन लोगों पर भी निर्भर करती है जो इन्हें चलाते हैं।

यही सोच है ग्रीनसेल मोबिलिटी की इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा न्यूगो के पीछे, जिसने इस चुनौती का सामना करने के लिए एक खास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम न्यूगो के कोच-कैप्टन (ड्राइवरों) को इलेक्ट्रिक बसों की जरूरतों के मुताबिक तैयार करता है।

# पीएनबी ने साइबर सुरक्षा हैकाथॉन के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया



**मुंबई।** पीएनबी ने आज अपने मुख्यालय में "कोड अगेंस्ट मैलवेयर" हैकाथॉन के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। हैकाथॉन का संचालन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) कानपुर के साथ मिलकर वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) और इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) के मार्गदर्शन में साइबर सुरक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने व भारत के युवा तकनीकी प्रतिभाओं को जोड़ने के उद्देश्य से किया गया। समारोह में एम. नागराजू, आईएएस, सचिव डीएफएस ने मुख्य अतिथि के रूप में व आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर मनिंद्र अग्रवाल, आईबीए के मुख्य कार्यकारी अतुल कुमार गोयल और बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अशोक चंद्र ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई जबकि अन्य विशिष्ट गणमान्य अतिथियों, संकाय सदस्यों, जूरी के सदस्यों और छात्र प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। "कोड अगेंस्ट मैलवेयर" हैकाथॉन का आयोजन की शुरूआत दिसंबर 2024 में किया गया था।

# ज़िगली ने लॉन्च किया पहला पेट हॉस्पिटल एवं एक्सपीरिएंस सेंटर

**मुंबई।** भारत के पहले टेक-इनेबल्ड ओमनीचैनल पेट केयर ब्राण्ड ज़िगली (कोस्मो फर्स्ट लिमिटेड) ने देश भर में अपने विस्तार को जारी रखते हुए मुंबई के मार्केट में प्रवेश किया है। पश्चिम भारत में विस्तार के लिए ज़िगली ने खार वेस्ट में मौजूद 'स्मॉल एनिमल क्लिनिक एण्ड सर्जिकल सेंटर' का अधिग्रहण किया है, इस सेंटर को सभी सुविधाओं से युक्त ज़िगली पेट केयर सेंटर में बदला जाएगा। गौरतलब है कि लगातार विकसित होते हुए ज़िगली का शुद्ध राजस्व फ़रवरी 2025 में तकरीबन रु 56 करोड़ तक पहुंच गया है और कंपनी ने अगले 1-2 सालों में इसे दोगुना से भी अधिक करने का लक्ष्य रखा है। ग्राउण्ड फ्लोर, मातृ मंदिर, दुकान नंबर 1 एवं 2, 18वीं रोड़, खार वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र 4000052 पर स्थित ज़िगली का नया एक्सपीरिएंस सेंटर 1520 वर्गफीट में फैला है। 25,000 पेट पैरेन्ट्स के मौजूदा कस्टमर बेस के साथ जाने-माने वैटेरीनेरी डॉक्टरों- डॉक्टर संजीव और डॉ रजनी राजध्यक्ष ने इस सेंटर की स्थापना की। मुंबई में हमारा विस्तार ज़िगली की यात्रा में बड़ी उपलब्धि है, हम देश भर में उच्च गुणवत्ता की पेट हेल्थकेयर सुविधाओं को सुलभ बनाना चाहते हैं। 'स्मॉल एनिमल क्लिनिक एण्ड सर्जिकल सेंटर' के अधिग्रहण के साथ, हमने न सिर्फ इस क्षेत्र में अपना फुटप्रिन्ट बढ़ाया है, बल्कि पशु चिकित्सा में दशकों के अनुभव को अपने सिस्टम में भी शामिल किया है।

# केनव्यू ने शुरू की देश की पहली 'कफ क्लिनिक'

**मुंबई।** दुनिया की सबसे बड़ी प्योर-प्ले कंज्यूमर हेल्थ कंपनी केनव्यू, जो बेनाड्रिल® जैसे लोकप्रिय खांसी के ब्रांड की निर्माता है, ने एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडिया (एपीआई) के साथ मिलकर एक नई पहल 'कफ क्लिनिक्स' की शुरुआत की है। इस वैज्ञानिक पहल के तहत, केनव्यू देशभर में 10 कफ सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करेगा। ये केंद्र 'कफ क्लिनिक्स' का संचालन करेंगे,जिनका उद्देश्य खांसी के मूल्यांकन और इलाज में वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी बढ़ाना और उनका उपयोग फैलाना है। इस पहल के तहत पहला कफ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मुंबई के बीएसईएस अस्पताल, अंधेरी में शुरू किया गया है। भारत में एक औसत वयस्क को साल में लगभग तीन बार खांसी होती है, जबकि बच्चों को यह संख्या 7 से 10 बार तक हो सकती है। कोविड के बाद खांसी की आवृत्ति और इसकी अवधि दोनों में वृद्धि देखी गई है। यह सबसे आम लक्षणों में से एक है, जिसका इलाज आमतौर पर प्राथमिक स्तर के डॉक्टर करते हैं।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# बाजरा बनेगा किसानों की आमदनी का सहारा

## यूपी सरकार दे रही अनुदान और MSP

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

बाजरा श्रीअन्न की प्रमुख फसल है। यूपी में धान, गेहूं एवं मक्का के पश्चात लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बाजरा की खेती की जाती है। बाजरा के दानों में भरपूर पौष्टिकता होती है। विशेष रूप से फाइबर, प्रोटीन, विटामिन बीकॉम्पलेक्स, कैल्शियम, फास्फोरस एवं मैगनीज तत्वों के साथ एन्टीआक्सीडेंट भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करती है। इससे बाजार में इसकी मांग है। बाजरा के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ में औषधीय गुण भी पाये जाते हैं।





बाजरा के उत्पाद मधुमेह के नियंत्रण, हृदय के स्वास्थ्य सुधार हेतु उपयुक्त, ग्लुटेन मात्रा कम पाये जाने के कारण पेट के रोगों से राहत दिलाने में सहयोग के साथ ही वर्तमान समय में मोटापा कम करने और वजन सुधार में भी लाभदायक है। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक शोध एवं तकनीकी विकास के कारण बाजरे के दानों से कई प्रकार की औषधियों का भी निर्माण किया जा रहा है। योगी सरकार इन्हीं गुणों को देखते हुए बाजरा किसानों को प्रोत्साहित कर रही है।

### कम वर्षा में भी की जा सकती है बाजरा की खेती

बाजरा की खेती अपेक्षाकृत कम वर्षा (400-500 मिमी0) में भी की जा सकती है। वर्तमान में लगभग प्रदेश के 29 जनपदों में औसत से कम वर्षा पायी गयी है। जहां कम वर्षा के कारण धान की खेती नहीं की जा सकती, किसानों के लिए उन क्षेत्रों में बाजरा की फसल लेना लाभदायक सिद्ध होगा। बाजरा की फसल लगभग धान की असफल बुवाई की स्थिति में अगस्त माह के मध्य तक कर सकते हैं। फसल की अवधि अधिकतम 80-85 दिन होने के कारण 10 नवम्बर के पूर्व कटाई कर रबी की फसल की बुवाई समय से की जा सकती है। बाजरा की फसल से 25-30 कुन्तल प्रति हेक्टेयर उत्पादन मिल जाती है, तो दूसरी तरफ धान की अपेक्षा लागत कम होने एवं बाजरा का बाजार मूल्य अधिक होने के कारण प्रति इकाई किसानों को अपेक्षाकृत अधिक लाभ की संभावना हो सकती है। बाजरा की संकर प्रजाति 86एम84, बायो-8145, एनबीएच-5929 के साथ संकुल प्रजाति धनशक्ति की उत्पादन क्षमता 35-40 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तक है। उत्तर प्रदेश में बहुत से क्षेत्रफल असमतल एवं वर्षा आधारित होने के कारण धान की खेती हेतु उपयुक्त नहीं होते हैं। ऐसी भूमि में भी बाजरा की खेती कर किसान अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते हैं परंतु बुवाई से पूर्व भूमि जनित रोगों से बचाने के लिए ट्राइकोडरमा, हारजीएनम 2 प्रतिशत पाउडर का 2 .50 किग्रा0 की मात्रा से भूमि शोधन करना आवश्यक होता है। योगी सरकार राजकीय कृषि बीज भण्डारों के माध्यम से बाजरे की संकर प्रजाति के बीज पर अनुदान उपलब्ध करा रही है।

# यूपी में धर्मांतरण के एक और गिरोह का पर्दाफाश

## ISIS की तर्ज पर फैलाया जाल, 10 लोग गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

यूपी में धर्मांतरण के धंधेबाज छांगुर बाबा को लेकर रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। इसी बीच शनिवार को यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण की प्रेस कांफ्रेंस में एक नए गैंग का खुलासा हुआ जो आईएसआईएस की तर्ज पर कई राज्यों में अपना जाल फैलाकर लड़कियों को बरगरलाता और उनका धर्मांतरण कराता था। आगरा से लापता दो लड़कियों का धर्मांतरण करने के मामले में आगरा पुलिस ने छह प्रदेशों में दबिश देकर 10 लोग गिरफ्तार किए। इनका छांगुर गिरोह से संपर्क नहीं मिला है। इन्हें कनाडा, अमेरिका, दुबई समेत कई देश से करोड़ों की फंडिंग हुई थी।

मामले की जानकारी देते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि सीएम योगी



के नेतृत्व में यूपी पुलिस अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस नीति के तहत पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। कुछ विशिष्ट चुनौतियां हैं जिनका सामना करने के लिए पुलिस ने मिशन अस्मिता लांच किया था जिसमें पूर्व में अवैध धर्म परिवर्तन सिंडिकेट के कुछ अभियुक्त गिरफ्तार किए गए थे। इनमें मोहम्मद उमर गौतम, मुफ्ती जहांगीर आलम कासमी को एटीएस ने गिरफ्तार किया था।

डीजीपी ने बताया कि इसी कड़ी में हाल में छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन उर्फ जलालुद्दीन के अवैध धर्म परिवर्तन के सिंडिकेट का भी पर्दाफाश किया गया। इसमें एसटीएफ और एटीएस की जांच जारी है जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। यह अभियान जेहाद के नाम पर अंतरराष्ट्रीय जेहादी फंडिंग प्राप्त करने, रेडिकाइलेशन की कार्रवाई करने और राष्ट्रीय सुरक्षा में सेंध लगाने के उद्देश्य से अवैध धर्मांतरण, डार्क वेव और अन्य नेटवर्क के जरिए गंभीर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध है। इसी कड़ी में आगरा में एक उल्लेखनीय काम किया गया है। इसमें छह प्रदेशों में दबिश देकर 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# लोकतंत्र में पक्षपात सरकार का सबसे बड़ा दुर्गुण : अखिलेश

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा को लेकर हो रहे विवाद के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातीय विद्वेष फैलाने वालों को आड़े हाथों लेते हुए कुछ लोगों को 'लातों का भूत' बताया था। जिस पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पलटवार किया है। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि कुछ लोगों का भूत तो बूथ उतारेगा। सपा अध्यक्ष ने सीएम योगी के लातों के भूत वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया और आगामी विधानसभा चुनावों की ओर इशारा करते हुए कहा कि 'अगली बार कुछ लोगों का भूत 'बूथ' उतारेगा..और कुछ नहीं कहना है।' सपा अध्यक्ष ने इससे पहले एक और पोस्ट के जरिए भी सीएम योगी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 'लोकतंत्र में पक्षपात सरकार का सबसे बड़ा दुर्गुण होता है।' दरअसल ये पूरा विवाद कांवड़ यात्रा को लेकर हो रही बयानबाजी को लेकर शुरू हुआ, जिसे लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जौनपुर में मुहर्रम के दौरान ऊंचे ताजिये की वजह से दुर्घटना हो गई जबकि उनको तय ऊंचाई का ही ताजिया रखने के निर्देश दिए। इस हादसे के बाद लोगों ने विरोध करके रोड जाम कर दिया। पुलिस ने मुझसे पूछा तो मैंने कहा कि लाठी मारो इनको। ये लातों के भूत हैं बातों से नहीं मानेंगे। जब हमने कहा कि आप हाईटेंशन की चपेट में आ सकते हो इससे ऊंचा नहीं करना तो भी कर दिया। सीएम योगी के इस बयान को लेकर विरोधी दलों ने बीजेपी को घेरने को कोशिश की और उनके बयान को पक्षपात पूर्ण बताया और अब सपा अध्यक्ष ने भी बिना किसी का जिक्र किए कही है।



# ऊर्जा मंत्री को नहीं करने दिए बांके बिहारी के दर्शन

## मंदिर के द्वार पर लगाया पर्दा

**महानगर संवाददाता**
**मथुरा**

वृंदावन के श्रीबांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर और न्यास गठन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शुक्रवार को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के मंदिर आगमन पर सेवायतों और स्थानीय महिलाओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मंदिर की महिलाएं काली पट्टी बांधकर भगवान के दर्शन के लिए पहुंचीं और नारेबाजी करते हुए मंत्री के खिलाफ विरोध जताया। विरोध के दौरान पुलिस पर महिलाओं से बदसलूकी करने के आरोप भी लगे हैं। सीओ सदर संदीप सिंह ने महिलाओं के हाथ से काली पट्टी पर लिखे स्लोगन छीन लिए। इस बात पर एक गोस्वामी और सीओ में कहासुनी भी हो गई। सेवायतों ने भी विरोध का स्वर ऊंचा करते हुए मंदिर का पर्दा गिरा दिया। जिसके चलते मंत्री शर्मा को



केवल कुछ सेकंड के लिए ही भगवान बांके बिहारी के दर्शन हो सके। उन्हें न तो प्रसाद दिया गया और न ही परंपरागत पटका पहनाया गया।

ऐसी स्थिति को देखते हुए अधिकारियों ने मंत्री शर्मा को 4 नंबर गेट से बाहर निकाला। इसके बाद जब वे वीआईपी रोड स्थित जुगल गोस्वामी की गद्दी पर पहुंचे, वहां भी नाराज़ महिलाएं प्रदर्शन करते हुए पहुंच गईं और नारेबाजी शुरू कर दी। विरोध के बीच मंत्री ने चार महिलाओं को अंदर बुलाकर उनकी बातें सुनीं। महिलाओं ने कॉरिडोर निर्माण को लेकर अपनी पीड़ा मंत्री के सामने रखीं। इस पर मंत्री एके शर्मा ने कहा कि वे जनता की भावनाओं का पूरा सम्मान करते हैं और किसी भी फैसले में उनकी सहमति को प्राथमिकता दी जाएगी।

# छांगुर का भतीजा सबरोज और उसका साथी शहाबुद्दीन गिरफ्तार




**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

अवैध धर्मांतरण और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के सरगना जलालुद्दीन उर्फ छांगुर पर एटीएस का शिकंजा कसता जा रहा है। टीम ने शनिवार को छांगुर के भतीजे सबरोज उर्फ इमरान उर्फ बुद्धू और उसके सहयोगी शहाबुद्दीन निवासी रेहरा माफी, थाना गैडास बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। दोनों छांगुर के इशारे पर आजमगढ़ में धर्मांतरण का कार्य कर रहे थे। इनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई थी। इसके अलावा एटीएस छांगुर गिरोह के अन्य सदस्यों की भी छानबीन कर रही है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापों में विदेश से फंडिंग के पुख्ता सुराग मिले हैं। ईडी के मुताबिक, छांगुर और उसके करीबियों के 22 खातों के विश्लेषण के बाद करीब 60 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग होने से जुड़े प्रमाण मिले हैं। इसमें छांगुर, नवीन रोहरा और नीतू रोहरा की भूमिका सामने आई है। ईडी को छांगुर से जुड़े एक बुटीक से संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। सुभाषनगर स्थित आसवी बुटीक कॉम्पलेक्स को सील कर दिया गया है। इसी बुटीक में छांगुर सारे अवैध धंधे के कागजात रखता था। ईडी ने बृहस्पतिवार को छांगुर और उसके करीबियों के बलरामपुर, मुंबई व लखनऊ के 15 ठिकानों पर छापा मारा था। शुक्रवार दोपहर तक चली जांच में सामने आया कि छांगुर को मिली रकम से यूपी और महाराष्ट्र में कई संपत्तियों को खरीदा गया जिसमें अधिकांश नवीन व नीतू के नाम हैं। छांगुर और उसके करीबियों के ठिकानों की तलाशी में ईडी को विदेशी संस्थाओं से संबंध होने का पता चला है। मुंबई में नवीन रोहरा के करीबी सहयोगी शहजाद शेख के मोबाइल फोन में क्रोएशियाई मुद्रा 'कुना' की तस्वीर मिली है। धर्मांतरण रैकेट में विदेशी मुद्रा की भूमिका की अधिक जानकारी जुटाने के लिए ईडी शेख के मोबाइल डिवाइस से डेटा का विश्लेषण कर रही है।

# नगर पालिका कर्मी ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**महानगर संवाददाता**
**फिरोजाबाद**

फिरोजाबाद के टूंडला कोतवाली क्षेत्र के टुंडली इलाके में नगर पालिका टूंडला में तैनात एक कर्मचारी ने सुबह आत्महत्या कर ली। नगर पालिका कर्मचारी की जेब से मिले सुसाइड नोट में उसने अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी को जिम्मेदार ठहराया है। मृतक प्रकाश चंद शर्मा नगर पालिका परिषद टूंडला में चपरासी के पद पर कार्यरत थे। प्रकाश शर्मा ने अपने घर के अंदर कमरा बंद कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में शव को फंदे से उतरवाया। पुलिस को मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि प्रकाश चंद शर्मा को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने शुक्रवार को निलंबित कर दिया था। अधिकारी की तरफ से मिले निलंबन पत्र पर उन्होंने अपना सुसाइड नोट लिखकर टूंडला नगर पालिका परिषद का अध्यक्ष अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया है। मृतक की पत्नी रंजना शर्मा ने बताया कि प्रकाश को बेटी के इलाज के लिए पैसों की आवश्यकता थी, वह अपने पीएफ से कुछ पैसे निकालना चाहते थे। इसके लिए वह नगर पालिका में एप्लीकेशन दे रहे थे, लेकिन अधिशासी अधिकारी और अन्य कर्मचारी उनकी पीएफ का पैसा उन्हें नहीं दे रहे थे।

# खतरे के निशान के करीब पहुंचा गंगा-यमुना का जलस्तर

**महानगर संवाददाता**
**प्रयागराज**

गंगा और यमुना एक बार फिर उफान पर हैं। दोनों नदियों का जलस्तर 82 मीटर से ऊपर चला गया है और पानी कछार की बस्तियों के करीब तक पहुंच गया है। शनिवार तक बस्तियों में पानी घुसने की आशंका है। इसे देखते हुए प्रशासन ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पिछले 24 घंटे में यमुना के जलस्तर में एक मीटर की बढ़ोतरी हुई है। सिंचाई विभाग की शुक्रवार शाम चार बजे की रिपोर्ट के अनुसार नैनी में यमुना का जलस्तर 82.12 मीटर पहुंच गया। जबकि, बृहस्पतिवार को 81.12 मीटर जलस्तर था। वहीं गंगा के जलस्तर में भी इसी अवधि में 70 सेमी की वृद्धि हुई है। शाम चार बजे फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 82.13 मीटर था। छतनाग में 24 घंटे में



गंगा के जलस्तर में 131 सेमी की बढ़ोतरी हुई है। इससे गंगा के कछारी इलाके में दबाव बढ़ गया है। ऐसे में छोटा बघाड़ा, सलोरी, नेवादा, अशोक नगर और बेली कछार में बस्ती के करीब तक पानी पहुंच गया है। शाम को ही छोटा बघाड़ा और अशोक नगर के निचले इलाके में सड़क पर गंगा की लहरें आने लगी थीं।सिंचाई विभाग की रिपोर्ट के अनुसार यमुना में प्रति घंटा पांच सेमी और गंगा में तीन सेमी की रफ्तार से बढ़ोतरी जारी थी।

# 4 साल की बच्ची से दरिंदगी करने वाला बस चालक आरिफ गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्कूल ले जाते समय वैन चालक ने 4 साल की बच्ची के साथ की दरिंदगी का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी वैन चालक आरिफ को गिरफ्तार कर लिया है। स्कूल प्रबंधक पर भी केस दर्ज किया गया है।

ये घटना 14 जुलाई की बताई जा रही है जब बच्ची रोजाना की तरह स्कूल वैन से लौटी थी, वो काफी परेशान दिखाई दे रही थी। मां ने पूछा तो उसने सारी बात बताई, जिसके बाद घरवालों के होश उड़



गए। मामले का पता लगने पर बच्ची की मां ने स्कूल प्रबन्धक को शिकायत की लेकिन स्कूल प्रशासन की तरफ से कोई करवाई नही की गई। पीड़िता परिवार का आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपी वैन चालक आरिफ ने परिजनों को मुंह बंद रखने को कहा और मासूम को गायब कराने की धमकी देने लगा। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस थाने में स्कूल प्रबन्धक और वैन चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता की मां ने वैन चालक के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, दुष्कर्म, पॉक्सो, धमकाने और प्रबंधक के खिलाफ धमकाने का केस दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर आरोपी वैन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। वैन की तलाश की जा रही है। पुलिस को अंदेशा है कि शायद आरोपी पहले भी बच्चियों से ऐसी हरकत करता रहा हो। इस एंगल से भी आरोपी के खिलाफ जांच की जा रही है।

# यूपी पंचायत चुनाव से पहले गांवों में लगेगी ग्रीन चौपाल

## सरकार ने ग्राम प्रधानों को दी जिम्मेदारी

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

यूपी पंचायत चुनाव से पहले योगी सरकार ग्राम पंचायतों में बड़ा काम करने जा रही है। प्रदेश की हरियाली बढ़ाने के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए हर ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रीन चौपाल लगेगी। इस दिन राजकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले दिन अनिवार्य रूप से ग्रीन चौपाल की बैठक होगी। विभिन्न विभागों की पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। सीएम के इस निर्देश के पश्चात सूबे के हर गांवों में ग्रीन चौपाल के जरिए पर्यावरण संरक्षण




होगा, जिसमें आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। वन-पर्यावरण, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, मनरेगा आदि के सहयोग से प्रत्येक ग्राम पंचायतें पर्यावरणीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम हो सकती हैं। ग्रीन चौपाल के अध्यक्ष ग्राम प्रधान होंगे। वही इसका संचालन करेंगे। सेक्शन/बीट अधिकारी सदस्य सचिव तथा ग्राम पंचायत अधिकारी संयोजक होंगे।

इसके अलावा तीन ग्राम पंचायत सदस्य (न्यूनतम एक महिला), स्वयं सहायता समूह की एक महिला प्रतिनिधि, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी सहायिका, रोजगार सेवक, प्रगतिशील कृषक, पर्यावरणविद्/स्थानीय एनजीओ के प्रतिनिधि व जैव विविधता प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि ग्राम चौपाल के सदस्य होंगे। इसके अतिरिक्त संबंधित विभागों के प्रतिनिधि विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन आदि के प्रति स्थानीय स्तर पर विशेष प्रचार-प्रसार (नुक्कड़ नाटक, रैली, गोष्ठी) आदि का आयोजन भी होगा।

# सरकारी जमीन पर बनाई गई मजार पर चला बुलडोजर

**बाराबंकी।** जिले में शनिवार को सरकारी जमीन पर बनाई गई मजार को ध्वस्त कर दिया गया। सुबह-सुबह टीम बुलडोजर लेकर पहुंची। मजार को हटाकर जमीन की मेड़बंदी करा दी। लोगों को आगे से किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध कब्जा न करने की हिदायत दी। मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र के नियामतपुर जंगल का है। यहां सरकारी जमीन पर मजार बनी थी। सुबह 7.00 बजे टीम पहुंची। बुलडोजर चलवाकर मजार ध्वस्त करा दी। इसके बाद मिट्टी से मेड़ रखवाकर सरकारी जमीन के घेराबंदी कर दी गई। यह कार्रवाई वन विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने की।

# जमीन पर बैठ खुद से ऑक्सीजन ले रहा मरीज

## पूर्व सीएम ने व्यवस्था पर किया तंज

**महानगर संवाददाता**
**आजमगढ़**

आजमगढ़ के जिला मंडलीय चिकित्सालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो ने स्वास्थ्य विभाग की पोल खोल कर रख दी। एक टीबी का मरीज सांस की डोर यानी आक्सीजन लगाकर जमीन पर बैठा हुआ है।

उक्त वीडियो को अखिलेश यादव ने एक्स पर ट्वीट करते हुए सवाल किया कि 'स्वास्थ्य मंत्री जी को ये मरीज दिख रहा है क्या?' करते हुए निशाना साधा है। वहीं मामले की जांच कर स्वास्थ्य विभाग के एसआईसी ने सफाई दी है। जानकारी मुताबिक आजमगढ़ के तरवां निवासी राजू टीवी की बीमारी के



कारण आजमगढ़ के मंडली अस्पताल में 17 जुलाई को भर्ती कराया गया था। मंडलीय अस्पताल के एसआईसी डॉ. ओम प्रकाश सिंह का कहना है कि मरीज को चेस्ट इन्फेक्शन हुआ था। उसे आक्सीजन दिया गया था।

**स्वास्थ्य विभाग में मची खलबली**

इसी बीच बिस्तर पर ही टॉयलेट कर दिया था। वह नीचे उतरकर अपनी पत्नी के आने का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान किसी ने वीडियो बना लिया। चिकित्सा अधीक्षक का कहना है कि इस तरह से किसी मरीज का वीडियो बनाने बेहद गलत है। कारण कि यह मरीज का निजी मामला है। उसकी गोपनियता है। ऐसे में किसी का वीडियो बनाकर वायरल करना गलत है। इस मामले में सिस्टम इंचार्ज को नोटिस जारी कर रिपोर्ट मांगी गई है। साथ ही ये भी कहा गया है कि आखिर कोई अंदर आकर कैसे वीडियो बना सकता है। मरीज की देखभाल के लिए दो डॉक्टर लगाए गए हैं। टीबी वार्ड में दूसरे बेड में शिफ्ट भी कर दिया गया है। यदि मरीज को यहां आराम नहीं मिलेगा तो उसे रेफर कर दिया जाएगा।

# यूपी में गो आधारित खेती को दिया जाएगा बढ़ावा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और लोगों के लिए विषमुक्त अन्न, दूध, फल व सब्जियां उपलब्ध कराने की दिशा में बड़े स्तर पर अभियान शुरू करने जा रही है। इसके तहत एक करोड़ से अधिक किसानों को गो आधारित खेती से जोड़ा जाएगा, जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी और स्वास्थ्य संरक्षण में भी बदलाव आएगा।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहली बार प्रदेश में गांव-गांव अभियान चलाने की तैयारी की गई है। इस अभियान के माध्यम से करीब एक करोड़ से अधिक किसान परिवारों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। किसानों को गो आधारित खेती से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण, संसाधन और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस मॉडल के अंतर्गत हर गांव में गोशालाओं के माध्यम से बायोगैस, वर्मीकम्पोस्ट, जीवामृत, घनजीवामृत आदि का उत्पादन कर खेतों में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे किसानों की रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता घटेगी। रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के महंगे विकल्पों के स्थान पर जीवामृत, घनजीवामृत और वर्मीकम्पोस्ट जैसे जैविक विकल्पों को अपनाकर किसान प्रति एकड़ 10 से 12 हजार रुपये तक की बचत कर सकेंगे।

# हनीमून पर जाने के लिए की चोरी, शादी के 10 दिन बाद ही पहुंचा जेल

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में 9 जुलाई को हुई लूट का राजफाश करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना इंदिरानगर क्षेत्र के भूतनाथ मार्केट के पास राजकीय कॉलोनी की है। यहां हरिशचंद्र पांडेय के घर में घुसकर लूट हुई थी। आरोपियों के पास से लूटी गई कान की बालियां बरामद की गई हैं।

पकड़े गए आरोपियों में सीतापुर के पर्वतपुर संधना निवासी चिरकू और बरुहा बनौरा चौराहा जालालपुर का मोगली शामिल है। डीसीपी पूर्वी



शशांक कुमार सिंह के मुताबिक, चिरकू के पास हनीमून पर जाने के लिए पैसे नहीं थे। इस कारण उसने दोस्त मोगली के साथ लूट की साजिश रची। राजकीय कॉलोनी में पहुंचने पर पहले मकान के पास सन्नाटा दिखा।

यह देख चिरकू ने सचिवालय में अंडर सेक्रेटरी के पद पर तैनात हरिशचंद्र पांडेय के गेट पर दस्तक दी। घर में हरिशचंद्र की पत्नी शशि पांडेय के बाहर आने पर खुद को एसी मैकेनिक बताया। शशि के दरवाजा खोलने पर चिरकू भीतर दाखिल हो गया और उनके जेवर लूट लिए। विरोध पर शशि के गले और हाथ पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद शशि को धक्का दे दिया। इससे उनके सिर पर चोट आ गई।

एसीपी ए. विक्रम सिंह ने बताया कि चिरकू की वारदात से दस दिन पहले शादी हुई थी। लूट के बाद भी वह इंदिरानगर के समौद्दीपुर में पत्नी के साथ रह रहा था। इससे पहले कि वह हनीमून पर जाता, पुलिस ने उसे बस्तौली तालाब के पास से मोगली के साथ दबोच लिया।

डीसीपी ने बताया कि चिरकू नशे का आदी है। वारदात के समय भी वह नशे में धुत था। उसका मकसद सिर्फ जेवर लूटना था, लेकिन ज्यादा नशा होने के कारण उसने चाकू से हमला कर दिया। चिरकू पर गाजीपुर थाने में चोरी के छह मुकदमे हैं। फरीदीनगर में रह रहे मोगली का आपराधिक इतिहास पुलिस खंगाल रही है।

# फ्लाईओवर के नीचे सो रही महिलाओं को कार ने कुचला, दो की मौत, दो घायल




**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में शुक्रवार देर रात एक बेकाबू वैगन-आर कार ने हाईकोर्ट फ्लाईओवर के नीचे फुटपाथ पर सो रहे चार लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी वृद्धा ने अस्पताल में तोड़ दिया। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कार सवार चार युवक वाहन छोड़कर फरार हो गए। हादसा रात करीब 11:30 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अंबेडकर चौराहे की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक वैगन-आर कार जब न्याय मार्ग की ओर मुड़ी तो चालक नियंत्रण खो बैठा। इससे कार सीधे फुटपाथ पर सो रहे चार लोगों पर चढ़ गई। चार में से दो वृद्ध महिलाओं और एक युवक को कुचलते हुए कार निकल गई, जबकि लगभग 60 वर्षीय वृद्धा कार के नीचे फंस गई और काफी दूर तक घिसटती चली गई। इसके बाद कार दीवार से टकरा गई। शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने कार के नीचे फंसी महिला को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां 55 वर्षीय चमेली देवी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

ओलंपिक 2036 की तैयारियों के लिए केंद्र सरकार ने खोला खजाना

# 3000 खिलाड़ियों को मिलेंगे हर महीने 50 हजार रुपए



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत साल 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की पूरी कोशिश कर रहा है, जहां उसकी कोशिश ज्यादा से ज्यादा मेडल जीतने की है। सरकार ने अब इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों की तैयारियों की खातिर बड़ा ऐलान किया है, जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लगभग तीन हजार खिलाड़ियों को हर महीने 50 हजार रुपये दिए जा रहे हैं।

उन्होंने यह बात 'वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025' में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल के सम्मान समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की लीडरशिप में खेलों को बीते 10 सालों में काफी महत्व मिला है। खेल बजट को पांच गुना बढ़ाया गया है। सरकार 2036 ओलंपिक खेलों की तैयारी कर रही है और लगभग 3000 खिलाड़ियों पर 50,000 प्रति महीने खत्म कर रही है और एक डिटेल प्लान भी बना रही है।

इस दौरान उन्होंने भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड से कम से कम तीन पदक जीतने का लक्ष्य रखने का आग्रह किया। शाह ने कहा कि नियमित खेल अभ्यास से पुलिस बलों का तनाव कम होगा और काम की गुणवत्ता में सुधार होगा। शाह ने कहा कि हर पुलिस ऑफिसर का रुटीन कुछ इस तरह से होना चाहिए कि उनके दिन की शुरुआत सुबह परेड के साथ हो और अंत खेल के साथ। उन्होंने कहा कि अगर हर पुलिस वाला प्रतिदिन खेलों की आदत बना ले तो इससे सिर्फ दबाव कम नहीं होगा, बल्कि काम की क्वालिटी भी सुधरेगी।

AAP को बड़ा झटका

# अनमोल गगन मान का इस्तीफा | राजनीति भी छोड़ी

**महानगर नेटवर्क**

**चंडीगढ़**

पंजाब में खरड़ विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की विधायक अनमोल गगन मान ने एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए शनिवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने अपना इस्तीफा पंजाब विधानसभा स्पीकर को भेज दिया है। अगर उनका इस्तीफा स्वीकार हुआ, तो पंजाब में एक और उप-चुनाव होगा। अनमोल गगन मान ने एक्स पर लिखा कि मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। स्पीकर से अनुरोध है कि मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए। मेरी शुभकामनाएं पार्टी के साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। अनमोल गगन मान मशहूर पंजाबी सिंगर और एक्टर हैं। उन्होंने साल 2020 में आम आदमी पार्टी



जॉइन की थी। 2022 विधानसभा चुनाव में वह मोहाली की खरड़ विधानसभा सीट से विधायक बनी थीं। उन्होंने खरड़ सीट पर अकाली दल के रणजीत सिंह गिल को 37,718 वोट से हराया था और उस वक्त आम आदमी पार्टी के सबसे युवा विधायक बनी थी। चुनाव जीतने के बाद उन्हें पर्यटन व संस्कृति मंत्री बनाया गया। 2024 में फेरबदल के बाद उनको मंत्रिमंडल से हटा दिया गया था। अनमोल गगन मान का जन्म 1990 में मानसा में हुआ था। उनकी पढ़ाई-लिखाई चंडीगढ़ से हुई।

# दिल्ली में पीएम मोदी से मिले सीएम योगी

नड्डा और शाह से भी की मुलाकात

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई है। पीएम से मिलने के बाद सीएम योगी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिले। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और सीएम योगी की मुलाकात की तस्वीरें भी सामने आई हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट की गई एक वीडियो में सीएम योगी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को भगवा गमछा और फूलों का गुलदस्ता भेंट करते नजर आ रहे हैं। सीएम योगी ने भाजपा अध्यक्ष को भगवा गमछा ओढ़ाकर उनका अभिवादन किया।



सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार की रात दिल्ली में ही विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी और पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं से सीएम योगी आदित्यनाथ की मुलाकातों/ बैठकों का एजेंडा अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। नेताओं के बीच किन बिंदुओं पर बात हुई यह भी अभी तक साफ नहीं है।

इन मुलाकातों/ बैठकों में क्या हुआ, इसे लेकर फिलहाल अटकलें ही लगाई जा रही हैं। कहा जा रहा है कि उनके बीच उत्तर प्रदेश में पार्टी के अगले प्रदेश अध्यक्ष के चयन, मंत्रिमंडल विस्तार और विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे विपक्षी दलों की रणनीति के मद्देनजर भाजपा की तैयारियों पर चर्चा हो सकती है।

सीएम योगी की प्रधानमंत्री, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह से इस बार की मुलाकातों को काफी खास बताया जा रहा है। राजनीतिक गलियारों में सीएम के दिल्ली दौरे की काफी चर्चा है। माना जा रहा है कि आने वाले चुनावों के साथ-साथ कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सीएम योगी की मुलाकात में राज्य की कानून व्यवस्था, सुरक्षा और केंद्र-राज्य सहयोग जैसे विषयों पर बातचीत हो सकती है।

पाक में गजब घोटाला, बिना डिलीवरी अरबों का पेमेंट

# कपड़ों-जूतों पर पानी की तरह बहाए पैसे



**महानगर नेटवर्क**

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में गजब का घोटाला सामने आया है। इसमें जॉगर्स, जूतों और गर्म ट्राउजर्स पर अरबों रुपए के एडवांस पेमेंट की बात सामने आई है। हैरानी की बात यह है कि इन सामनों की डिलीवरी मिली ही नहीं। सिर्फ इतना ही नहीं, तटीय रक्षा के लिए नौका खरीद में भी ऐसा ही खेल सामने आया है। यह सब हुआ है पाकिस्तान के आंतरिक मंत्रालय के तहत आने वाले सिविल कानून प्रवर्तन एजेंसियों में। ऑडिट रिपोर्ट में यह खुलासा होने के बाद वहां पर खलबली मची हुई है।

ताजा ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक इन तमाम खरीदारी में बेसिक नियमों का भी पालन नहीं हुआ है। द न्यूज इंटरनेशल के मुताबिक रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरे मामले में अनियमित खर्च, कुछ खास सप्लायर्स को फेवर करना और नियमों को तोड़ने जैसी गंभीर चीजें सामने आई हैं। यह ऑडिट पाकिस्तान के विभिन्न डिपार्टमेंट्स में हुई खरीदारी में की गई है। इनमें पाकिस्तान रेंजर्स, फ्रंटियर कोर, पाकिस्तानी तटरक्षक बल आदि शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक साफ नजर आ रहा है कि पैसों का जमकर दुरुपयोग हुआ है। इसमें यह भी सवाल उठ रहा है कि टेंडर प्रक्रिया भी गैर-पारदर्शी रही। डिलीवरी के पहले ही एडवांस पेमेंट कर दी गई। ऑडिट रिपोर्ट में तमाम उदाहरण दिए गए हैं कि कैसे गलत ढंग से खरीदारी की गई। एक उदाहरण में बताया गया है कि पंजाब रेंजर्स ने ऊनी मोजों और आधी बांह के वेस्ट के लिए 43 मिलियन पाकिस्तानी रुपयों का कांट्रैक्ट दिया।

एयर इंडिया हादसे पर झूठी खबरों को लेकर

# पायलटों ने विदेशी मीडिया को भेजा नोटिस

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारतीय पायलटों की संस्था, फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (FIP) ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स के खिलाफ कानूनी नोटिस भेजकर हंगामा खड़ा कर दिया है। FIP का कहना है कि इन विदेशी मीडिया हाउसेज ने एयर इंडिया की उड़ान AI-171 के हादसे को लेकर बेबुनियाद और अपमानजनक खबरें छापीं। पायलटों ने इन खबरों को तुरंत वापस लेने और माफी मांगने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह विवाद 12 जून को हुए दुखद हादसे से जुड़ा है, जिसमें बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के दोनों इंजनों के फ्यूल स्विच अचानक रन से कटऑफ हो



गए थे। भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (AAIB) की शुरुआती रिपोर्ट ने खुलासा किया कि हादसे से ठीक पहले विमान के कॉकपिट में दोनों फ्यूल स्विच बंद हो गए। कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग में एक पायलट को यह पूछते सुना गया कि फ्यूल क्यों बंद किया गया, जिसका जवाब दूसरे पायलट ने दिया, 'मैंने तो नहीं किया।' लेकिन रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि स्विच किसने बंद किए या इसके लिए कौन जिम्मेदार है। फिर भी, वॉल स्ट्रीट जर्नल ने 'अमेरिकी अधिकारियों के करीबी सूत्रों' के हवाले से दावा किया कि कैप्टन ने जानबूझकर फ्यूल स्विच बंद किए। रॉयटर्स ने भी ऐसी ही खबर छापी, जिसमें कैप्टन पर दोष मढ़ा गया।

FIP के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि AAIB की रिपोर्ट में कहीं नहीं लिखा कि पायलट की गलती से फ्यूल स्विच बंद हुए। इन मीडिया हाउसेज ने रिपोर्ट को ठीक से पढ़ा ही नहीं। हम उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। FIP ने दोनों समाचार एजेंसियों से पूरी तरह माफी और खबरों को सुधारने की मांग की है।

# मां काली नहीं खाती ढोकला

पीएम मोदी पर महुआ मोइत्रा का तंज

बोलीं- आप जरा लेट हो गए



**महानगर नेटवर्क**

**दुर्गापुर**

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना भाषण मां काली और मां दुर्गा के जयघोष के साथ शुरू किया। उनके भाषण में पश्चिम बंगाल को लेकर आगे की रणनीति कि झलक साफ देखी जा सकती थी। उन्होंने 33 मिनट के भाषण के दौरान एक बार भी सीएम ममता बनर्जी का नाम नहीं लिया। वहीं टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि बंगाली वोटर्स को लुभाने के लिए वह हथकंडा अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जरा लेट हो गए हैं। मोइत्रा ने कहा कि बंगाली वोटर्स को लुभाने के लिए मां काली के जयकारे लगवाने में पीएम मोदी जरा लेट हो गए। मां काली ढोकला ना तो खाती हैं और ना ही कभी खाएंगी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात से आते हैं और ढोकला वहां की काफी लोकप्रिय डिश है। शुक्रवार को दुर्गापुर की रैली में प्रधानमंत्री ने सुशासन पर जोर दिया।

# पीएम मोदी पर गरजे मल्लिकार्जुन खरगे

बोले- "42 देशों में घूमे, मणिपुर जाना जरूरी नहीं समझा"

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कर्नाटक के मैसूरु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मणिपुर में जारी जातीय हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि पीएम मोदी 42 देशों का दौरा कर चुके हैं, लेकिन एक बार भी मणिपुर नहीं गए। खरगे ने मणिपुर में एक साल से ज्यादा समय से चल रही हिंसा और अस्थिरता पर चिंता जताई और कहा कि प्रधानमंत्री ने कभी वहां जाकर लोगों का दुख साझा करना



जरूरी नहीं समझा। उन्होंने सवाल किया कि 42 देशों में घूम आए, मगर मणिपुर जाना जरूरी नहीं समझा। क्या मणिपुर भारत का हिस्सा नहीं है? गौरतलब है कि पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में पिछले वर्ष से लगातार जातीय हिंसा जारी है।

# ममता बनर्जी का BJP पर आरोप, हिमंत ने भी खोला मोर्चा

**महानगर नेटवर्क**

**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पड़ोसी राज्य असम की भाजपा सरकार के ऊपर बांग्ला भाषियों को धमकाने का आरोप लगाया है। सीएम ममता ने दावा किया कि असम में भाजपा का विभाजनकारी एजेंडा सभी सीमाओं को पार कर गया है।

यहां की भाजपा सरकार बांग्ला बोलने वाले लोगों को अवैध बांग्लादेशी या फिर रोहिंग्या बताकर परेशान कर रही है। इतना ही नहीं इन लोगों को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है, जबकि बांग्ला भाषी लोग सभी भाषाओं और धर्मों का सम्मान करते हुए केवल शांति पूर्ण तरीके से रहना चाहते हैं।

गुरुवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ममता पर निशाना साधते हुए कहा था कि सीएम ममता को केवल बांग्ला भाषी मुसलमानों की चिंता है। इसके बाद ममता ने



अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, "देश में दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा, बांग्ला, असम की भी दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।

सभी भाषाओं और धर्मों का सम्मान करते हुए शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहना चाहने वाले नागरिकों को अपनी मातृभाषा का पालन करने के लिए उत्पीड़न की धमकी देना भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक है।''

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने आगे लिखा, "असम में भाजपा का यह विभाजनकारी एजेंडा सारी हदें पार कर चुका है और असम के लोग इसका डटकर मुकाबला करेंगे। मैं हर उस निडर नागरिक के साथ खड़ी हूं, जो अपनी भाषा और पहचान की गरिमा और अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए लड़ रहा है।''

इस वाद विवाद के पहले ममता बनर्जी ने भाजपा पर राजनीति के लिए भाषाई पहचान को हथियार बनाने का आरोप लगाया था।

इस पर जवाब देते हुए हिमंत ने कहा कि "सवाल यह है कि क्या ममता बनर्जी बंगालियों को पसंद करती हैं या केवल मुस्लिम बंगालियों को। मेरा जवाब है, केवल मुस्लिम बंगाली। यदि वह मुस्लिम- बंगालियों के लिए असम आती हैं, तो असमिया लोग और हिंदू बंगाली उन्हें नहीं छोड़ेंगे।''

# 'शासन की विफलता, जवाब चाहती है जनता'

पुरी में लड़की को आग लगाने की घटना पर बोले पूर्व CM नवीन पटनायक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पुरी जिले में एक युवती को कथित तौर पर आग लगाने की घटना को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की और इसे शासन की विफलता करार दिया। बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पुरी जिले के बलंगा इलाके में एक युवती को आग लगाने की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। दिनदहाड़े उनकी हत्या का प्रयास हुआ। मैं इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। पटनायक ने आगे कहा, यह घटना एक हफ्ते के भीतर यह घटना हुई है। इससे पहले गोपालपुर की खौफनाक घटना के



एक महीने के बाद एफएम कॉलेज की एक युवती को भी जब हर दरवाजा खटखटाने के बाद भी न्याय नहीं मिला, तो उसने खुद को आग लगा दी थी। महिलाओं के खिलाफ ऐसी अकल्पनीय घटनाएं अब पूरे ओडिशा से रोजाना सामने आ रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये अलग-अलग हिंसा के मामले नहीं हैं। इतनी बार ऐसी घटनाएं होना सरकार की प्रणाली में गहरी कमी को दर्शाता है। इससे पता चलता है कि मौजूदा सरकार में अपराधी निडर हो गए हैं और उन्हें सजा मिलने की चिंता नहीं है। यह दिखाता है कि सरकार की लापरवाही और राजनीतिक संरक्षण के कारण ओडिशा महिलाओं के लिए बहुत असुरक्षित हो रहा है। क्या ओडिशा सरकार इस गहरी नींद से जागेगी और जल्दी कार्रवाई करेगी ताकि अपराधियों को पकड़ा जा सके? और सबसे जरूरी बात, क्या सरकार ऐसे हादसों को दोबारा होने से रोकने के लिए कदम उठाएगी? ओडिशा की लड़कियां और महिलाएं इसका जवाब चाहती हैं। कांग्रेस ने भी राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार इन घटनाओं के प्रति संवेदनशील नहीं है।

**उप मुख्यमंत्री परिदा ने भी घटना पर दुख जताया**

चंचल राणा ने आश्वासन दिया कि प्रशासन उपचार के लिए आर्थिक मदद देगा। उन्होंने कहा कि पुलिस दोषियों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा, पुलिस और जिला प्रशासन ने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है। वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर भेजे गए हैं। जिला प्रशासन और सरकार की ओर से सभी प्रकार की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# यूपी में कांवड़ियों ने CRPF जवान को घेरकर पीटा

**मिर्जापुर।** सावन के महीने में कांवड़ यात्रा चल रही है। कांवड़िए जल भरकर भगवान शिव पर चढ़ाने जा रहे हैं। इस बीच कई स्थानों से मारपीट की भी खबर सामने आ रही है।

इसी क्रम में मिर्जापुर का भी एक मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ कांवड़िए एक सीआरपीएफ जवान को रेलवे स्टेशन पर पीट रहे हैं। इसे लेकर अब आरपीएफ ने तीन कांवड़ियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर शनिवार को तब हड़कंप मच गया। जब कुछ कांवड़ियों ने एक सीआरपीएफ जवान के साथ मारपीट की।

# गाजा में खाद्य वितरण केंद्र पर गोलीबारी

50 फिलिस्तीनी मारे गए, मानवीय संकट बढ़ा

**महानगर नेटवर्क**

**गाजा**

गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से में शनिवार को 50 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार ये सभी खाने के पैकेट के लिए जा रहे थे। वहीं अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार इस्राइली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाई, जिसमें कई लोग घायल भी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक ये सभी फिलिस्तीनी गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) नाम की संस्था की तरफ से चलाए जा रहे खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे। यह संस्था अमेरिका और इस्राइल की मदद से मई महीने से गाजा में खाना बांट रही है। जीएचएफ ने मई महीने में गाजा में काम शुरू किया था। इसका मकसद भूखे लोगों को



खाना पहुंचाना है। अमेरिका और इस्राइल ने इस संस्था को इसलिए समर्थन दिया क्योंकि उनका आरोप है कि पारंपरिक यूएन आधारित राहत वितरण प्रणाली में हमास के आतंकी राशन चुरा लेते हैं।

हालांकि, संयुक्त राष्ट्र इस आरोप को सिरे से खारिज करता है। जीएचएफ दावा करता है कि उसने लाखों खाने के पैकेट बांटे हैं, लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सैंकड़ों लोग इन केंद्रों पर गोलीबारी में मारे जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार गोलीबारी की घटना मुख्य रूप से दो जगहों पर हुई, जिसमें पहली घटना तेइना इलाका, खान यूनिस शहर के पास हुई। इस दौरान लगभग तीन किलोमीटर दूर जीएचएफ के एक केंद्र की ओर सैकड़ों लोग पैदल चल रहे थे।

गवाहों के अनुसार पहले इस्राइली सेना ने चेतावनी में हवाई फायरिंग की, लेकिन बाद में सीधे लोगों पर गोलियां बरसा दीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि यह एक नरसंहार था सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। एक अन्य गवाह ने बताया कि टैंकों और ड्रोन से भी गोलियां चलाई गईं।

# यमन में फांसी की सजा पाई नर्स को झटका!

• निमिषा प्रिया को नहीं करेंगे माफ, ब्लड मनी भी नहीं लेंगे

**सना।** यमन की राजधानी सना में जिंदगी और मौत के बीच झूल रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को बड़ा झटका लगा है। तलाल अब्दो महदी के भाई ने निमिषा को ब्लड मनी लेकर माफी देने से साफ इंकार कर दिया है। हालांकि, अब भी निमिषा की जान बचाने के लिए परिवार और सरकार की ओर से तमाम कोशिशें जारी हैं और कोई भी फाइनल फैसला नहीं हुआ है। निमिषा को पहले 16 जुलाई को फांसी दी जानी थी, लेकिन



भारत सरकार की उसे बचाने की कोशिशो का असर हुआ है और कुछ समय के लिए फांसी को टाल दिया गया। नर्स का परिवार तलाल के भाई के संपर्क में है और ब्लड मनी के जरिए उसकी जान बचाने की कोशिश में लगा हुआ है। ब्लड मनी के लिए निमिषा की ओर से साढ़े आठ करोड़ रुपये तलाल के भाई को ऑफर किए गए हैं। हालांकि, इसके बावजूद भी तलाल के परिवार ने साफ कर दिया है कि न्याय तो होकर रहेगा, भले ही इसमें देरी क्यों न हो रही हो।

# हुर्रियत का मतलब नहीं, भारत में अपनी जगह बनाएं

पूर्व अलगाववादी की कश्मीरी युवाओं को सलाह

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर में मुख्य धारा की राजनीति में शामिल हुए तमाम अलगाववादी नेता अब राज्य के युवाओं के भी हुर्रियत प्रेम से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं। पूर्व अलगाववादी नेता बिलाल गनी लोन ने भी हुर्रियत को मौजूदा समय में पूरी तरह से अप्रासंगिक बताया। इतना ही नहीं उन्होंने जम्मू-कश्मीर में हिंसा और गड़बड़ी फैलाने के लिए पाकिस्तान को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह कभी भी कश्मीर को अपने साथ नहीं जोड़ सकता। जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के संस्थापक अब्दुल गनी लोन के बेटे बिलाल ने कहा कश्मीर में हुर्रियत की प्रासंगिकता पर बात की। उन्होंने कहा, "अगर आप आज की तारीख में देखेंगे तो हुर्रियत मौजूदा कश्मीर में कहीं भी मौजूद नहीं है। इसका कुछ काम नहीं



है।" उन्होंने आगे कहा, "एक समय था जब राज्य के लोगों को हुर्रियत पर भरोसा था.. लेकिन वर्तमान की वास्तविकता बिल्कुल अलग है। कहीं न कहीं हम लोगों का भरोसा बरकरार रखने में नाकामयाब रहे।" लोन ने कश्मीर में फैलने वाली अशांति के लिए पाकिस्तान को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि हमने कई बयान सुने हैं.. लेकिन उनका कोई नतीजा सामने नहीं आया है। पाकिस्तान को कश्मीर में दरार पैदा करने की बजाय यहां के हालातों को बेहतर बनाने के लिए मदद करनी चाहिए। लोन ने ताकत की दम पर कश्मीर के पाकिस्तान के साथ जाने की पाकिस्तानी सोच को बेवकूफी करार दिया। उन्होंने कहा कि यह एक पागलपन वाली सोच है। हालिया घटनाक्रम पर प्रकाश डालते हुए लोन ने कहा कि दोनों देशों के बीच में 48 घंटे का युद्ध हुआ, लेकिन कोई भी सेना एक इंच भी आगे नहीं बढ़ीं। लोन ने कहा कि कश्मीरियों की भलाई इसी में है कि वह कैसे भी करके इस हिंसा और अशांति के वातावरण से बाहर निकलें। पूर्व अलगाववादी नेता ने कश्मीर की युवा पीढ़ी को भी एक बेहतर सलाह दी। उन्होंने कहा कि कश्मीरी युवाओं को भारत को राजनीतिक चश्मे से देखने की जरूरत नहीं है। भारत लड़ाई करने के लिए एक बहुत बड़ी ताकत है, जिन्होंने भी भारत से लड़ाई करने की कोशिश की है वह बुरी तरीके से हारे हैं।

# आयरन फैक्टरी में ब्लास्ट, चार मजदूरों की मौत

**महानगर नेटवर्क**

**हजारीबाग**

झारखंड के हजारीबाग में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक आयरन फैक्टरी में भट्टी फट जाने से चार से ज्यादा लोगों की मौत की आशंका है। घटना के बाद फैक्टरी के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हादसे में कई मजदूर घायल भी हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मामला हजारीबाग के बरही इलाके का है। यहां एक फैक्टरी में शनिवार सुबह बड़ा ब्लास्ट हुआ। इस ब्लास्ट में चार से ज्यादा लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद भारी भीड़ फैक्टरी के बाहर जमा हो गई, लेकिन फैक्टरी का गेट नहीं खोला गया।

# ट्रेन में खाने को लेकर शिकायत की तो टूट पड़ा स्टाफ

• यात्री की पिटाई का वीडियो वायरल

**बड़ौदा।** लंबी दूरी के सफर के लिए आम से लेकर खास आदमी तक रेल यात्रा को ही तवज्जो देता है। हर व्यक्ति चाहता है कि उसकी यात्रा सुखद और आरामदायक हो। ट्रेन का सफर तो वैसे भी रिश्ते बनाने का सफर होता है। हालांकि कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं जो कि यात्रा का सारा मजा खराब कर देती हैं। ट्रेन में खाने को लेकर लोग अकसर सोशल मीडिया पर शिकायत करते हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। दावा किया गया है कि एक यात्री ने जब खाने और पानी की ज्यादा कीमत को लेकर आवाज उठाई तो पैंट्री स्टाफ मारपीट पर उतारू हो गया। आईआरसीटीसी और रेलवे कई बार यात्रियों को आश्वस्त कर चुका है कि इस तरह का व्यवहार नहीं होगा। इसके बाद भी यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं कष्टदायी हैं।

जानकारी के मुताबिक यह वीडियो 15 जुलाई 2025 का है। ट्रेन उस समय बड़ौदा डिवीजन में थी। इस पोस्ट पर रेलवे सेवा की तरफ से जवाब दिया गया। रेलवे ने कहा, संबंधित लोगों को जानकारी दे दी गई है। हम आपकी सहायता के लिए हमेशा उपलब्ध हैं। आप अपना पीएनआर नंबर और मोबाइल नंबर डीएम कर दें। घटना पर जबलपुर के डीआरएम ने भी माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि आईआरसीटीसी से संबंधित पैंट्री का कॉन्ट्रैक्ट रद्द करने का निर्देश दिया गया है।

# सनातन धर्म में हर एक पूजा का खास महत्व

सनातन धर्म में लगभग हर एक पूजा खास और महतवपर्ण है। सावन वाला ये महीना भी बेहद ही खास होता है। शिवभक्त इस पूरे महीने भगवान शिव की पूजा करते हैं। कई लोग व्रत रखकर इसे और खास बनाते हैं। सावन के महीने के शुरू हुए 1 हफ्ते पूरे होने जा रहे हैं। लोगों ने पहला सोमवार व्रत भी रख लिया गया है। वहीं जल्द ही लोग दूसरे सोमवार व्रत की तैयारी करते दिखेंगे। बता दें कि सावन में सोमवार का व्रत रखना खास माना जाता है। लोग इस व्रत को रखते हुए कई तरह की चीजों का ध्यान रखते हैं। वहीं अगर गलती से भी अगर किसी का ये व्रत टूट जाता है तो कभी सोचा है कि क्या करना चाहिए? चलिए जानते हैं आखिर हिंदू शास्त्रों में क्या लिखा हुआ है?

### सावन सोमवार व्रत से क्या होता है?

सबसे पहले जानते हैं कि आखिर सावन सोमवार का व्रत क्यों रखा जाता है? बता दें कि सावन सोमवार का व्रत कोई भी रख सकता है। इससे मानसिक शांति और खुशी मिलती है। जो भी इस व्रत को रखता है, उसे धन धान्य की कोई कमी नहीं होती है। शादीशुदा महिलाएं अपने वैवाहिक जीवन को मजबूत बनाए रखने के लिए इस व्रत को रखती हैं। वहीं माना जाता है कि अगर कुंवारी कन्याएं इस व्रत को रखती हैं तो मनचाहे साथी के साथ उनका विवाह होता है।

### व्रत टूटने पर करें ये काम

अगर गलती से भी आपका ये व्रत टूट जाता है तो परेशान ना हो। भगवान शिव दयालु होने के साथ-साथ भोले भी हैं। अगर सच्चे मन से कोई प्रार्थना की जाए या माफी मांगी जाए तो वो तुरंत सुनते हैं। शास्त्रो के अनुसार भगवान शिव से माफी मांगकर अगले व्रत को दोबारा शुरू कर सकते हैं। महा शिवपुराण में भी लिखा हुआ है कि आखिर व्रत टूटने पर क्या किया जाना चाहिए? इस महानग्रंथ में लिखा है कि अगर गलती से भी व्रत टूट जाए तो महामृत्युंजय मंत्र का जाप कर लेना चाहिए।

### हवन और दान से भी मिलेगा पुण्य

आप घर में छोटा सा एक हवन भी कर सकते हैं। इसके अलावा आप दान भी करेंगे तो इसका लाभ मिलेगा। मंदिर या आसपास के जरूरतमंदों को खाना और कपड़े दे सकते हैं।



अगर आप सावन के सारे सोमवार व्रत रखना चाह रहे थे और आपके मन में गिल्ट है तो आप सावन के बाद किसी दूसरे सोमवार को भी व्रत रख सकते हैं। शर्त सिर्फ ये है कि जो भी करें मन से करें ताकि भगवान शिव प्रसन्न हो जाएं।



# अलसी के तेल का दीपक जलाना बेहद शुभ

हिन्दू धर्म में दीपक का विशेष महत्व है. दीपक जलाने को बहुत ही शुभ कार्य माना जाता है. जब भी कोई शुभ मुहूर्त होता है या फिर भगवान की पूजा हो तो दीपक जलाया जाता है. दीपक जलाने को देवी-देवताओं के आह्वान का प्रतीक माना गया है. दीया जलाते समय कई बार हम तेल का उपयोग करते हैं. यूं तो सरसों और तिल के तेल का दीया जलाना सबसे ज्यादा शुभ माना गया है, लेकिन अलसी के तेल का दीया जलाना भी लाभकारी माना गया है. अलसी के तेल का दीया जलाना शुभ होता है. ये कब और कहां जलाना चाहिए?

### मां लक्ष्मी होती हैं प्रसन्न

अलसी मां लक्ष्मी को प्रिय है. ऐसे में अलसी के तेल का दीया जलाने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है. मां लक्ष्मी का घर में निवास होता है. घर की आर्थिक स्थिति सुधरने लगती है और कर्ज, तंगी, अधिक खर्च आदि समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है, इसलिए दीपक जलाते समय इस बात का ध्यान रखें कि दीपक हमेशा अलसी के तेल का ही जलाना चाहिए.

### क्या होता है फायदा

अलसी के तेल से दीपक जलाने का अर्थ होता है- धन लाभ के योग बन रहे हैं. धन प्राप्ति के नए रास्ते खुलते हैं. नौकरी करने वालों की तरक्की होती है और आय में वृद्धि होती है. घर में अलसी के तेल का दीया पश्चिम और पूर्व दिशा में जलाना चाहिए.

### इस देवता का प्रतीक है यह दिशा

पश्चिम दिशा मां लक्ष्मी के साथ-साथ शनिदेव की भी मानी जाती है. ऐसे में इस दिशा में अलसी के तेल का दीया जलाने से शनि दोष से मुक्ति मिलती है. शनिदेव प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाने लगते हैं.



### कहां-कहां जलाना चाहिए दीपक

घर के मुख्य द्वार, घर के मंदिर वाले कमरे और तुलसी के पास भी अलसी का दीया जला सकते हैं. इन स्थानों पर अलसी के तेल का दीया जलाने से घर की नकारात्मकता दूर होती है और धन बाधित करने वाले दोष दूर होते हैं. ग्रह दोष भी नष्ट होता है, इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि दीपक जलाते समय अलसी के तेल का उपयोग करना चाहिए.



# बालों की लंबाई बढ़ाने के लिए लगाएं टोनर

लंबे बाल हर किसी को पसंद होते हैं। लेकिन कई बार बालों की ग्रोथ रुक जाती है, जिसकी वजह से समस्या हो सकती है। ऐसे में हेल्दी ग्रोथ के लिए सही पोषण के साथ देखभाल करना जरूरी है।बालों की केयर ना करने पर बाल काफी बेजान और ड्राई होने लगते है। जिसकी वजह से बालों के झड़ने की समस्या होने लगती है। इसे कम करने के लिए और शाइन बनाए रखने के लिए कुछ घरेलू तरीकों को इस्तेमाल किया जा सकता है। बालों की देखभाल करने के लिए आप हेयर टोनर बना सकते हैं। ये बालों की ग्रोथ को बूस्ट करेगा। देखिए कैसे बना सकते हैं हेयर ग्रोथ टोनर-

### सेब के सिरके से बनाएं टोनर

सेब के सिरके में कई जरूरी गुण होते हैं जो बालों की खुसकी और ड्राईनेस कम करने में मदद कर सकते हैं। इस टोनर को बनाने के लिए एक बोतल में 2 गिलास पानी और 4 चम्मच सेब का सिरका मिक्स करें। इसे अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद एक स्प्रे बोतल में भरकर रख दें। फिर शैंपू करने से आधे घंटे पहले टोनर को स्कैल्प पर स्प्रे करें और फिर कुछ देर के लिए मालिश करें। कुछ देर रहने के बाद गुनगुने पानी का इस्तेमाल करते हुए बाल धो लें। इस दौरान किसी माइल्ड शैम्पू का इस्तेमाल करें।

### ग्रीन टी से बनाएं टोनर

ग्रीन टी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लामेटरी गुण होते हैं। ये बालों की ड्राइनेस दूर करने और बालों का झड़ना रोकने में मदद करते हैं। इसे बनाने के लिए एक बाउल में पानी डालकर गर्म करें। अब इसमें ग्रीन टी के बैग डालें और पानी का रंग बदलने तक गर्म करें। जब रंग बदल जाए तो इसे हल्का ठंडा होने दें और स्प्रे बोतल में डालकर रख दें। इसे भी शैम्पू करने से पहले बालों में लगाएं।


# हर मौसम में पैरों की देखभाल जरूरी

**हर मौसम में चेहरे का ख्याल रखने के साथ ही पैरों का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है। क्योंकि इस दौरान तपती धूप और धूल के कारण पैर काफी गंदे और काले हो जाते है। अगर पैर साफ ना हों तो ये काफी खराब दिखते हैं और लुक को भी बिगाड़ सकते हैं। पैरों की रंगत को गोरा रखने और उन्हें साफ बनाए रखने के लिए इन बातों को अपनाएं।**

- अपने पैरों की सही देखभाल शुरू करने का सबसे अच्छा तरीका अच्छी हाईजीन की प्रेक्टिस करना है।
- ऐसे में नहाते समय पैर को साबुन और गर्म पानी से अच्छी तरह साफ करें।
- नहाने के बाद पैरों को मुलायम तौलिये से थपथपाकर पूरी तरह सुखाएं, नमी वाली जगह पर फंगल पनपते हैं।
- हमेशा साफ मोजे और जूते पहनें, जो आपके पैरों को सांस लेने में मदद करें, खासकर अगर आप दिन में बहुत ज्यादा खड़े रहते हैं।
- पब्लिक प्लेस पर नंगे पैर चलने से बचें।
- ड्राई, डेड स्किन से छुटकारा पाने के लिए एक्सफोलिएटिंग फुट स्क्रब का इस्तेमाल करें।
- ड्राई स्किन वाले लोग चीनी आधारित स्क्रब का इस्तेमाल करें, क्योंकि नमक वाले स्क्रब से स्किन और भी ज्यादा ड्राई हो सकती है।
- अपने पैरों पर रोजाना प्यूमिक स्टोन का इस्तेमाल करने से भी एक्सफोलिएशन में मदद मिलती है।
- सोने से पहले मॉइस्चराइजिंग फुट क्रीम यूज करें। - दिन के दौरान हल्के, मजबूत जूते पहनें जो आपके पैरों को आराम दें।
- पैरों को कैसे साफ करें
- एक टब में गर्म पानी भरें और इसमें शैम्पू की कुछ बूंदें और एक एंटीसेप्टिक घोल मिलाएं।
- अब अपने पैरों को कम से कम 10 मिनट के लिए पानी में भिगोकर रखें ताकि जमा हुई गंदगी नरम हो जाए।
- पैर के नाखूनों को साफ करने के लिए नेल ब्रश का इस्तेमाल करें।
- एड़ियों और पैरों के तलवों के लिए फुट स्क्रबर का इस्तेमाल करें।
- पैर के नाखून बहुत लंबे हों तो उन्हें काट लें।
- पैरों को धीरे से थपथपाकर सुखाएं।
- अब मॉइस्चराइजर लगाएं और मालिश करें।



# लहसुन और गुड़ के लाभ



लहसुन सदियों से रसोई का हिस्सा रहा है. इस जड़ी-बूटी में जीवाणुरोधी और एंटीसेप्टिक प्रकृति के कारण औषधीय गुण हैं. लहसुन के लाभकारी गुण एलिसिन नामक यौगिक के कारण होते हैं. यह फॉस्फोरस, जिंक, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे खनिजों से भरपूर है. लहसुन में विटामिन सी, के, फोलेट, नियासिन और थायमिन भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं. ऐसे में आप इसको गुड़ के साथ खाते हैं, तो आपके शरीर में जमे खराब कोलेस्ट्रोल आसानी से बाहर निकल आएंगे.


➤ लहसुन को गुड़ के साथ खाते हैं, तो फिर आपको वजन घटाने में मदद मिलेगी. दरअसल, लहसुन में मौजूद गुण मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करते हैं. इससे शरीर में बैड कोलेस्ट्रोल कम होते हैं. इससे खून की कमी भी दूर होती है. यह हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने का भी काम करता है.

➤ लहसुन में पाया जाने वाला एलिसिन नामक यौगिक एलडीएल (खराब कोलेस्ट्रॉल) के ऑक्सीकरण को रोकता है. इससे कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है और हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है.

➤कच्चे लहसुन को आहार में शामिल करने से पाचन संबंधी समस्याएं बेहतर होती हैं। इससे आंतों को फायदा होता है और सूजन कम होती है.

➤लहसुन में मौजूद जिंक रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देता है. विटामिन सी संक्रमण से लड़ने में मदद करता है. यह आंख और कान के संक्रमण के खिलाफ बहुत फायदेमंद है क्योंकि इसमें रोगाणुरोधी गुण हैं.

# हृदय रोग की रोकथाम करेगा एंजाइना X AI



भारत में मृत्यु का प्रमुख कारण बन चुके हृदय रोग से निपटने के लिए एक ऐतिहासिक पहल के तहत, जसलोक अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर ने भारत के पहले एआई-आधारित डॉक्टर असिस्टेंट एंजाइनाX AI के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत, महाराष्ट्र का पहला एआई-सक्षम हृदय रोग रोकथाम मॉडल लॉन्च किया गया है।

यह सहयोग भारत की कार्डियोलॉजी प्रणाली को "देरी से इलाज" की जगह "समय पर रोकथाम" की दिशा में ले जाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। अब जसलोक के आउट पेशेंट विभागों (ओपीडी) में एंजाइनाX AI तकनीक सक्रिय है, जो डॉक्टरों को कुछ ही सेकंडों में हृदय रोग का जोखिम आंकने की क्षमता देती है, वह भी लक्षणों के प्रकट होने से पहले। यह सिस्टम वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित रिपोर्ट देता है और प्रत्येक रोगी के लिए व्यक्तिगत जीवनशैली और उपचार योजनाएं सुझाता है। हृदय रोग लाखों भारतीयों को प्रभावित करता है और अक्सर देर से पहचाना जाता है, जिससे इलाज मुश्किल हो जाता है। जसलोक अस्पताल और एंजाइनाX AI का यह मॉडल रोकथाम को तेज़, स्पष्ट और सुलभ बनाता है, ठीक उसी बिंदु से जहां रोगी सबसे पहले डॉक्टर से संपर्क करता है: यानी ओपीडी से। पद्म भूषण से सम्मानित और जसलोक अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के निदेशक, डॉ. अश्विन बी. मेहता, ने कहा, "दशकों से, कार्डियोलॉजी ने क्षति नियंत्रण पर ध्यान केंद्रित किया है। लेकिन अब एडवांस्ड एआई की मदद से हम क्षति शुरू होने से पहले ही खतरे का आकलन कर सकते हैं। यह मॉडल केवल नवाचार नहीं है पर इलाज की समयरेखा को पुनर्परिभाषित कर रहा है।" एंजाइना X सिस्टम 20 से भी अधिक महत्वपूर्ण क्लीनिकल और जीवनशैली से जुड़े संकेतकों का मूल्यांकन करती है, जिसमें विस्तारित लिपिड प्रोफाइल, ब्लड शुगर, सूजन संबंधी बायोमार्कर, मेटाबोलिक जटिलताएं, पारिवारिक इतिहास और जीवनशैली पैटर्न शामिल हैं। यह प्रणाली प्रमाणित भारतीय डेटा पर आधारित एक संरचित रिपोर्ट तैयार करती है जिसमें व्यक्तिगत जोखिम का मूल्यांकन, रोगी-विशिष्ट जांच सिफारिशें और स्पष्ट, क्रियाशील उपचार एवं फॉलोअप मार्गदर्शन शामिल होता है।

# बच्चों को जरूर सिखाएं ये फ्रेंडशिप स्किल

मेंटल हेल्थ के लिए सोशल स्किल बढ़ाना आज की जरूरत बन गई है. इसकी ट्रेनिंग बचपन से ही देना फायदेमंद रहता है. जब बच्चे अपने माता पिता को लोगों से मिलते जुलते देखते हैं या दोस्त होने के महत्व को समझते हैं तो वे भी दोस्ती करने के लिए लोगों से मिलते जुलते हैं और अपने उम्र के बच्चों के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाते हैं. दरअसल कई बार माता पिता बच्चों के प्रति कुछ ज्यादा ही प्रोटेक्टिव रहते हैं और उन्हें अकेला नहीं छोड़ते और उनकी उम्र के बच्चों के साथ घुलने मिलने नहीं देते. स्कूल के अलावा वे घर पर ही सारे ट्यूशन लगा देते हैं. ऐसे में बच्चे सोशल नहीं हो पाते और दूसरों से शर्माने लगते हैं. ऐसे बच्चों को जीवनभर दोस्ती करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है. ऐसे हालात से बचने के लिए माता पिता के लिए जरूरी है कि वे बच्चों को दोस्ती करना सिखा दें.बच्चों को जरूर सिखाएं ये फ्रेंडशिप स्किल-

### दोस्ती का महत्व बताएं

छोटे बच्चों को आप दोस्ती का महत्व बताएं और यह सिखाएं कि दोस्त होने का मतलब है केयर करना, शेयर करना, अच्छा श्रोता बनना और अगर दोस्त अपसेट है या परेशान है तो उसे बेहतर महसूस कराने की कोशिश करना.

### दोस्तों के साथ अच्छा बरताव

बच्चों के लिए उनके माता पिता सबसे अच्छे रोल मॉडल होते हैं, इसलिए आप बच्चों को बताएं कि किस तरह आपके दोस्त ने आपकी परेशानी को दूर कर दिया, आपकी चीजों का ख्याल रखा और आप अपने दोस्तों की कितनी परवाह करते हैं.

### मिलना-जुलना जरूरी

बच्चों को अपने दोस्तों के साथ कुछ साथ में वक्त गुजारने का मौका दें. अगर बच्चे अपने किसी दोस्त से पार्क या ग्राउंड में मिलना चाहता है तो उसे मोटिवेट करें और उन्हें अपने उम्र के दोस्तों के बीच एक्टिविटी में हिस्सा लेने के लिए मौका दें.

### सिखाएं नए दोस्त बनाने का तरीका

आप अपने बच्चों को बता सकते हैं कि जब भी किसी से मिलें तो मुस्कुराहट के साथ मिलें और गर्म जोशी के साथ अपना नाम बताएं. उसकी मदद करने का प्रयास करें और घर या खेलने वाली जगह पर भी इनवाइट करे.

### शेयरिंग और केयरिंग

बच्चों को शेयर करना घर से ही सिखाना जरूरी है. इस तरह बच्चे को अपने खिलौने, किताबें आदि शेयर करने का महत्व बताएं और खुद के इमोशन पर कंट्रोल करना बताएं.



# पुरुषों के लिए स्किन केयर टिप्स

गर्मी के मौसम में सिर्फ महिलाओं की ही त्वचा खराब नहीं होती, बल्कि पुरुषों की भी स्किन पर कड़ी धूप का नेगेटिव असर होता है. जो पुरुष ऐसा सोचते हैं कि उन्हें स्किन केयर की जरूरत नहीं तो वो गलत हैं. हर किसी की स्किन संवेदनशील होती है. धूप हर किसी की त्वचा को एक-समान ही नुकसान पहुंचा सकता है. अधिकतर पुरुषों को काम से घर के बाहर जाना पड़ता है. दिन भर दौड़ भाग करनी होती है, ऐसे में डायरेक्ट सन एक्सपोजर से आपकी स्किन भी झुलस सकती है. तो चलिए जानते हैं पुरुषों को गर्मी में अपनी स्किन केयर रुटीन में किन बातों का ख्याल रखना चाहिए.



1 पुरुष महिलाओं से अधिक घर से बाहर रहते हैं. कुछ लोगों का तो काम ही ट्रैवल करने का होता है. ऐसे में गर्मी में आपको अपनी त्वचा का विशेष ख्याल रखने की जरूरत है. दिन भर में दो से तीन बार अपनी त्वचा को पानी से साफ करें. इससे त्वचा और पोर्स में जमी धूल, गंदगी साफ होगी. एक्स्ट्रा ऑयल भी निकल जाएगा. अधिक हार्श साबुन के इस्तेमाल से बचें वरना स्किन बहुत ड्राई लगेगी.

2 जब भी आप घर से बाहर निकलें तो सनस्क्रीन लोशन जरूर लगाएं. ऐसा नहीं कि सनस्क्रीन पुरुष नहीं सिर्फ महिलाएं ही लगा सकती हैं. इससे आपकी स्किन टैन नहीं होगी. सनबर्न का असर नहीं होगा. अपनी स्किन टाइप के अनुसार आप सनस्क्रीन लोशन का इस्तेमाल करें.

3 आप चाहें तो स्क्रब भी इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे स्किन, पोर्स में छिपी गंदगी आसानी से साफ हो जाती है. पोर्स खुलते हैं. स्क्रब करने से डेड स्किन सेल्स भी हट जाते हैं. आप सप्ताह में दो बार डीप एक्सफोलिएशन के लिए स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं. आपकी त्वचा भी बहुत साफ-सुथरी नजर आएगी.

4 महिलाओं की तरह पुरुषों को भी टोनर अप्लाई करना चाहिए. चूंकि, पुरुषों की स्किन अधिक टाइट, मोटी होती है, ऐसे में टोनर लगाना जरूरी होता है. इसे लगाने से रोमछिद्र साफ होते हैं. आप चाहें तो किसी स्किन एक्सपर्ट से कंसल्ट कर सकते हैं.

5 मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो जरूर करें. इससे स्किन में नमी बनी रहती है. त्वचा ड्राई नहीं होती है. झुर्रियों, झाइयों से बचाव हो सकता है. अच्छी क्वालिटी का लाइटवेट मॉइश्चराइजर लगाने से स्किन संबंधित कई अन्य समस्याएं जैसे दाग-धब्ब, मुंहासे, रूखापन आदि से भी छुटकारा मिल सकता है.

6 गर्मी के दिनों में हर दिन दाढ़ी शेव करने से बचना चाहिए. इससे त्वचा ओवरएक्टिव होती है और स्किन की मरम्मत सही से नहीं हो पाती है. शेविंग करने से स्किन साफ रहती है, जिससे सूरज की हानिकारक यूवी किरणें डायरेक्ट त्वचा पर पड़ती है. इससे त्वचा डैमेज हो सकती है. ऐसे में हल्की दाढ़ी रहे तो बेहतर है. दाढ़ी बनाने के बाद आफ्टर शेव जरूर यूज करें. इससे त्वचा में नमी बनी रह सकती है.

# मैनचेस्टर में खूब बोलता है जो रूट का बल्ला

## बड़े रिकॉर्ड पर नजरें, पोंटिंग-द्रविड़ से निकलेंगे आगे

**मैनचेस्टर (यूके)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट कुछ दिग्गजों को पछाड़ने की कोशिश करेंगे क्योंकि सचिन तेंदुलकर के सर्वकालिक टेस्ट रिकॉर्ड की राह थोड़ी आसान हो गई है। मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान रूट को ऑस्ट्रेलियाई महान रिकी पोंटिंग को पछाड़ने और तेंदुलकर के बाद सफेद टेस्ट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने के लिए 120 रन और चाहिए। इंग्लैंड के पक्ष में 2-1 से सीरीज हो और लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में शतक लगाकर पहले दो टेस्ट में मिले-जुले प्रदर्शन की भरपाई करने के साथ यह अनुभवी खिलाड़ी इंग्लैंड के लिए सर्वश्रेष्ठ रन-मशीन बने रहने का लक्ष्य रखेगा।

### इंग्लैंड 2-1 से आगे

अब तक तीन टेस्ट मैचों में रूट ने 50 .60 की औसत से 253 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वह अब तक आठवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जो इस दशक में उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए थोड़ा निराशाजनक है। रूट का मैनचेस्टर में शानदार रिकॉर्ड है, जहां उन्होंने 11 टेस्ट मैचों की 19 पारियों में 65 .20 की औसत से 978 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254 है। यह स्टाइलिश बल्लेबाज वर्तमान में टेस्ट मैचों में पांचवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ हैं जिन्होंने 156 टेस्ट मैचों की 285 पारियों में 50 .80 की औसत से 13,259 रन बनाए हैं, जिसमें 37 शतक और 66 अर्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 262 है। सिर्फ 30 रन और बनाकर रूट चौथे स्थान पर पहुंच जाएंगे और भारत के महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ देंगे जबकि 120 रन और बनाकर वह दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस (166 टेस्ट मैचों में 13,289 रन) और ऑस्ट्रेलिया के पोंटिंग (168 मैचों में 13,378 रन) को पछाड़कर अब तक के दूसरे सबसे ज़्यादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। तेंदुलकर टेस्ट मैचों में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने 200 टेस्ट मैचों की 329 पारियों में 53 .78 की औसत से 15,921 रन बनाए हैं जिसमें 51 शतक और 68 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 248* है।

**इंग्लैंड सीरीज के लिए भारत की टेस्ट टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

**भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।



## शमी के लिए वापसी के खुल सकते हैं दरवाजे

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद को आगामी घरेलू सीजन के लिए बंगाल के 50 संभावित खिलाड़ियों की विस्तारित सूची में शामिल किया गया है। 28 अगस्त से शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी से पूर्व जोन की ओर से खेल सकते हैं। यह शमी की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी का मंच बन सकता है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भारत के लिए 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी-20 मैच खेले हैं। एक लंबे अंतराल के बाद टखने की सर्जरी से उबरकर उन्होंने भारत के लिए आखिरी बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था और शमी ने पांच मैचों में नौ विकेट लिए थे, जो भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक थे (चक्रवर्ती ने ये नौ विकेट केवल तीन मैचों में लिए)। हालांकि, शमी टूर्नामेंट में भारत के सबसे महंगे गेंदबाजों में भी शामिल रहे, जिनकी इकोनॉमी 5.68 रन प्रति ओवर रही। इसके बाद इंडियन प्रीमियर लीग में शमी की नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर रही, और उनका प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा। उन्होंने नौ मैचों में केवल छह विकेट लिए और उनकी इकॉनमी 11.23 रन प्रति ओवर रही। टखने की सर्जरी कराई और घुटनों की समस्याओं से भी जूझे। उन्होंने जनवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज में वापसी की थी।

# 58 रन बनाते ही जडेजा रच देंगे नया कीर्तिमान...

## सोबर्स के इस खास क्लब में होगी एंट्री



**मैनचेस्टर।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट सीरीज में बल्ले से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. जडेजा लगातार चार अर्धशतक जड़ चुके हैं, जो उनके बेहतरीन फॉर्म को बयां करता है. अब जडेजा टेस्ट क्रिकेट में एक और कीर्तिमान रचने के बेहद करीब हैं. अगर जडेजा मौजूदा सीरीज में 58 रन और बना लेते हैं तो वो इंग्लैंड में नंबर-6 या उससे निचले क्रम पर बैटिंग करते हुए 1000 टेस्ट रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन जाएंगे।

### जडेजा का कैसा है टेस्ट रिकॉर्ड?

**रवींद्र जडेजा ने अब तक 83 टेस्ट मैचों में 36 .97 की औसत से 3697 रन बनाए**

अब तक यह उपलब्धि केवल वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स ही हासिल कर पाए है, जिन्होंने इंग्लैंड में नंबर-6 या उससे नीचे के क्रम पर बैटिंग करते हुए टेस्ट क्रिकेट में 1097 रन बनाए थे, रवींद्र जडेजा ने मौजूदा टेस्ट सीरीज में अब तक तीन मैचों में 109 की औसत से 327 रन बनाए हैं। वो सौरव गांगुली और ऋषभ पंत के बाद ऐसे तीसरे भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन्होंने इंग्लैंड में लगातार चार पारियों में 50 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज रवींद्र जडेजा ने अब तक 83 टेस्ट मैचों में 36.97 की औसत से 3697 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 4 शतक और 26 अर्धशतक निकले। जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाजी का भी जलवा बिखेरा है। जडेजा 24.93 के एवरेज से 326 विकेट झटक चुके हैं। रवींद्र जडेजा ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच की दूसरी पारी में जो धैर्य और जज्बा दिखाया था, वो फैन्स काफी समय तक नहीं भूलेंगे। जडेजा ने तब 181 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाए थे। जडेजा ने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर भारतीय टीम को मैच जिताने की पूरी कोशिश की थी। जडेजा ने बुमराह के साथ मिलकर नौवें विकेट के लिए 35 रन जोड़े। फिर सिराज संग उनकी दसवें विकेट के लिए 23 रनों की पार्टनरशिप हुई। भारतीय टीम लॉर्ड्स टेस्ट मैच को 22 रनों से हार गई थी। इसके चलके वो पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-2 से पिछड़ चुकी है। सीरीज का पहला टेस्ट लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम को 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। फिर बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेले गए दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया ने 336 रनों से जीत हासिल की थी। सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाना है।

# हैदराबाद करेगा दूसरे महिला कबड्डी विश्वकप की मेजबानी



**हैदराबाद।** बिहार के हटने के बाद हैदराबाद तीन से 10 अगस्त तक चलने वाले महिला कबड्डी विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा। अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) द्वारा भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) के सहयोग से हैदराबाद के गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस विश्वकप में 14 टीमें भाग लेंगी। भारत के अलावा, ईरान, बंगलादेश, नीदरलैंड, जापान, पोलैंड, यूगांडा, केन्या, हंगरी, थाईलैंड, नेपाल, जर्मनी और अर्जेंटीना महिला कबड्डी विश्वकप के दूसरे संस्करण में भाग लेने की पुष्टि कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट मूल रूप से बिहार के राजगीर में आयोजित होना था, लेकिन राज्य द्वारा मेजबानी से हटने के बाद इसे हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया। हैदराबाद 2005 में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी कर चुका है। बिहार ने 2012 में पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित महिला कबड्डी विश्व कप के पहले संस्करण की भी मेजबानी की थी। इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया था। भारत ने फाइनल में ईरान को 25-19 से हराकर खिताब जीता था।

# एशिया कप 2025 पर गहराया संकट

## BCCI ने कहा- टीम इंडिया नहीं लेगी हिस्सा

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 को लेकर संकट के बादल गहराने लगे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) की 24 जुलाई को बांग्लादेश की राजधानी ढाका में प्रस्तावित सालाना बैठक को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। बीसीसीआई ने साफ कर दिया है कि अगर बैठक का स्थान नहीं बदला गया, तो वह बैठक में हिस्सा नहीं लेगा और ढाका में होने वाले किसी भी फैसले को स्वीकार नहीं करेगा। सूत्रों के मुताबिक, बीसीसीआई ने बांग्लादेश में मौजूदा हालात और वहां बढ़ते राजनीतिक तनाव को देखते हुए पहले ही एसीसी से बैठक का स्थान बदलने की मांग की थी। हालांकि, एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। बता दें कि मोहसिन



नकवी फिलहाल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अध्यक्ष होने के साथ-साथ एसीसी के भी अध्यक्ष हैं। बीसीसीआई से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी भारत पर अनावश्यक दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "हमने ढाका में मौजूदा हालात को देखते हुए समय रहते बैठक का स्थान बदलने की अपील की थी। लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। ऐसे में अगर एसीसी ढाका में बैठक आयोजित करता है, तो बीसीसीआई उस बैठक में लिए गए किसी भी फैसले को नहीं मानेगा।"गौरतलब है कि एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत के पास है। यह टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा और इसमें छह टीमें भाग लेंगी। हालांकि, अभी तक न तो टूर्नामेंट की तारीख तय हुई है और न ही वेन्यू का ऐलान हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि अगर सभी परिस्थितियां अनुकूल रहीं, तो यह टूर्नामेंट सितंबर 2025 में आयोजित किया जा सकता है।

# बियर्स, डरहम, हैम्पशायर और केंट ने टी20 के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**लंदन।** न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान टॉम लैथम ने अपना पहला टी20 ब्लास्ट शतक जड़ा जिससे बियर्स ने ग्रुप मैचों के तनावपूर्ण आखिरी मैच के बाद डरहम, हैम्पशायर और केंट के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। लैथम ने एलेक्स डेविस के साथ पहले विकेट के लिए 187 रनों की साझेदारी की जिससे बियर्स ने नॉर्थ ग्रुप के डर्बी में डर्बीशायर को 127 रनों से हरा दिया। लंकाशायर लाइटनिंग और नॉर्थम्प्टनशायर स्टीलबैक्स पहले ही क्वालीफाई कर चुके थे, डरहम को पता था कि नॉर्थम्प्टनशायर स्टीलबैक्स पर जीत उन्हें अंतिम आठ में जगह दिला देगी और उन्होंने नौ विकेट से करारी जीत और एलेक्स लीज के पहले ब्लास्ट शतक के साथ ऐसा ही किया। नॉटिंघमशायर के युवा खिलाड़ी फरहान अहमद ने इस साल की प्रतियोगिता की तीसरी हैट्रिक लगाई और आउटलॉज ने ट्रेंट ब्रिज में लंकाशायर पर सांत्वना जीत हासिल की। साउथ ग्रुप में, गुरुवार को एसेक्स के हाथों हैम्पशायर की हार ने उन्हें मैदान से बाहर खड़े होकर घबराहट में देखने पर मजबूर कर दिया, लेकिन उनका बेहतर रन-रेट सरे, समरसेट और केंट के साथ आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त था। डर्बी में, समित पटेल फाल्कन्स के लिए अपने आखिरी मैच में जीत के साथ विदाई लेने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन बियर्स ने शानदार जीत के साथ अपना क्वालिफिकेशन पक्का कर लिया और उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

# शमी से आगे निकल सकते हैं जसप्रीत बुमराह

**लंदन।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान सिर्फ तीन मैच में खेलते हुए नजर आएंगे। उन्होंने पहला और तीसरा मैच खेला है और अब चौथे-पांचवें मैच में से एक मैच खेलने वाले हैं। वर्कलोड मैनेज करने के लिए टीम मैनेजमेंट ने ये फैसला किया है। दो टेस्ट मैचों में 12 विकेट लेकर, बुमराह मौजूदा सीरीज में भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे मोहम्मद सिराज हैं, जिन्होंने अपने तीन मैचों में 13 विकेट लिए हैं। जसप्रीत बुमराह के पास इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में डेनिस लिली और मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ना का मौका है।



### मोहम्मद शमी के नाम 197 मैचों में 462 विकेट

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में लिली को पीछे छोड़ने के लिए सिर्फ 4 विकेट की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेनिस लिली ने 133 इंटरनेशनल मैचों में 458 विकेट लिए हैं। उन्होंने टेस्ट में 355 और वनडे में 103 विकेट चटकाए हैं। जसप्रीत बुमराह ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 455 विकेट चटकाए हैं। बुमराह ने वनडे में 149, टेस्ट में 217 और टी20 में 89 विकेट झटके हैं। बुमराह पिछले कुछ समय से पीठ की चोट से परेशान हैं, जिसके कारण वह ज्यादा मैच नहीं खेल पा रहे हैं। मोहम्मद शमी के नाम 197 मैचों में 462 विकेट हैं।

श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। श्रीलंका के इस दिग्गज ने 1347 विकेट लिया है। उन्होंने टेस्ट मैचों में 800 विकेट लिए हैं। जसप्रीत बुमराह के चौथे मैच में खेलने की संभावनाओं पर भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा, ''नहीं, हम यह फैसला मैनचेस्टर में ही लेंगे। हम जानते हैं कि अंतिम दो टेस्ट में से हम उसे एक के लिए चुन सकते हैं। मुझे लगता है कि अब मैनचेस्टर में श्रृंखला दांव पर है इसलिए उसे खिलाने पर विचार किया जाएगा।
'' भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर में शुरू होगा।

## मैनचेस्टर टेस्ट से पहले बोले पूर्व भारतीय लेग स्पिनर

# बुमराह को अगले दो टेस्ट खेलने चाहिए

**मैनचेस्टर।** पूर्व भारतीय लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सीरीज के आखिरी दो टेस्ट खेलने चाहिए। भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट के लिए जैसे ही मैनचेस्टर में मैच शुरू होने वाला है, जियोहॉटस्टार के विशेषज्ञ अनिल कुंबले और भारत के सहायक कोच रयान टेन डेशकाटे ने जियोहॉटस्टार के शो, 'फॉलो द ब्लूज़' में टीम चयन पर चर्चा की और खिलाड़ियों की चोटों पर अपडेट साझा किए। जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता और मोहम्मद सिराज की फिटनेस से लेकर ऋषभ पंत की रिकवरी टाइमलाइन तक, दोनों ने टीम की मानसिकता और योजना के बारे में भी जानकारी दी क्योंकि सीरीज अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर रही है। 'फॉलो द ब्लूज़' पर बात करते हुए अनिल कुंबले ने बाकी टेस्ट सीरीज के लिए जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता के महत्व पर जोर दिया। कुंबले ने कहा, 'मैं निश्चित रूप से बुमराह को अगला मैच खेलने के लिए प्रोत्साहित करूंगा क्योंकि यह बेहद महत्वपूर्ण है। अगर वह नहीं खेलते हैं और भारत टेस्ट हार जाता है, तो बस, सीरीज खत्म हो जाएगी। बुमराह को बाकी दोनों टेस्ट मैचों में खेलना चाहिए। हां, उन्होंने पहले कहा था कि वह केवल तीन मैच खेलेंगे, लेकिन इसके बाद एक लंबा ब्रेक है।



## शास्त्री ने केएल राहुल की तकनीकी कुशलता का खुलासा किया

**लंदन।** पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री को उम्मीद है कि भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल लंबे प्रारूप में और शतक लगाएंगे। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला में भारत के लिए बल्ले से अहम योगदान देने वालों में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल शामिल हैं। तीन टेस्ट मैचों में 375 रन, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है, के साथ राहुल अब तक श्रृंखला में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। राहुल के हालिया प्रदर्शनों ने उन्हें भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री की सराहना दिलाई है। आईसीसी रिव्यू के नवीनतम संस्करण में बात करते हुए, शास्त्री ने इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन का समर्थन किया। शास्त्री ने कहा, ह्मुझे लगता है कि दुनिया में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं था जिसने उनकी क्षमता को नकारा हो और कहा हो कि वह (राहुल) प्रतिभाशाली नहीं हैं। उन्होंने कहा, लोगों को इस बात से चिढ़ थी कि इतनी प्रतिभा के बावजूद, वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे। और इस सीरीज में, आप राहुल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देख रहे हैं। शास्त्री ने आगे बताया कि राहुल ने इस फॉर्म को पाने के लिए एक तकनीकी बदलाव किया है। उन्होंने कहा, मैं देख रहा हूं कि उन्होंने अपने अगले पैर, अपनी मुद्रा और डिफेंस करते समय थोड़ा सा बदलाव किया है। शास्त्री ने कहा, यह थोड़ा खुल गया है, जिससे उनकी पीठ आसानी से बाहर आ जाती है। यहां तक कि जब वह मिड-विकेट की ओर मार रहे होते हैं, तब भी ब्लेड का पूरा मुंह सामने होता है।



# कॉन्वे की फिफ्टी से न्यूजीलैंड जीता

## ट्राई सीरीज के तीसरे मैच में जिम्बाब्वे को 8 विकेट से हराया: मैट हेनरी को 3 विकेट

**नई दिल्ली।** डेवोन कॉन्वे की फिफ्टी से न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को टी20I ट्राई सीरीज में 8 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। इसी के साथ कीवी टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई है। शुक्रवार को हरारे में खेले गए मैच में मैट हेनरी के 3 विकेट के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए जिम्बाब्वे को 120/7 के स्कोर पर रोका। इसके बाद न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने 14 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे उनका नेट रन रेट 1.919 तक पहुंच गया। जिम्बाब्वे को अभी कोई अंक नहीं मिला है और उन्हें ट्राई सीरीज में बाहर होने से बचने के लिए दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दोनों मैच जीतने होंगे। इस मैच में जिम्बाब्वे ने पिछले मैच (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) की तुलना में अधिक आक्रामकता दिखाई, लेकिन वे केवल 11 चौके और एक छक्का ही लगा सके, जो पिछले मैच से कम था।जिम्बाब्वे की सबसे बड़ी साझेदारी 37 रन की थी, जबकि न्यूजीलैंड ने दो अर्धशतकीय साझेदारियां कीं।



### कॉनवे और रचिन की फिफ्टी पार्टनरशिप

टिम साइफर्ट के आउट होने के बाद डेवोन कॉनवे और रचिन रवींद्र ने 44 गेंदों में 59 रन जोड़े, फिर कॉनवे और डेरिल मिशेल ने 32 गेंदों में 58 रन की साझेदारी कर जीत आसान कर दी ।न्यूजीलैंड की गेंदबाजी शानदार रही। मैट हेनरी ने 3/26 के साथ छोटी गेंदों का अच्छा उपयोग किया। स्पिनर मिशेल सैंटनर, माइकल ब्रेसवेल और रवींद्र ने 9 ओवर में केवल 43 रन देकर एक-एक विकेट लिया। जिम्बाब्वे के गेंदबाजों में केवल ब्लेसिंग मुजारबानी ने 6 .75 की इकोनॉमी के साथ एक विकेट लिया। वेलिंगटन मसाकद्ज़ा की जगह तेज गेंदबाज टिनोटेंडा मापोसा को खिलाने का फैसला गलत साबित हुआ। डेवोन कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने दूसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़े। वेस्ली मधेवेरे ने पहली गेंद पर चौका लगाकर जिम्बाब्वे को तेज शुरुआत दी। पहले ओवर में 11 रन बने। पिछले 11 पारियों में केवल एक बार 20 से अधिक रन बनाने वाले मधेवेरे ने आक्रामकता दिखाई, लेकिन 36 रन बनाकर आउट हो गए।

मधेवेरे और क्लाइव मडांडे के आउट होने के बाद जिम्बाब्वे का मिडिल ऑर्डर 43 गेंदों में 5 विकेट खोकर 37 रन ही बना सका। रेयान बर्ल, सिकंदर रजा और ताशिंगा मुसेकिवा जल्दी आउट हुए, जिससे एक समय जिम्बाब्वे 17वें ओवर में 98/6 के स्कोर पर था। आखिरी 3 ओवर में केवल 21 रन बने।

### मुजारबानी ने साइफर्ट को आउट किया



रिचर्ड नगरावा और मुजारबानी ने शुरुआत में दबाव बनाया। नगरावा को पहली गेंद पर विकेट मिल सकता था, लेकिन कैच छूटा। मुजारबानी ने साइफर्ट को आउट किया, लेकिन कॉनवे के दो कैच छोड़े। न्यूजीलैंड चार ओवर में 19/1 था, लेकिन रवींद्र के तीन चौकों ने दबाव कम किया।
कॉन्वे शुरू में संघर्ष करते दिखे। उनके दो शॉट टॉप-एज हुए, लेकिन कैच नहीं हुए। मापोसा की गेंद पर वह लगभग आउट थे, और एक बार रन-आउट भी बचे। लेकिन बाद में उन्होंने नगरावा और रजा पर छक्के लगाए और 34 गेंदों में अर्धशतक बनाया। यह उनकी पिछले 15 टी20 पारियों में दूसरी फिफ्टी थी।

# भारत बनाम इंग्लैंड मैच के दौरान जल्दी खराब हो रही ड्यूक्स गेंदें

## शिकायतों के बाद जांच का फैसला

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के दौरान आलोचना का सामना कर रहे 'ड्यूक्स' गेंद की निर्माता कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि वह गेंद के जल्दी 'नरम (खराब)' होने की गहन समीक्षा करेंगे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड की आलोचना के बाद इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) इस्तेमाल की गई ज्यादा से ज्यादा गेंदों को इस सप्ताह के आखिर तक ड्यूक्स गेंद बनाने वाली कंपनी को लौटा देगा। ड्यूक्स का निर्माण करने वाली 'ब्रिटिश क्रिकेट बॉल्स लिमिटेड' के मालिक दिलीप जाजोदिया ने कहा, 'हम इन (इस्तेमाल हुई) गेंदों को ले जाएंगे, निरीक्षण करेंगे और फिर इसके निर्माण से जुड़े लोगों से बातचीत करेंगे। हम इस मामले में जो भी जरूरी होगा वह कदम उठाएंगे।' उन्होंने कहा, 'समीक्षा में अगर हमें लगेगा कि कुछ बदलाव करने की जरूरत है, तो हम करेंगे।' पांच मैचों की मौजूदा श्रृंखला के दौरान मैदानी अंपायरों को नियमित रूप से गेंदों को बदलना पड़ा क्योंकि वे जल्दी नरम हो जा रही थीं। गेंद लगभग 30 ओवर के इस्तेमाल के बाद ही खराब हो जा रही थी। इस पूरी प्रक्रिया के कारण मैचों के दौरान विलंब भी हुआ। टेस्ट श्रृंखला के लिए इस्तेमाल होने वाली गेंद का निर्णय मेजबान बोर्ड करता है। इंग्लैंड में ड्यूक्स गेंद का उपयोग किया जाता है तो वहीं भारत में टेस्ट मैच एसजी गेंद से खेले जाते हैं।



# काला चश्मा-ब्लैक सूट में रणवीर सिंह की धमाकेदार एंट्री



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रणवीर सिंह इस समय अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' से चर्चा में है। अब एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें उनके डैशिंग लुक को देख यूजर्स हैरान हो गए हैं और शानदार प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। चलिए देखें क्या है वायरल वीडयो और यूजर्स के रिएक्शंस।

**रणवीर सिंह की स्वैग एंट्री ने लूटी महफिल**

अभिनेता रणवीर सिंह का सोशल मीडिया पर जो वीडयो वायरल हो रहा है, उसमें उन्हें फुल टू ब्लैक ऑउटफिट में एयरपोर्ट से बाहर आते देखा जा सकता है। अभिनेता ने ब्लैक कलर का ट्रैक सूट पहन रखा है और उसके साथ चेहरे पर मास्क और काला चश्मा लगाए दिख रहे हैं। रणवीर सिंह को देखते ही पैप्स कहते हैं कि बाबा ने आग लगा दी। वीडियो के अंत में अभिनेता ने मास्क को थोड़ा नीचे करके पैपराजी से फोटो क्लिक कराई, फिर अपनी ब्लैक कलर की ही गाड़ी में बैठ कर चले जाते हैं।

**नेटिजंस ने दी प्रतिक्रिया**

इस वीडियो के वायरल होते ही नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने लिखा कि रणवीर ऑन फॉयर। दूसरे यूजर ने कहा कि अभिनेता शानदार दिख रहे हैं। इसके अलावा अन्य यूजर्स अभिनेता के ड्रेसिंग स्टाइल को काफी पंसद कर रहे हैं और लाल दिल वाला इमोजी बनाकर रिएक्ट कर रहे हैं।

# कियारा आडवाणी की बेटी से मिले सलमान खान ?

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस वक्त चर्चा में बने हुए हैं। कपल ने अपनी जिंदगी में एक नया फेज शुरू किया है। दोनों अब माता-पिता बन गए हैं। हाल ही में, कियारा ने एक बेटी को जन्म दिया है। जब से कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा माता-पिता बने हैं, तभी से उनके चाहने वाले नन्ही मल्होत्रा को देखने के लिए बेताब हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है जिसके बाद लोग इस बात से हैरान हैं कि क्या सच में कियारा की बेटी से मिलने सलमान खान गए थे?



**कियारा की बेटी संग सलमान की फोटो?**

दरअसल, सलमान खान के फैन पेज से एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की गई। फोटो में सलमान, कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ दिख रही एक बच्ची संग पोज दे रहे हैं। फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है, कपल के लिए बधाईयां।

**नकली है सलमान की फोटो**

अब यह तस्वीर देखते ही लोग कमेंट बॉक्स में बेबी की तारीफ करने लगे। एक ने कहा, ₹सलमान खान भी गया था?₹ यह तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। अगर आपको भी लग रहा है कि यह तस्वीर असली है तो आप गलत हैं। यह एक AI जेनरेटेड फोटो है। तस्वीर में दिख रही बच्ची में कियारा और सिद्धार्थ की बेटी भी नहीं है। इस तस्वीर को AI के जरिए एडिट किया गया है। कमेंट बॉक्स में कई यूजर भी कमेंट कर इसे फेक बता रहे हैं।

**बेटी को लाइमलाइट से दूर रखेगा कपल**

कियारा आडवाणी ने 15 जुलाई 2025 को एक बेटी को जन्म दिया था। सिद्धार्थ ने एक पोस्ट के जरिए बेटी के जन्म की घोषणा की थी। हालांकि, बेबी गर्ल की कोई फोटो नहीं शेयर की थी। बाद में उन्होंने एक पोस्ट के जरिए नो फोटो पॉलिसी अनाउंस की और बताया कि वह इस फेज को प्राइवेट तरीके से एन्जॉय करना चाहते हैं। इससे साफ है कि सिद्धार्थ और कियारा बाकी स्टार कपल्स की तरह अपनी बेटी को लाइमलाइट से दूर रखना चाहते हैं।

# उर्फी का कमाल, अब दो नहीं बल्कि चार हाथों से की ये कलाकारी



उर्फी जावेद इंटरनेट की दुनिया का काफी चर्चित नाम हैं। अक्सर उर्फी अपने आउटफिट में क्रिएटिव बदलाव करती रहती हैं, जिस वजह से वह सोशल मीडिया पर छाईं रहती हैं। अब एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें इंफ्लुएंसर उर्फी का अतरंगा अंदाज देखा जा सकता है। चलिए जानते हैं उर्फी के इस नए क्रिएटिव माइंड के बारे में।

**चार हाथों वाली उर्फी जावेद**

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें इंफ्लुएंसर उर्फी जावेद एक ब्लैक कलर की आउटफिट पहने नजर आ रही हैं। ये आउटफिट प्लास्टिक का बना है, जिस पर दो हाथ भी हैं। इंफ्लुएंसर की टीम ने ये अनोखा ड्रेस तैयार किया है। वीडियो में एक जगह उर्फी खुद को संभाल नहीं पाती हैं और किसी तरह गिरते-गिरते बचती हैं। वायरल वीडियो में उन्हें पैप्स से बाते करते और फोटोज क्लिक कराते देखा जा सकता है।



**नेटिजंस ने ड्रेस की तारीफ की**

वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने लिखा, 'उनकी क्रिएटिविटी टीम शानदार है और वह उसे शानदार तरीके से प्रेजेंट करती हैं, यही उर्फी की सपोर्टिंग स्पिरिट है।' दूसरे यूजर ने हंसते हुए लिखा कि ये क्या पहन ली हो। वहीं एक यूजर ने मजाक में लिखा कि उर्फी के चार-चार हाथ हैं। इसके अलावा अन्य यूजर्स इंफ्लुएंसर की क्रिएटिवटी को शानदार बता रहे हैं।

**एक नजर उर्फी जावेद के करियर पर**

उर्फी जावेद ने इंफ्लुएंसर के तौर पर काफी पहचान बनाई है। हाल ही में उर्फी जावेद करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' में शामिल हुईं थीं और विजेता भी बनी थीं। इसके अलावा उर्फी अपने क्रिएटिव आउटफिट के लिए जानी जाती हैं। आपको बताते चलें कि उर्फी के इन रचनात्मक आइडियाज के पीछे एक पूरी टीम काम करती है।

# क्या शाहरुख को शूटिंग के दौरान लगी चोट?



अभिनेता शाहरुख खान के चोटिल होने की खबरें सामने आईं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि एक्टर अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग के दौरान घायल हो गए। कहा गया कि यह हादसा मुंबई के गोल्डन टोबैको स्टूडियो में एक एक्शन सीन की शूटिंग के दौरान हुआ, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अमेरिका ले जाया गया। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया कि फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है और अब अगला शेड्यूल सितंबर या अक्टूबर में शुरू होगा।

हालांकि, इस खबर को लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। न ही शाहरुख खान और न ही फिल्म से जुड़ी टीम ने इस पर कोई बयान दिया है।

**फिल्म से जुड़े सूत्र ने दी जानकारी**

इसी बीच अमर उजाला ने फिल्म 'किंग' से जुड़े एक सूत्र से जानकारी हासिल की, जिसने इन दावों को गलत बताया। सूत्र ने कहा, 'किसी को कोई चोट नहीं लगी। यह सब झूठ है। पता नहीं लोग बिना कन्फर्म किए कैसे ऐसी चीजें फैला रहे हैं।'

हमने 24 जून को शूट खत्म कर दिया था

उन्होंने आगे बताया, 'उस स्टूडियो में शूटिंग खत्म किए अब एक महीने से ऊपर हो चुका है। फिल्म की शूटिंग बढ़िया तरीके से हुई थी। कहीं किसी को कोई परेशानी नहीं हुई न कोई चोट आई। हमने वहां 29 मई से 12 जून तक शूट किया और इसके बाद टीम महबूब स्टूडियो शिफ्ट हुई, जहां 24 जून को शूटिंग का आखिरी दिन

**'किंग' के सेट पर तो कुछ नहीं**

जब हमने सूत्र से पूछा कि कहीं नहीं कि शाहरुख को किसी के सेट पर चोट लगी हो? तो कहा, 'अगर शाहरुख को वाकई चोट लगी भी है, तो वो फिल्म के सेट पर तो नहीं लगी है। गोल्डन टोबैको स्टूडियो बिल्कुल भी नहीं। इस फिल्म के सेट पर तो अब तक कुछ नहीं हुआ है।'

# 'परिवार के साथ थिएटर जाना महंगा सौदा'



अभिनेता पंकज त्रिपाठी की गिनती इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकारों में होती है। हाल ही में आई अनुराग बसु की 'मेट्रो इन दिनों' में एक बार फिर उन्होंने अपने अभिनय से सबको प्रभावित किया था। 'मेट्रो इन दिनों' अच्छे रिव्यू के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। अब अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के लिए महंगे टिकट प्राइस को जिम्मेदार ठहराया है।

**महंगे टिकट हैं एक बाधा**

हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में पंकज त्रिपाठी ने दर्शकों के सिनेमाघरों में न पहुंचने पर प्रतिक्रिया दी है। अभिनेता ने कहा कि इस मामले में टिकट की कीमतें एक मुद्दा हैं और उसकी भी एक भूमिका है। अगर आज किसी परिवार को थिएटर जाना पड़े, तो यह बहुत महंगा सौदा है। टिकट की कीमतें और वहां परोसा जाने वाला खाना बहुत महंगा है। हालांकि, ये बिजनेस का खेल मेरी समझ से बाहर है। लेकिन हां, मुझे लगता है कि फिल्म के टिकट बहुत महंगे हैं और यह निश्चित रूप से एक बाधा है।

**मंगलवार और नेशनल सिनेमा डे पर बढ़ जाती है दर्शकों की संख्या**

पंकज त्रिपाठी ने आगे कहा कि सिर्फ मंगलवार या नेशनल सिनेमा डे पर जब टिकट की कीमतें कम होती हैं, तो सिनेमाघरों में दर्शकों की संख्या बढ़ जाती है। इसलिए अगर टिकट की कीमतें सही होंगी, तो दर्शकों की संख्या निश्चित रूप से बढ़ेगी। एक परिवार के लिए 2 हजार रुपए खर्च करके और पांच घंटे का समय निकालना, जिसमें आना-जाना भी शामिल है। ये आसान बात नहीं है। 2 हजार कोई बहुत छोटी रकम नहीं है।

**'मेट्रो इन दिनों' में नजर आए थे पंकज**

वर्क फ्रंट की बात करें तो पंकज त्रिपाठी हाल ही में 'मेट्रो इन दिनों' में नजर आए थे। फिल्म में उनके काम की तारीफ भी हुई थी। इसके अलावा वो अपनी पॉपुलर वेब सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस सीजन 4' में एक बार फिर वकील माधव मिश्रा के किरदार में दिखे थे। दोनों ही कामों की तारीफ हुई थी।

# हार्दिक पांड्या और जैस्मिन वालिया का टूटा रिश्ता?

भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या और ब्रिटिश-इंडियन सिंगर जैस्मिन वालिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं, हालांकि इस बार दोनों के ब्रेकअप की अटकलें लगाई जा रही हैं। दोनों ने हाल ही में एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है, जिससे इनके रिश्ते को लेकर नए कयास लगाए

**हार्दिक-जैस्मिन ने किया अनफॉलो**

हार्दिक और जैस्मिन के बीच लंबे समय से अफवाहें चल रही थीं कि वे एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि, दोनों ने कभी इस रिश्ते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया। सोशल मीडिया पर कभी साथ में देखे गए पोस्ट इनके बीच की नजदीकियों का संकेत दे रहे थे। लेकिन अब जब दोनों ने एक-दूसरे को इंस्टाग्राम से हटा दिया है, तो ये चर्चा तेज हो गई है कि क्या उनका ब्रेकअप हो गया है?

**दोनों की डेटिंग अफवाहें कैसे शुरू हुईं?**

दरअसल, आईपीएल के दौरान जैस्मिन को अक्सर मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान हार्दिक को सपोर्ट करते देखा गया था। इसके अलावा उन्हें मुंबई इंडियंस की बस में भी सवार होते हुए देखा गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक जैस्मिन उसी बस में सवार हुईं, जो खिलाड़ियों के परिवार, उनकी गर्लफ्रेंड या पत्नी और पारिवारिक सदस्यों के लिए होती है।



**कौन हैं जैस्मिन वालिया?**

जैस्मिन वालिया एक जानी-मानी सिंगर और टेलीविजन पर्सनैलिटी हैं। उन्होंने अंग्रेजी, पंजाबी और हिंदी जैसी कई भाषाओं में गाने गाकर अपनी खास पहचान बनाई है। उनके संगीत ने खासकर दक्षिण एशियाई म्यूजिक इंडस्ट्री में उन्हें अलग मुकाम दिलाया है। साल 2017 में जब उन्होंने 'बॉम डिगी' नामक गाना रिलीज किया, तब से उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ने लगी। ये गाना उन्होंने ब्रिटिश-पाकिस्तानी सिंगर और सॉन्गराइटर जैक नाइट के साथ मिलकर पेश किया था। 'बॉम डिगी' को मिली भारी सफलता ने जैस्मिन को संगीत की दुनिया में एक उभरते सितारे के रूप में स्थापित कर दिया।



# प्रमोशन का हिस्सा थी आशीष चंचलानी की पोस्ट

## एली अवराम और आशीष चंचलानी का गाना रिलीज

पिछले दिनों यूट्यूबर आशीष चंचलानी ने अभिनेत्री एली अवराम के साथ एक रोमांटिक फोटो शेयर की थी साथ में कैप्शन में फाइनली लिखा था। इसके बाद दोनों के अफेयर की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। कई लोगों ने दोनों को बधाई भी दे दी थी। लेकिन अब इस पोस्ट की सच्चाई सामने आ गई है और दोनों का नया गाना रिलीज हुआ है। जिससे पता चलता है कि आशीष की पोस्ट प्रमोशन का हिस्सा थी।

**रोमांटिक सॉन्ग 'चंदनिया' हुई रिलीज**

आशीष चंचलानी की एली अवराम के साथ रोमांटिक पोस्ट उनके अफेयर की कंफर्मेशन नहीं बल्कि उनके नए गाने 'चंदनिया' के प्रमोशन का हिस्सा मात्र थी। आज एली अवराम और आशीष चंचलानी का नया गाना रिलीज हो गया है। 'चंदनिया' नाम का ये गाना एक रोमांटिक सॉन्ग है, जिसमें एली और आशीष रोमांस करते नजर आ रहे हैं। इस गाने के रिलीज होते ही ये साफ हो गया है कि आशीष इस गाने का प्रमोशन कर रहे थे और वो फोटो भी इस गाने का ही एक हिस्सा मात्र थी।

**नेटिजेंस ने किया ट्रोल**

इस गाने के रिलीज होते ही लोग आशीष चंचलानी पर भड़क उठे और उन्हें ट्रोल करने लगे। क्योंकि लोगों को ये पता चल गया कि आशीष का वो पोस्ट सिर्फ एक प्रमोशन था। लोगों ने आशीष चंचलानी को ट्रोल करना शुरू कर दिया। कुछ नेटिजेंस ने कमेंट करते हुए लिखा कि चूना लगा दिया। तो कुछ ने कहा कि ये मार्केटिंग का तरीका है। सिर्फ हाइप बनाने के लिए।



जा रहे हैं।